414. श्री अशोक कुमार, कमांडेंट, 97 बटालियन, सांबा, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

415. श्री मदन लाल, कमांडेंट, 80 बटालियन, सुदरबनी (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

416. श्री गेन्तीनलाल, कमांडेंट, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र, चूड़ाचांद पुर, मणिपुर, सीमा सुरक्षा बल।

417. श्री च्यवन प्रकाश मीणा, कमांडेंट 70 बटालियन, अमृतसर (पंजाब), सीमा सुरक्षा बल।

418. श्री विजय सिंह डोगरा, कमांडेंट (डीएंडएल)/एलओ ग्रेड-।, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

419. डॉ. असीत बरन दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी), फ्रंटियर मुख्यालय, त्रिपुरा, सीमा सुरक्षा बल।

420. श्री एस. मोहनन, उप कमांडेंट, सेक्टर मुख्यालय, त्रिवेन्द्रम, केरल, सीमा सुरक्षा बल।

421. श्री जगदीश प्रसाद श्रीवाश, उप कमांडेंट, एसटीएस, टिगरी, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

422. श्री प्रभात कुमार भटनागर, उप कमांडेंट, महानिदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

423. श्री विनोद कुमार लंगू, उप कमांडेंट, 18 बटालियन, मोहुरा (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

424. श्री नाथू बिनहा, उप कमांडेंट, टीसी एंड एस, हजारीबाग, झारखंड, सीमा सुरक्षा बल।

425. श्री के. सुब्रमणियन, उप कमांडेंट, 35 बटालियन, रानीनगर (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल।

426. श्री कैलाश चन्द्र देवली, उप कमांडेंट, 34 बटालियन, गोपालपुर (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल।

427. श्री कमला पति, उप कमांडेंट, 194 बटालियन, जैसलमेर (राजस्थान), सीमा सुरक्षा बल।

428. श्री राम पाल डागर, उप कमांडेंट, 172 बटालियन, खजुवाला (राजस्थान), सीमा सुरक्षा बल।

429. श्री रणधीर सिंह, उप कमांडेंट, 28 बटालियन, रायगंज, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल।

430. श्री कुलदीप सिंह विरक, उप कमांडेंट, 191 बटालियन, खेमकरन (पंजाब), सीमा सुरक्षा बल।

431. श्री प्रमोद कुमार भंडारी, सहायक कमांडेंट, 70 बटालियन, अजनाला (पंजाब), सीमा सुरक्षा बल।

432. श्रीमती सुशीला खन्ना, प्रशासनिक अधिकारी, महानिदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

433. श्री बी डी भगत, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), फ्रंटियर मुख्यालय, बंगलौर, सीमा सुरक्षा बल।

434. श्री विश्वनाथन पिल्लै आर, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), फ्रंटियर मुख्यालय एम एंड सी, मासिमपुर (असम), सीमा सुरक्षा बल।

435. श्री दिलजिन्दर सिंह पठानिया, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), महानिदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

436. श्री लक्ष्मण यादव, निरीक्षक (जीडी), महानिदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

437. श्री निर्मल सिंह, निरीक्षक (जीडी), दांतीवाड़ा, गुजरात, सीमा सुरक्षा बल।

438. श्री अजय वीर सिंह, निरीक्षक (जीडी), 1022 आर्टलरी रेजिमेंट, फरीदकोट (पंजाब), सीमा सुरक्षा बल।

439. श्री मोती राम, निरीक्षक (जीडी), 192 बटालियन, जम्मू, (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

440. श्री जीब नाथ झा, निरीक्षक (जीडी), सेक्टर मुख्यालय, सिल्चर (असम), सीमा सुरक्षा बल।

441. श्री राजेन्द्र यादव, निरीक्षक (जीडी), 31 बटालियन, मालदा (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल।

442. श्री बलबीर सिंह, निरीक्षक (जीडी), 33 बटालियन सीमा सुरक्षा बल, अखनूर, सीमा सुरक्षा बल।

443. श्री राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, निरीक्षक (जीडी), 82 बटालियन, नारायणपुर, मालदा (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल।

444. श्री सूरज सिंह यादव, निरीक्षक (जीडी), 16 बटालियन, हंदवाड़ा (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

445. श्री सुनील कुमार रावत, निरीक्षक (अनुसचिवीय), महानिदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

446. श्री अनूप सिंह, निरीक्षक (तकनीकी), एसआरओ, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।

447. श्री नरेन्द्र सिंह सेंगर, उप निरीक्षक (जीडी), सेंट्रल प्रिंटिंग प्रेस, टेकननुर (मध्य प्रदेश), सीमा सुरक्षा बल।

448. श्री जय प्रकाश पाण्डेय, उप निरीक्षक (जीडी), 100 बटालियन, कुपवाड़ा (जम्मू एवं कश्मीर), सीमा सुरक्षा बल।

449. श्री चन्द्रन परमेश्वरन पिल्लई, उप निरीक्षक (साइफर), 21 बटालियन, गोपालपुर, कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), सीमा सुरक्षा बल।

450. श्री मनीष कुमार सिन्हा, उप महानिरीक्षक, बीएस एंड एफसी, बंगलौर, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

451. सुश्री लता मनोज कुमार, उप महानिरीक्षक, एससी । नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

452. उमेश चन्द्र दत्ता, उप महानिरीक्षक, एससी ।।। नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

453. श्री वी चन्द्रशेखर, उप महानिरीक्षक एसीबी, हैदराबाद, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

454. श्री शाह नवाज खान, अपर पुलिस अधीक्षक, ईओ ।।। नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

455. श्री एन आर ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी, शिमला, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

456. श्री एम तमांग, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी, गुवाहाटी, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

457. श्री आलोक कुमार, उप पुलिस अधीक्षक, पॉलिसी प्रभाग, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

458. श्री राम प्रकाश शर्मा, निरीक्षक, एससी ।।।, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

459. श्री डी जे बाजपेयी, निरीक्षक, बीएस एंड एफसी, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

460. श्री अरूण कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक, एसीबी, लखनऊ, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

461. श्री वासन सिंह, सहायक उप निरीक्षक, एसीबी, चंडीगढ़, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

462. श्री राजेश्वर सिंह राणा, सहायक उप निरीक्षक, आईपीसीसी, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

463. श्री पेरूमल रामकृष्णन, सहायक उप निरीक्षक, ईओडब्ल्यू, चेन्नई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

464. श्री नरपत सिंह, हेड कांस्टेबल, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

465. श्री सुभाष चंद्र, हेड कांस्टेबल, एमडीएमए, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

466. श्रीमती चंपा देवी, कांस्टेबल, एसीबी, दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

467. श्री राजेन्द्र सिंह, कार्यालय अधीक्षक, एसयू, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

468. श्री अर्जुन प्रसाद, अपराध सहायक, एसीबी, पटना, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

469. श्री राजकुमार, कांस्टेबल, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

470. श्री सौगाता राय, उप महानिरीक्षक, यूनिट आईएसपी, बर्नपुर, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

471. श्री मटेटी नंदन, उप महानिरीक्षक, सीसीएल मुख्यालय, रांची, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

472. श्री योगेश मेहता, वरिष्ठ कमांडेंट, यूनिट ओटीएचवीपी, ओबरा, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

473. श्रीमती हरप्रीत कौर, वरिष्ठ कमांडेंट, मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

474. डॉ. अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ कमांडेंट, यूनिट बीआईओएम, बचेली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

475. श्री शिव कुमार मोहनका, वरिष्ठ कमांडेंट, यूनिट सीएसआईए, मुम्बई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

476. श्री मनदीश सिंह साही, उप कमांडेंट, यूनिट पीएचसीएस, चंडीगढ़, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

477. श्री अशोक कुमार पात्रो, सहायक कमांडेंट, यूनिट सीएसआईए, मुम्बई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

478. श्री गिरीश चन्द्र उनियाल, सहायक कमांडेंट (जेएओ), मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

479. श्री राज कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट (जेएओ), यूनिट सीजीबीएस, दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

480. श्री राम फल, निरीक्षक (अनुसचिवीय), यूनिट डीएमआरसी, दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

481. श्री एम सी जनार्दन, निरीक्षक (अनुसचिवीय), आरटीसी, अरक्कोनम, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

482. श्री एम अंगू, उप निरीक्षक (अनुसचिवीय), एसजेड मुख्यालय, चेन्नई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

483. श्री भाष्कर नंद, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट बीएचईएल, हरिद्वार, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

484. श्री लक्षमन गोगोई, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट डीएसपी, दुर्गापुर, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

485. श्री उत्तम कुमार गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट डीएसपी दुर्गापुर, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

486. श्री एम वेंकटरामा पिल्लै, सहायक उप निरीक्षक, एसजेड मुख्यालय, चेन्नई, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

487. श्री के के प्रभाकरन, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट वीएसएससी, थुम्बा, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

488. श्री जे चन्द्रा कलाधर राव, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट एसडीएससी, सहार, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

489. श्री प्रभात कुमार जाना, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट आईएसपी, बर्नपुर, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

490. श्री श्याम सुन्दर सोम, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट ओएनजीसी, नाजिरा, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

491. श्री तपन कुमार माजी, सहायक उप निरीक्षक, यूनिट बीआरबीएनएमएल, सलबोनी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

492. श्री मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल, मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

493. श्री सत्यापाल, कांस्टेबल (स्वीपर), मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

494. श्री प्रेमवीर सिंह राजोरा, उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

495. श्री संजय यादव, उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

496. श्री राजेश कुमार यादव, उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

497. श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

498. डॉ. (श्रीमती) रंजीता कार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी), 232 बटालियन, जीसी-।।, अजमेर, राजस्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

499. श्री संजीव कुमार, कमांडेंट, जीसी, बेंगलुरू, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

500. श्री राकेश सेठी, कमांडेंट, 120 बटालियन, तुरा, मेघालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

501. श्री जगदीश नारायण मीणा, कमांडेंट, बारामूला, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

502. श्री मदन कुमार, कमांडेंट, 128 बटालियन, नूनमती, कामरूप, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

503. श्री अनिल कुमार चतुर्वेदी, कमांडेंट, सीआईएटी, सिल्चर, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

504. श्री अजय कुमार सिंह, कमांडेंट, 65 बटालियन, बड़ोदरा कैम्पस, रायपुर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

505. श्री अरविंद राय, कमांडेंट, हुमहामा, बड़गांम, जम्मू एवं कश्मीर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

506. श्री गुलाब सिंह, सेकन्ड इन कमांड, शोपियाँ, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

507. श्री ललित कुमार वर्मा, सेकन्ड इन कमांड, बड़गाम, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

508. श्री देव शंकर मिश्रा, सेकन्ड इन कमांड, बवाना, दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

509. श्री हरिन्द्र कुमार, सेकन्ड इन कमांड, बवाना, दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

510. श्री ओम प्रकाश टोकस, सेकन्ड इन कमांड, नलबाड़ी, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

511. श्री बजरंग लाल, सेकन्ड इन कमांड, पुलवांमा, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

512. श्री जितेन्द्र सिंह राठौड़, सेकन्ड इन कमांड, अजमेर, राजस्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

513. श्री विद्याधर, सेकन्ड इन कमांड, खम्माम, तेलंगाना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

514. श्री रमाकांत पाण्डा, सेकन्ड इन कमांड, इम्फाल, मणिपुर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

515. श्री लक्ष्मण राम शर्मा, उप कमांडेंट, अजमेर, राजस्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

516. श्री कैलाश चंद, उप कमांडेंट, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

517. श्री बृजपाल सिंह चौहान, उप कमांडेंट, बारपेटा, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

518. श्री महेन्द्र सिंह यादव, सहायक कमांडेंट, हैदराबाद, तेलंगाना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

519. श्री दयाराम, निरीक्षक/जीडी, गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

520. श्री मोहन सिंह संबयाल, निरीक्षक/जीडी, जमुई, बिहार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

521. श्री कृष्ण चन्द्र शर्मा, निरीक्षक/जीडी, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

522. श्री रमेश चन्द, निरीक्षक/जीडी, अनंतनाग, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

523. श्री गुणवंत रामचन्द्र कापसे, निरीक्षक/जीडी, अगरतला, त्रिपुरा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

524. श्री अक्षय कुमार मलिक, निरीक्षक/जीडी, भुवनेश्वर, ओडिशा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

525. श्री वीरेन्द्र सिंह, निरीक्षक/जीडी, पुलवामा, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

526. श्री मकसूद हुसैन साहू, निरीक्षक/जीडी, गढ़चिरोली, महाराष्ट्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

527. श्री दिग्विजय सिंह, निरीक्षक/जीडी, कोंडागांव, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

528. श्री सौकार सिंह रावत, निरीक्षक/जीडी, आईएसए माउंट आबू, राजस्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

529. श्री सतबीर सिंह, निरीक्षक/जीडी, नागांव, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

530. श्री वीरेन्द्र सिंह, निरीक्षक/जीडी, जिरानिया, त्रिपुरा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

531. श्री अनवर अहमद, निरीक्षक/जीडी, बीजापुर, छत्तीसगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

532. श्री लीला राम, निरीक्षक/जीडी, पहलगाम, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

533. श्री तारा चंद, उप निरीक्षक/जीडी, अगरतला, त्रिपुरा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

534. श्री जय सिंह, सहायक उप निरीक्षक/जीडी, मथुरा, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

535. श्री शिवाजी पासवान, सहायक उप निरीक्षक/जीडी, पलामू, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

536. श्री निर्मल सिंह, सहायक उप निरीक्षक/जीडी, लातेहर, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

537. श्री महेश कुमार, हेड कांस्टेबल/जीडी, लातेहर, झारखंड, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

538. श्री गोविंद सिंह रावत, कांस्टेबल/जीडी, सोनीपत, हरियाणा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

539. श्री गुलाम मोहम्मद खान, कांस्टेबल/जीडी, बारामूला, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

540. श्री राम नरेश, निरीक्षक/आरमरर, खटखटी, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

541. श्री सत्यबीर, निरीक्षक/आरओ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

542. श्री कृष्ण कुमार आहूजा, निरीक्षक (तकनीकी), चंडीगढ़, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

543. श्री कश्मीर चंद, निरीक्षक (बैंड), जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

544. श्री एस समद्दार, हेड कांस्टेबल (कारपेंटर) बारपेटा, असम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

545. श्री मोहम्मद नजीर अहमद, उप निरीक्षक (मोटर परिवहन), महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

546. श्री कुलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल (चालक), जालंधर पंजाब, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

547. श्री राम ब्यास राय, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

548. श्री चरणजीत सिंह, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), जीसी, जालंधर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

549. श्री मोहन लाल शर्मा, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

550. श्री संतोष कुमार मरार, सहायक कमांडेंट (पीएस), महानिदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

551. श्रीमती आई बी रानी, उप निदेशक, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

552. श्री गणेश कुमार, उप निदेशक, एफएफआरओ, बंगलौर, गृह मंत्रालय।

553. श्री स्वयं प्रकाश पाणि, उप निदेशक, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

554. श्री तरूण कुमार, उप निदेशक, देहरादून, गृह मंत्रालय।

555. श्रीमती असवटी जी दोरजे, उप निदेशक, एफआरआरओ, मुम्बई, गृह मंत्रालय।

556. श्री राजीव कुमार झा, जेडीडी, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

557. श्री बीरेन्द्र कुमार मैथिल, सहायक निदेशक, डीआरटीसी, शिवपुरी, गृह मंत्रालय।

558. श्री पी. के. इस्सर, सहायक निदेशक, अहमदाबाद, गृह मंत्रालय।

559. श्री महिपाल सिंह राणावत, डीसीआईओ, जयपुर, गृह मंत्रालय।

560. श्री मनोज कुमार झा, डीसीआईओ, पटना, गृह मंत्रालय।

561. श्री केनीडोलहोलि, डीसीआईओ, कोहिमा, गृह मंत्रालय।

562. श्री श्रीधर पोखरियाल, डीसीआईओ, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

563. श्री ऋषि राज त्यागी, डीसीआईओ, मेरठ, गृह मंत्रालय।

564. श्री रवीन्द्र सिंह राणा, अनुभाग अधिकारी, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

565. श्री कौशिक चक्रवर्ती, अनुभाग अधिकारी, गृह मंत्रालय।

566. श्री कमल कांत, पीएस, रांची, गृह मंत्रालय।

567. श्री अजय कुमार खरे, एसीआईओ-।/डब्ल्यूटी, भोपाल, गृह मंत्रालय।

568. श्री रघुबंश मणि, एसीआईओ-।।/जी, दिल्ली, गृह मंत्रालय।

569. श्री अशोक कुमार लिधु, एसीआईओ-।।/जी, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

570. श्री राजन रामाकांत मुरंजन, एसीआईओ-।।/जी, मुम्बई, गृह मंत्रालय।

571. श्री सौमित्र सरकार, जेआईओ-।/जी, कोलकाता, गृह मंत्रालय।

572. श्री राकेश कुमार सिंह, जेआईओ-।/जी, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

573. श्री प्रयाथ शंकरन राजन, जेआईओ-।/जी, त्रिवेन्द्रम, गृह मंत्रालय।

574. श्री चिंताकुंता, सम्पत, जेआईओ-।/जी, हैदराबाद, गृह मंत्रालय।

575. श्री रणबीर सिंह कमांडेंट (जीडी), 14 बटालियन, जजर्देवाल, जिला पिथौरागढ़, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

576. श्री राजेन्द्र सिंह चंदेल, कमांडेंट (जीडी), 12 बटालियन, मतली, जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

577. श्री प्रभु नाथ प्रसाद, कमांडेंट (जीडी), 31 बटालियन, यूपिया, जिला पपुम्पारे, अरुणाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

578. श्री राजेश साहनी, सेकन्ड इन कमांड (जीडी), 10 बटालियन, किमिन, अरुणाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

579. श्री बिक्रम सिंह राणा, उप कमांडेंट (जीडी), प्रथम बटालियन, पोस्ट सुनील जोशीमठ, जिला चमोली, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

580. श्री निहाल सिंह भंडारी, उप कमांडेंट (जीडी), उत्तरी फ्रंटियर देहरादून, जिला देहरादून, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

581. श्री हरदीप सिंह, सहायक कमांडेंट, सेक्टर मुख्यालय, इटानगर, अरूणाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

582. श्री राजेन्द्रन नारायणन थनिक्का पिल्लिल, सहायक कमांडेंट (स्टाफ अधिकारी), महानिदेशालय, सीजीओ काम्पलेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

583. श्री राम प्रसाद, निरीक्षक (जी डी), 52 बटालियन, पोस्ट प्रतापनगर, जीटी रोड, नया अमृतसर, जिला अमृतसर, पंजाब, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

584. श्री सुन्दर लाल, निरीक्षक (जी डी), 32 बटालियन, महाराजपुर कैंप, पोस्ट सरसौल, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

585. श्री ओम प्रकाश, उप निरीक्षक (जी डी), 36 बटालियन, बाराकोट रोड, पोस्ट लोहाघाट, जिला चम्पावत, उत्तराखंड, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

586. श्री सब्बल सिंह, कांस्टेबल (वाटर कैरियर), सेक्टर मुख्यालय, इटानगर, अरुणाचल प्रदेश, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

587. श्री उम्माथिरेयन चन्द्रन, टीम कमांडर, बल मुख्यालय एनएसजी, मानेसर, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद।

588. श्री राजेश कुमार शर्मा, टीम कमांडर (एसओ/प्रशिक्षण), बल मुख्यालय एनएसजी, प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद।

589. डॉ. संजय कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक (वेटेनरी), बल मुख्यालय, नई दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल।

590. श्री मानवेन्द्र, कमांडेंट, 55 बटालियन, पिथौरागढ़, सशस्त्र सीमा बल।

591. श्री सुनील कुमार ध्यानी, कमांडेंट, बल मुख्यालय, नई दिल्ली, सशस्त्र सीमा बल।

592. श्री चिरंजीब भट्टाचार्जी, उप कमांडेंट, 54 बटालियन, बिजनी, सशस्त्र सीमा बल।

593. श्री नवांग ताशी, सहायक कमांडेंट, 38 बटालियन, तवांग, सशस्त्र सीमा बल।

594. श्री हरि ओम, सहायक कमांडेंट, एटीसी, सराहन, सशस्त्र सीमा बल।

595. श्री कारम सुरजा कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, 24 बटालियन, छत्तीसगढ़,सशस्त्र सीमा बल।

596. श्री अमिया कुमार नाथ, एरिया ऑर्गेनाइजर, बोगाइगांव, सशस्त्र सीमा बल।

597. श्रीमती सोनम युड्रोन, एरिया ऑर्गेनाइजर, सेक्टर मुख्यालय, गंगटोक, सशस्त्र सीमा बल।

598. श्री सर्वेश सिंह, निरीक्षक (जीडी), 54 बटालियन, बिजनी, असम, सशस्त्र सीमा बल।

599. श्री मुनीयाप्पन मुरुगन, उप निरीक्षक (मोटर परिवहन),बल मुख्यालय, नई दिल्ली,सशस्त्र सीमा बल।

600. श्रीमती शांति कुकरेती, एएफओ (डब्ल्यू आई), एसएसबी अकादमी, श्रीनगर,सशस्त्र सीमा बल।

601. श्री नरेश नौटियाल, एसओ-।, एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा समूह।

602. श्री पी सुरूलिअप्पन, एसएसए (मोटर परिवहन), एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष सुरक्षा समूह।

603. श्री संतोष चन्द्रोठ, एसएसए (परिवहन), एसपीजी मुख्यालय, नई दिल्ली, विशेष संरक्षा समूह।

604. श्री कुमुद डेका, हेड कांस्टेबल (जीडी), पूर्वोत्तर पुलिस अकादमी, उमसा, उमिअम, मेघालय, पूर्वोत्तर पुलिस अकादमी।

605. श्री पूर्ण बहादुर छेत्री, सहायक निदेशक, नई दिल्ली, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो।

606. श्री राम बिहारी सिंह, सांख्यिकीय अधिकारी, नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो।

607. श्री उन्नी पिल्लै, सहायक कमांडेंट, द्वितीय बटालियन, एनडीआरएफ, नदिया, पश्चिम बंगाल।

608. श्री प्रदीप कुमार पी के, निरीक्षक (अनुसचिवीय), एसवीपी एनपीए, हैदराबाद।

609. श्री पवन कुमार, हेड कांस्टेबल (जीडी), एसवीपी एनपीए, हैदराबाद।

610. श्री जसवंत सिंह, हेड कांस्टेबल (जीडी), एसवीपी एनपीए, हैदराबाद।

611. श्री शेख युसुफ, कांस्टेबल (जीडी), एसवीपी एनपीए, हैदराबाद।

612. श्री जी सी यादव, उप सचिव (पुलिस), नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।

613. सुश्री रेनु पुष्कर छिब्बर, उप महानिरीक्षक सह अपर मुख्य सुरक्षा आयुक्त, जयपुर, रेल मंत्रालय।

614. श्री शेर सिंह दहिया, डिवीजनल सुरक्षा आयुक्त, संबलपुर ईसीओआर, भुवनेश्वर, रेल मंत्रालय।

615. श्री गोल्लमुडि मधुसूदन राव, एएससी, रेल हील फैक्ट्री, येलहंका, बंगलौर, रेल मंत्रालय।

616. श्री अनुपम चक्रवर्ती, एएससी सह प्रिंसिपल टीसी, दोमोहनी, रेल मंत्रालय।

617. श्री कैलाश चन्द सुयाल, निरीक्षक, झांसी वर्कशाप, रेल मंत्रालय।

618. श्री प्रमोद कुमार, सोनी, हेड कांस्टेबल, कानपुर सेंट्रल, रेल मंत्रालय।

619. श्री प्रदीप कुमार, सहायक उप निरीक्षक, अंधेरी, रेल मंत्रालय।

620. श्री अमित कुमार शर्मा, निरीक्षक, सीआईबी, जालंधर रेलवे स्टेशन, रेल मंत्रालय।

621. श्री नरिन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक, मुक्तसर, रेल मंत्रालय।

622. श्री अरविंद कुमार तिवारी, सहायक उप निरीक्षक, लखनऊ, रेल मंत्रालय।

623. श्री सुमन चौधरी, निरीक्षक, आरपीएफ, पोस्ट हावड़ा, सेंट्रल पोस्ट, रेल मंत्रालय।

624. श्री सुदेश कुमार, उप निरीक्षक, 06 बटालियन, आरपीएसएफ डीबीएसआई, दिल्ली, रेल मंत्रालय।

625. श्री करुसना परनया हुरनॉडे, उप निरीक्षक, 02 बटालियन, आरपीएसएफ, गोरखपुर, रेल मंत्रालय।

626. श्री धर्मबीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक, 10 बटालियन, आरपीएसएफ, स्टेशन रोड धनबाद, रेल मंत्रालय।

627. श्री मोती बहादुर राणा, सहायक उप निरीक्षक (ग्रेड-I), 03 बटालियन, आरपीएसएफ, लखनऊ, रेल मंत्रालय।

628. श्री संतोष चन्द, टेलर ग्रेड-II, आरपीएफ सेंट्रल स्टोर डीबीएसआई, दिल्ली-35, रेल मंत्रालय।

2. ये पुरस्कार सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाले नियम के नियम 4 (ii) के अंतर्गत दिए जा रहे हैं।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 5 मई 2016

सं. 34-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	नितुल गोगोई, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02.	श्रीमती रोजी कलिता, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक),
03.	ज्योति प्रसाद हांडिक, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	बिपुल कुमार थापा, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	राजीब कुमार राभा, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.11.2013 को लगभग अपराह्न 3.30 बजे, मेघालय राज्य के रेसुबेलपाड़ा, नार्थ गारो हिल्स जिले के रेशम विकास अधिकारी श्री दिलीप दत्त मेधी का अपहरण राभा नेशनल लिबरेशन फ्रंट के संदिग्ध सशस्त्र काडरों द्वारा असम के ग्वालपाड़ा जिले के कृष्णाई पुलिस थाने के अंतर्गत चोटो मटिया गांव में कर लिया गया। इस मामले का संबंध, कृष्णाई पुलिस थाने में आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ख) क/27 के साथ पठित भारतीय दण्ड संहिता की धारा 365/34 के तहत मामला सं. 245/2013 से है।

दिनांक 24.11.2013 की शाम को लगभग 6 बजे श्री नितुल गोगोई, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, ग्वालपाड़ा को अपहरणकर्ताओं द्वारा अपहृत व्यक्ति श्री दिलीप दत्त, रेशम विकास अधिकारी, रेसुलबेलपाड़ा, नार्थ गारो हिल्स जिला, मेघालय को दुधनोई पुलिस थाने के अंतर्गत बोगुलामारी (मेघालय से लगा एक सीमावर्ती गांव) के निकट उनकी वर्तमान अवस्थिति से अज्ञात जगह पर ले जाने के बारे में सूचना प्राप्त हुई। जानकारी प्राप्त होने पर श्री नितुल गोगोई, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, ग्वालपाड़ा ने अभियान की योजना बनाई क्योंकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और सेना को बुलाने का समय नहीं रह गया था। उनके पास उस समय जो पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे, वे श्रीमती रोजी कलिता, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, एबीसी बिपुल कुमार थापा, एबीसी हियामोय राभा, एबीसी राजीब कुमार राभा, यूबीसी निरोद तालुकदार थे। अभियान दल को बाहरी घेरे तथा अंदरूनी घेरे के रूप में दो भागों में विभाजित किया गया क्योंकि आसूचना संबंधी जानकारी में यह एकदम स्पष्ट था कि अपराधियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को ऑटो रिक्शा में ले जाया जा रहा है। बाहरी घेरे वाले दल को बोगुलामारी गांव से मेघालय राज्य के एक गांव की तरफ जाने वाले मार्गों पर निगरानी हेतु भेजा गया। अंदरूनी घेरे वाले दल में श्री नितुल गोगोई, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, ग्वालपाड़ा, श्रीमती रोजी कलिता, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ग्वालपाड़ा, उप निरीक्षक (यूबी) ज्योति प्रसाद हांडिक, एबीसी बिपुल कुमार थापा, एबीसी राजीब कुमार राभा शामिल थे और उन्होंने गांव के रास्ते से वाहनों के आने का इंतजार किया। चूंकि वह स्थान बोगुलामारी एल.पी. स्कूल के पास एक एकांत स्थान था, इसलिए शाम 7 बजे तक वाहनों की कोई आवाजाही नहीं हुई। शाम 7 बजे के चंद मिनटों के बाद एक ऑटो रिक्शा गांव की सड़क से बोगुलामारी एल.पी. स्कूल की तरफ आते दिखा। अंदरूनी घेरे वाला दल ने ऑटो रिक्शा रोका जिसके अंदर 7 (सात) व्यक्ति मौजूद थे। जब श्री नितुल गोगोई, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, ग्वालपाड़ा ने ऑटो रिक्शा के अंदर मौजूद व्यक्तियों से पहचान बताने के लिए कहा, तब उनमें से एक ने अपना परिचय दिलीप के रूप में दिया, जो कृशकाय और वाहन में बैठे बाकी लोगों से अधिक उम्र का दिख रहा था। अचानक रोजी कलिता, एपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ग्वालपाड़ा ने यह भांपते हुए कि कृशकाय और बूढ़ा दिखने वाला यह व्यक्ति अपहृत पीड़ित दिलीप दत्त मेधी है, अपनी जान की परवाह न करते हुए उसे ऑटो रिक्शा से बाहर खींचा। इस पर आर एन एल एफ काडरों ने एक ग्रेनेड फेंका और वाहन से नीचे उतर कर पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आर एन एल एफ के दो काडर, जो ऑटो रिक्शा के दोनों दरवाजों की ओर बैठे थे, अंधेरे और स्थलाकृति का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। श्री नितुल गोगोई, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, ग्वालपाड़ा ने तत्काल अपनी जान की परवाह किए बिना तथा अपहृत व्यक्ति और अपने अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों की जान बचाने के लिए सभी प्रकार का जोखिम उठाते हुए जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी तथा वहां उपस्थित अधिकारियों को उनका जवाब देने का आदेश दिया। अधिकारियों ने, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को बिल्कुल ताक पर रखकर, धैर्य और जबरदस्त साहस का प्रदर्शन करते हुए काडरों पर गोलियां चलाईं क्योंकि पोजिशन लेने तथा नियंत्रित तरीके से गोली चलाने के लिए समय नहीं बचा था।

जब ग्रेनेडों का फेंका जाना तथा गोलीबारी रूकी, तब पुलिस दल ने अभियान-स्थल की तलाशी ली। तलाशी के दौरान गोलियां लगने से घायल हुए 4 (चार) व्यक्ति गिरे हुए पाए गए और तत्काल एंबुलेंस बुलाई गई ताकि उन्हें वहां से निकालकर निकटतम अस्पताल में पहुंचाया जा सके। अभियान-स्थल के साथ-साथ ऑटो रिक्शा की भी अच्छी प्रकार से तलाशी की गई और वहां निम्नलिखित सामान बरामद हुए:-

1. (एक) कार्बाइन
2. (एक) .38 रिवाल्वर
3. (तीन) .38 कैलिबर के जिंदा कारतूस
4. (चार) 9 मिमी कैलिबर के जिंदा कारतूस

5. (दो) जिंदा हैंड ग्रेनेड

6. (एक) मैगजीन

7. कंबल

8. मोबाइल फोन

9. सिम कार्ड

अस्पताल में, उपचार कर रहे चिकित्सकों ने घायलों को मृत घोषित कर दिया। बाद में, मृतकों की पहचान उनके संबंधियों द्वारा जगदीश राभा, शिबचरण राभा, रंजन राभा, ज्योधना राभा के रूप में की गई। उनकी पहचान आर एन एल एफ के दुर्दांत काडरों के रूप में की गई जो पहले से जिला विशेष शाखा कार्यालय, ग्वालपाड़ा में आरएनएलएफ काडरों की सूची में शामिल थे।

यह उल्लेखनीय है कि पूरा अभियान साहस का दुर्लभ प्रदर्शन था, जिसमें स्वयं की जानों को जोखिम में डालकर, स्वयं को तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को बिना किसी क्षति के एक सुनियोजित तरीके से अपहृत पीड़ित को बेदाग छुड़ाने तथा अपहरणकर्ताओं का अंत करने में असाधारण शौर्य का परिचय दिया गया।

पुलिस दल द्वारा शौर्यपूर्ण कार्रवाई के इस दुर्लभ प्रदर्शन से पीड़ित श्री दिलीप दत्त मेधी और सभी पुलिस कर्मियों के प्राणों की रक्षा हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नितुल गोगोई, पुलिस अधीक्षक, श्रीमती रोजी कलिता, अपर पुलिस अधीक्षक, ज्योति प्रसाद हांडिक, उप निरीक्षक, बिपुल कुमार थापा, कांस्टेबल और राजीब कुमार राभा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का द्वितीय बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 35-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	अनुपम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	सुरेन्द्र कुमार सिंह, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
05.	संजय कुमार सिंह, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 30.03.2014 को मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना को एक गुप्त सूचना मिली कि अपराधियों के एक पूरे सशस्त्र गैंग ने मनेर पुलिस थाना (पटना जिला) के अंतर्गत सुदूर दियारा क्षेत्र लोदीपुर वयापुर में आतंक का माहौल कायम किया हुआ है। यह गैंग बालू व्यापारियों और किसानों से रंगदारी की बलपूर्वक उगाही, हत्या, अपहरण, डकैती आदि जैसे अनेक जघन्य और सनसनीखेज़ अपराधों में संलिप्त था। उन्होंने एक दल-विशेष के पक्ष में आगामी लोक सभा निर्वाचन 2014 में दियारा क्षेत्र में बूथों पर कब्जा करने का षडयंत्र रचा हुआ था।

मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना के नेतृत्व में जयंत कांत, नगर पुलिस अधीक्षक, पटना, अनुपम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) पटना, पुलिस उप-निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह तथा पटना जिला पुलिस बल के कांस्टेबलों के एक पुलिस दल ने लंबी और कठिन क्षेत्र की दूरी पैदल तय करने में शामिल जोखिम से बिना भयभीत हुए, अंधेरी रात में गहरी गंगा नदी को पार किया तथा सुबह लगभग 03:30 बजे अपराधियों के अड्डे पर पहुंच गया। दियारा क्षेत्र की स्थलाकृति का आकलन करने के पश्चात्, मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना ने पुलिस दल को तीन दलों में विभाजित किया और क्रमश: पहले दल का नेतृत्व उन्होंने स्वयं संभाला, दूसरे दल का नेतृत्व जयंत कांत, नगर पुलिस अधीक्षक, पटना को तथा तीसरे दल की कमान अनुपम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) पटना को सौंपी तथा उन्हें अलग-अलग दिशाओं में जाने का आदेश दिया। अपराधियों के अड्डे को घेर लिया गया और इस काम को बखूबी अंजाम दिया गया। अपराधियों से लगातार कहा गया कि वे अपने हथियारों को छोड़ दें तथा आत्मसमर्पण कर दें। चेतावनियों को नज़रअंदाज करते हुए अपराधियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करनी आरंभ कर दी और गोलियां पुलिस दलों के चारों ओर दनादन बरसने लगीं। बालू के मोर्चों के पीछे मोर्चाबंदी कर चुके अपराधी इस गोलीबारी में लाभ की स्थिति में थे जबकि पुलिस दलों को समतल बालू पर इस गोलीबारी से स्वयं को बचाने के लिए विवश होना पड़ रहा था। भयभीत होने वाली स्थिति में पाकर मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना ने पुलिस दलों को घुटने के बल आगे बढ़ते हुए गोलियां चलाने के लिए कहा। यह गोलीबारी ढाई घंटे तक जारी रही। अपराधियों ने सैकड़ों राउंड गोलियां चलाईं जबकि पुलिस ने अपराधियों को मारने का नहीं बल्कि पुलिस के समक्ष उनके द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए दबाव डालने हेतु केवल 48 राउंड गोलियां चलाई ताकि उनके गैंगों की जड़ का असली पता लगाने के लिए उनसे आगे पूछ-ताछ की जा सके। अपराधियों के इन अत्यधिक हिंसक, अन्धाधुन्ध और प्राणघातक हमलों की जवाबी कार्रवाई ने उन्हें कठिन स्थिति में ला खड़ा किया और वे वापस हटने तथा भाग निकलने के लिए मजबूर हो गए, अपनी जान को जबरदस्त जोखिम होने के बावजूद पुलिस दल के सदस्यों ने भाग रहे अपराधियों का तेजी से पीछा किया तथा उनमें से 9 अपराधियों को उनके हथियारों और गोलाबारुद एवं नकद धनराशि सहित पकड़ लिया। एक अपराधी को तब गिरफ्तार किया गया जब वह अपनी एके-47 गंगा नदी में फेंक पानी में तैरकर भागने का प्रयास कर रहा था।

गिरफ्तार व्यक्तियों से की गई पूछ-ताछ और उनकी स्वीकारोक्तियों से पता चला कि इस गैंग को कुख्यात अपराधी रीतलाल यादव से समर्थन मिल रहा था जो फिलहाल 20 मामलों में जेल में बंद है। गैंग का मुखिया शंकर दयाल शर्मा उर्फ फौजी, 10 मामलों में 10 पैरा कमांडो बटालियन का भगोड़ा सैनिक था। वह विगत में पुलिस बल के खिलाफ अनेक दु:साहसी अभियानों का षडयंत्रकारी था और उनके पीछे उसी का हाथ था। उसने कुख्यात अपराधियों का एक दुर्जेय गिरोह बना लिया था तथा उनके मन में पुलिस और प्रशासन के प्रति कोई सम्मान नहीं था।

मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम अपनी जानों को जोखिम में डालकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस अपराधियों के इस अगम्य दुर्ग पर धावा बोल दिया तथा 9 दुर्दांत अपराधियों को गिरफ्तार तथा लूटी गई पुलिस राइफल सहित हथियारों और गोलाबारुद के बड़े जखीरे को बरामद भी किया। आगामी लोक सभा निर्वाचन 2014 में बूथ पर कब्जा करने की उनकी योजना, धरी की धरी रह गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यह सिद्ध किया कि वे केवल आदेश देने वाले अधिकारी ही नहीं बल्कि मुठभेड़ में स्वयं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वालों में से एक हैं। निष्ठुर और प्रतिबद्ध इन दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ चली इस जबरदस्त गोलीबारी में उनकी सक्रिय भागीदारी और आगे बढ़कर कुशल नेतृत्व प्रदान करने से पुलिस दलों में साहस की भावना जागृत हुई और उनका मनोबल बढ़ा। उनकी तत्परता, विवेकपूर्ण जन-प्रबंधन और अदम्य आत्म-विश्वास ने दल को उसके गंतव्य तक पहुंचा दिया।

इस मुठभेड़ से आतंक और हिंसा से जूझ रहे दियारा क्षेत्र में शांति का आभास हुआ। पुलिस की यह बहादुरी भरी कार्रवाई, बिना कोई जान गंवाए या क्षति पहुंचे या सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान के बिना की गई। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पुलिस दल की दिलेरी और हुई बरामदगियों को खूब प्रमुखता दी। निस्संदेह हर दृष्टिकोण से यह एक सर्वोत्कृष्ट कार्य था।

बरामदगी:-

1.	.303 पुलिस राइफल	-	01
2.	सेमी-ऑटोमैटिक राइफल यूएसए	-	02
3.	डीबीबीएल बंदूक	-	02
4.	एसबीबीएल बंदूक	-	01
5.	.315 नियमित राइफल	-	02
6.	7.62 मिमी (एके-47) के जिंदा राउंड	-	18
7.	30.08 मिमी के जिंदा राउंड	-	94
8.	.303 मिमी के जिंदा राउंड	-	50
9.	.315 मिमी के जिंदा राउंड	-	22
10.	12 बोर के जिंदा राउंड	-	18
11.	7.62 मिमी के खाली खोखे	-	04
12.	12 बोर के खाली खोखे	-	03
13.	.303 मिमी के खाली खोखे	-	01
14.	.315 मिमी के खाली खोखे	-	05
15.	30.06 मिमी के खाली खोखे	-	02
16.	30.06 मिमी की चार्ज क्लिप	-	02
17.	मोबाइल फोन	-	05
18.	नकद	-	4,71,654/-रूपए

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मनु महाराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक, अनुपम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, सुरेन्द्र कुमार सिंह, उप-निरीक्षक, और संजय कुमार सिंह, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 36-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जितेन्द्र राणा,
पुलिस अधीक्षक

02. अंगेश कुमार राय,
उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

पुलिस अधीक्षक जमुई, श्री जितेन्द्र राणा को जमुई जिला, बिहार के गिद्धेश्वर पहाड़, पंचभूर नाला, धमनी, मुरली पहाड़, पाठकचक बांध, संदेला पहाड़ और इसके आस-पास के क्षेत्रों के पहाड़ी और वन क्षेत्रों में नक्सलियों की आवाजाही और उनके छिपने के ठिकानों के बारे में सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, बी-लेवल विशेष अभियान "एम एल आई आर एल आई" की योजना बनाई गई और यह दिनांक 03.01.2014 से 06.01.2014 के दौरान संचालित की गई। अभियान के भाग के रूप में, श्री उमेश कुमार, ए सी की कमान में 215 बटालियन की 'ई' कंपनी के 02 प्लाटून तथा जमुई पुलिस के पुलिस उप निरीक्षक अंगेश कुमार राय के साथ कोबरा 207 के दो दलों ने 04.01.2014 को 0400 बजे गुप्त रूप से तथा वेश बदलकर आधार शिविर को छोड़ा तथा 1730 बजे अपने अभियान क्षेत्र में पहुंच गए। दलों ने जी आर-24 50 53.3-उ, 86 09 07.6-पू. पर एल यू पी लिया तथा दिनांक 05.01.2014 को पहाड़ी क्षेत्र और घने जंगलों में से होकर पाठकचक बांध की ओर अपने लक्ष्य क्षेत्र की तलाशी आरंभ की। दल आड़ लेते हुए सम्भलकर आगे बढ़ने लगे। दिनांक 05.01.2014 को लगभग 1315 बजे जब सभी औचकता और गोपनीयता बनाए रखते हुए सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ रहे थे, उसी समय दल सं. 12 डी/207 कोबरा के टीम कमांडर निरीक्षक/जीडी एस.एस. सोलंकी ने महिलाओं/पुरूषों को आदिवासी भाषा में बात-चीत करते सुना और हरी वर्दी में आग्यनेयास्त्रों से लैस अपरिचित लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी। इन सभी तीन दलों के कमांडरों ने हाथों के इशारे से अपने दलों को सतर्क कर दिया। शोर सुनाई देते ही दल कमांडर श्री उमेश कुमार, ए सी, श्री अजित कुमार, ए सी और निरीक्षक/जीडी एस.एस. सोलंकी तुरन्त हरकत में आए और योजनाबद्ध तरीके से जंगल के उन क्षेत्रों की घेराबंदी करने के लिए अपनी टुकड़ियां तैनात करने लगे जहां घने जंगलों के कारण कम दिखाई पड़ रहा था। अपने आस-पास सुरक्षा बलों की मौजूदगी को भांपते हुए सशस्त्र नक्सली काडरों ने चारों तरफ से जबरदस्त अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। सभी दलों ने पोजिशन ली तथा अपनी जान और सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए उस दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दी जहां से गोलियां चल रही थीं। कमांडर ने तत्काल जमुई के पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र राणा को सूचित किया जो पाठकचक बांध क्षेत्र के निकट अन्य दलों की वापसी की देखरेख कर रहे थे और उनसे तत्काल सहायता भेजने का अनुरोध किया। जब दोनों ओर से जबरदस्त गोलीबारी चल रही थी, तब डी सी सूर्यकांत के नेतृत्व में अतिरिक्त टुकड़ियों के साथ पुलिस अधीक्षक, जमुई श्री जितेन्द्र राणा पाठकचक बांध की ओर से स्थल की ओर बढ़े और नक्सलियों को घेरने का प्रयास किया। स्थिति का आकलन करने के बाद कमांडरों ने अलग-अलग दिशाओं से क्षेत्र को घेरने तथा माओवादियों की गोलीबारी के जबाव में, माओवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी की दिशा में गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने की योजना बनाई। सुरक्षा बलों द्वारा चलाई जा रही गोलियों की आड़ लेते हुए कोबरा दल के उप- निरीक्षक अंगेश कुमार राय, निरीक्षक/जीडी एस.एस. सोलंकी, कांस्टेबल/जीडी एम. मणि तथा कांस्टेबल/जीडी समर नायक के साथ श्री अजीत राम पूर्वी दिशा से, ई-215 के श्री उमेश कुमार ए सी, कांस्टेबल/जीडी अनुराज टी और कांस्टेबल/जीडी ओम प्रकाश तिवारी दक्षिण दिशा से तथा डी सी सूर्यकांत सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक जमुई श्री जितेन्द्र राणा उत्तर दिशा से आगे बढ़े। नक्सली ठिकाने के बेहद समीप पहुंचने के लिए उन्होंने अपने निजी हथियारों से गोलियां चलाई तथा झाड़ियों से घिरे उस नक्सली ठिकाने की ओर योजनाबद्ध तरीके से गोलियां चलाने लगे जहां से कुछ नक्सली काडर सुरक्षा बलों पर जबरदस्त और अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। इस सुनियोजित चाल तथा उपर्युक्त सुरक्षा कार्मिकों द्वारा अनुकरणीय साहस और दिलेरी से की गई गोलीबारी से नक्सलियों के कातर स्वर सुनाई पड़े और कई नक्सली काडरों को अंधाधुंध गोलीबारी करते तथा अपने साथ अनेक घायल या मृत कामरेडों के शवों को उठाकर पश्चिम की तरफ घने जंगलों की ओर इधर-उधर भागते हुए देखा गया। माओवादी घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गए।

मुठभेड़ के पश्चात् वरिष्ठ अधिकारियों ने मुठभेड़-स्थल की संयुक्त तलाशी लेने का आदेश दिया। तलाशी के दौरान 81 जिंदा राउंडों के साथ .303 राइफल के साथ एक माओवादी का शव, शव के पास मैगजीन में 03 राउंड और दो खाली खोखे, 01 जोड़ी गाढ़े हरे रंग की वर्दी, पिट्ठू, कारतूस पाउच बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जितेन्द्र राणा, पुलिस अधीक्षक और अंगेश कुमार राय, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 37-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सुधांशु कुमार,
पुलिस अधीक्षक

02. सिंधु शेखर सिंह,
उप निरीक्षक

03. राज कुमार तिवारी,
उप-निरीक्षक

04. अरबिन्द कुमार,
उप-निरीक्षक

05. गौतम कुमार,
उप-निरीक्षक

06. विवेक कुमार,
कांस्टेबल

07. अजय कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 15.08.05 को पूर्णियां के एक नामी व्यवसायी के ग्यारह वर्षीय बच्चे मुदित नाहर का अपहरण किया गया । इसके तत्काल बाद श्री सुधांशु कुमार के नेतृत्व में पूर्णियां पुलिस हरकत में आई। स्थानीय भूगोल, भागने के संभावित रास्तों की विस्तृत जानकारी, संकट की घड़ी में सही प्रकार की योजना बनाने तथा विवेकपूर्ण तरीके से आगे बढ़कर अगुवाई करने तथा अपने संसाधनों को जुटाने की क्षमता के कारण पुलिस, अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए पर्याप्त चेतावनी देने तथा उनकी अंधाधुंध गोलीबारी के बीच 04 दुर्दांत अपराधियों को रोकने, उनसे मुकाबला करने तथा उन्हें मार गिराने में सफल रही। यह मुठभेड़ काफी नजदीकी, भीषण और चुनौतीपूर्ण रही। यद्यपि यह एक लंबी, कभी-कभार हताशा से भारी लड़ाई थी परन्तु एक प्रतिबद्ध कार्रवाई के चलते इसकी परिणति यह हुई कि पुलिस, अपराधियों के ठिकानों तक पहुंचने में सफल रही जहां अपहृत व्यक्तियों को सुरक्षित छुड़ाने में शौर्यपूर्ण कार्रवाई हुई।

मोबाइल प्रिंट आउट्स, मोबाइल टॉवर की अवस्थिति और रेंज के सूक्ष्म विश्लेषण सहित सतत् इलेक्ट्रॉनिक और मानवीय चौकसी के माध्यम से वे सुशीला देवी उर्फ गुड़िया को गिरफ्तार करने में सफल रहे, जिसने पूछताछ के दौरान अपहरणकर्ताओं के पते-ठिकानों का खुलासा किया। इस मौके पर उन्होंने न केवल स्वाभाविक अनुमान लगाया बल्कि पूरी योजना बड़ी बारीकी से तैयार की। दिनांक 23/24.08.2005 की रात को कटिहार में अपराधियों के ठिकानों को चारों दिशाओं से घेरकर, श्री सुधांशु कुमार और उप-निरीक्षक सिंधु शेखर सिंह बिल्कुल मौत के सामने खड़े होने के लिए तनिक भी विचलित नहीं हुए। पुलिस दल ने अपराधियों के

ध्यान और गोलीबारी से बचने के लिए सामने के दरवाज़ों और दो कमरों की पिछली ओर की खिड़कियों से अपहरणकर्ताओं को चुनौती दी। उप- निरीक्षक सिंधु शेखर सिंह ने अदभुत शौर्य का प्रदर्शन करते हुए एक अपहरणकर्ता पर काबू पाने के लिए उसके ऊपर कूद पड़े। तथापि, अपराधी ने उन पर पुन: गोली चलाई परन्तु सौभाग्यवश उप निरीक्षक सिंधु शेखर सिंह इससे बच गए। इससे पहले कि अपराधी फिर से गोली चलाता, सुधांशु कुमार, जो श्री सिंह के ठीक पीछे थे, ने अपराधी पर गोली चलाकर उसे गिरा दिया। तथापि उस समय जीवित अपराधी ने सुधांशु कुमार को फिर से निशाना बनाने का प्रयास किया लेकिन उससे पहले ही उप-निरीक्षक सिंधु शेखर सिंह ने अपराधी पर गोली चला दी और अपहृत बच्चे को उसके चंगुल से छुड़ा लिया। अन्य कमरे में मौजूद उप-निरीक्षक राज कुमार तिवारी, उप-निरीक्षक गौतम कुमार और उप-निरीक्षक अरबिन्द कुमार ने एक अन्य अपराधी को मार गिराया जो अंधाधुंध गोलीबारी करके घेराबंदी तोड़ने का हर-संभव प्रयास कर रहा था। किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए कांस्टेबल विवेक और अजय, अधिकारियों के उपर्युक्त दल के पीछे मजबूती से खड़े थे। मौत के सौदागरों के चंगुल में फंसे अबोध बच्चे ने बड़े ही कातर स्वर में "पुलिस अंकल, मुझे बचा लीजिए" पुकारा और श्री सुधांशु और उनके दल के जवानों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बना चुनौती का डटकर मुकाबला किया और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया। मारे गए अपराधियों के पास से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारुद बरामद किए गए:

(क)	9 मिमी पिस्तौल	-	01
(ख)	देशी पिस्तौल	-	03
(ग)	राउंड	-	20
(घ)	मोबाइल हैंड सेट	-	03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुधांशु कुमार, पुलिस अधीक्षक, सिंधु शेखर सिंह, उप-निरीक्षक, राज कुमार तिवारी, उप-निरीक्षक, अरबिन्द कुमार, उप-निरीक्षक, गौतम कुमार उप-निरीक्षक, विवेक कुमार, कांस्टेबल और अजय कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.08.2005 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 38-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अब्दुल समीर,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गोरना-मनकेली क्षेत्र के निकट 20-25 वर्दीधारी सशस्त्र काडरों के साथ माओवादियों की गंगलूर एरिया कमेटी सदस्य गोपी की उपस्थिति की सूचना पर उप-निरीक्षक अब्दुल समीर की कमान में 29 राज्य पुलिस कार्मिकों के एक पुलिस दल और एसीजी मधु की कमान में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 16 विशेष दल सदस्य (एस ए टी पुलिस उप महानिदेशक (अभियान) बीजेआर) दिनांक 14 जुलाई को लगभग 0430 बजे गोरना-मनकेली क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए चल पड़े। पहले दिन, दल ने पंगुड क्षेत्र की तलाशी ली लेकिन वहां कुछ नहीं मिला और वे जंगल में रूक गए। अगले दिन, दल गोरना के निकट पहुंचा, जहां उन्होंने कुछ दूरी पर संदिग्ध गतिविधि देखी। तीसरे दिन अर्थात् 16 जुलाई की सुबह, टुकड़ियों का अनुमान था कि उस क्षेत्र में उन पर घात लगाकर हमला किया जाएगा क्योंकि उनकी संख्या केवल 45 थी। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर और एसी जी मधु ने दल को दो समूहों में विभाजित किया। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर और एसी जी. मधु स्वयं 4 राज्य पुलिस कर्मियों और 2 और केन्द्रीय रिजर्व

पुलिस बल के जवानों वाले मुख्य दल से आगे बढ़े। सिविल पुलिस के जवानों को रास्ते के दाहिनी ओर कुछ दूरी पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई पड़ीं। वे चुपके से लक्ष्य की ओर बढ़े। जैसे ही यह दल लक्ष्य की ओर बढ़ा, रास्ते के बायीं ओर झाड़ियों में छिपे नक्सलियों ने आगे बढ़ रही टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। मुख्य दल घात में लगभग फंस चुका था। अब दाहिनी ओर से भी नक्सलियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पीछे मौजूद पुलिस दल, जो 300 मीटर पीछे था, ने सहायता करने के लिए स्थल की ओर भागना आरंभ कर दिया। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर और एसी मधु ने उनसे बगल से सहायता देने के लिए कहा और इसके साथ अपने हथियारों से गोलियां बरसाने लगे। लेटे रहने की स्थिति में होने के बावजूद उप-निरीक्षक अब्दुल समीर ने खड़े होकर निर्भीकता से अपने हथियार से गोलियां चला दीं। यूबीजीएल से गोलीबारी करने के बाद नक्सलियों ने अपनी स्थिति अर्थात् रास्ते के बायीं ओर से पीछे हटने का प्रयास किया। अब रास्ते के दाहिनी ओर से गोलियां आ रही थीं जो अपेक्षाकृत कम थीं। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर ने सहायक उप-निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव और सहायक उप-निरीक्षक भास्कर तथा दो अन्य कांस्टेबलों को गोलियां चलाने तथा रास्ते के बायीं ओर बढ़ने के लिए कहा। वे स्वयं केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के दो कांस्टेबलों के साथ दाहिनी ओर से हो रही गोलीबारी का जवाब देने लगे। उन्हें कुछ दूरी पर दो एसएलआर, एक इन्सास और एक .303 हथियार दिखाई दिया। उन्होंने गोलियां चलाईं और भाग रहे नक्सलियों की तरफ/पीछे भागे, इस क्रम में .303 लिए एक व्यक्ति तथा इन्सास लिए व्यक्ति को गोली लगी और वे गिर पड़े लेकिन हथियार के साथ भाग खड़े हुए। दोनों ओर से गोलीबारी आधे घंटे तक चली और रूक गई। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर ने अपने दल को बुलाया और क्षेत्र की तलाशी के संबंध में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों सहित अपने दल को जानकारी दी। क्षेत्र की तलाशी लेने पर .303 राइफल के साथ मदावी हिदमा पुत्र हंडो ग्राम-गोरना नामक अर्द्ध वर्दीधारी नक्सली का शव, .303 राउंड-12, एक एचई ग्रेनेड, 04 डेटोनेटर, एक काला पिट्ठू, नक्सली साहित्य, 2 पाउच, 01 रेडियो और 5 तीर आदि बरामद हुए। दल 1530 बजे बीजापुर पुलिस थाना सुरक्षित लौट आया। उप-निरीक्षक अब्दुल समीर और एसी जी. मधु, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की कमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों के साथ राज्य पुलिस का दल लगातार 3 दिनों और रातों तक भारी वर्षा में नक्सलियों से जूझता रहा और इसके अच्छे परिणाम निकले। जब नक्सलियों ने दल पर हमला किया तब उन्होंने अच्छी सूझ-बूझ और कुशल नेतृत्व, अभियान संबंधी कार्रवाई की अच्छी समझ, असाधारण साहस, बहादुरी और आगे बढ़कर हमला करते हुए उत्कृष्ट शौर्य का प्रदर्शन किया। नक्सली हमले में उनकी कार्रवाई से न केवल उन्होंने अपने जवानों की जानों की रक्षा की, बल्कि नक्सली हमले को भी विफल कर दिया तथा नक्सलियों को मारने और एक नक्सली काडर का शव बरामद करने में अहम भूमिका भी निभाई।

इस मुठभेड़ में श्री अब्दुल समीर, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.07.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 39-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. किशोर केरकेट्टा,
   निरीक्षक

2. याकूब मेमन,
   निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीजापुर जिले के मिरतूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेरली, बेचापाल और हुर्रेपाल क्षेत्र में सीपीआई माओवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर, कमांडर के तौर पर निरीक्षक किशोर केरकेट्टा और निरीक्षक याकूब मेमन तथा

उप कमांडर के रूप में उप-निरीक्षक हृदय यादु और उप निरीक्षक सुशील पटेल के साथ कुल 175 की नफरी के साथ डीईएफ बीजापुर/दंतेवाड़ा एवं एसटीएफ के दो दलों को सम्मिलित करते हुए दिनांक 17 नवम्बर, 2014 की सुबह में एक अभियान आरंभ किया गया।

दल को अभियान कमांडर, निरीक्षक किशोर केरकेट्टा और निरीक्षक याकूब मेमन द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई और दल, दो समूहों में प्रात: 05:30 बजे पुलिस थाना मिरतूर से गांव चेरली, बेचापाल और हुर्रेपाल की ओर चल पड़ा। निरीक्षक, किशोर केरकेट्टा की कमान में पहला समूह तथा निरीक्षक, याकूब मेमन की कमान में दूसरा दल, क्षेत्र एवं कौशल संबंधी रणनीतियां अपनाकर समानांतर चल रहा था और उन्होंने नक्सली शिविर आदि को नष्ट किया तथा हुर्रेपाल के जंगल क्षेत्र में एल यू पी ले लिया।

एलयूपी के पश्चात् बायीं ओर से निरीक्षक किशोर केरकेट्टा की कमान में पहला समूह तथा दाहिनी ओर से निरीक्षक याकूब मेमन की कमान में दूसरा समूह औचकता बनाए रखते हुए जब हुर्रेपाल के निकट पहुंचा, तब अचानक पहले समूह पर दाहिनी ओर से नक्सलियों द्वारा स्वचालित हथियारों से भारी मात्रा में गोलियां बरसने लगीं। तत्काल, दल ने पोजिशन ली और उन्हें गोलियां चलाना रोकने तथा आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। उन्होंने बिना कोई सकारात्मक प्रत्युत्तर के टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। पुलिस दल ने बिना कोई समय गंवाए पोजिशन ली और जवाब देना आरंभ किया। दल कमांडर किशोर केरकेट्टा ने अपने जवानों को सतर्क किया तथा उन्हें गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति अपनाने का आदेश दिया। श्री केरकेट्टा स्वयं आगे बढ़े और अपने जवानों के साथ आड़ लेकर गोलियां चलाते हुए शत्रु की ओर बढ़ने लगे। दूसरे दल के कमांडर श्री याकूब मेमन और उनके जवान आगे बढ़े और दूसरी ओर से माओवादियों को घेरने का प्रयास किया। माओवादियों को जैसे ही कुछ गतिविधि दिखी, उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलाना जारी रखा। दल कमांडर निरीक्षक किशोर केरकेट्टा और याकूब मेमन, दोनों साहसपूर्वक आगे बढ़े और अपने जवानों को अपने पीछे आने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस दल को निर्भीकता से गोलियां चलाते हुए नजदीक आते हुए देखकर माओवादियों को यह अहसास हुआ कि वे घेर लिए जाएंगे। पुलिस दल के जोरदार जवाब के कारण माओवादी कमज़ोर पड़ने लगे तथा जंगलों और पहाड़ी इलाकों का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए।

जब गोलीबारी पूरी तरह से समाप्त हो गई, तब पुलिस दल ने क्षेत्र की तलाशी ली। तलाशी में पुलिस दल को दो माओवादियों के शव, शवों के पास 01 इंसास राइफल, एक 12 बोर गन तथा 02 इंसास मैगजीन, 18 इंसास जिंदा राउंड, 12 बोर के 03 जिंदा राउंड, 01 भरमार गन, 04 डेटोनेटर एवं साहित्य और माओवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही अन्य वस्तुएं मिलीं। वहां खून के धब्बे भी मिले जिनसे पता चलता था कि कुछ और माओवादी मारे गए होंगे या घायल हुए होंगे। इसके पश्चात् पुलिस दल ने बेचापाल के जंगल क्षेत्र में एलयूपी लिया। दिनांक 18.11.2014 को प्रात: 05:00 बजे, दल कमांडर अपने जवानों का बहादुरी से नेतृत्व करते हुए, सुनियोजित ढ़ंग से आगे बढ़े तथा सुरक्षित पुलिस थाना मिरतूर पहुंच गए। बाद में, मृतक की पहचान लालू होडी और सुक्की इंचामी उर्फ सुजाता के रूप में हुई जो विगत 8 वर्षों से क्षेत्र के सक्रिय माओवादी रहे थे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री किशोर केरकेट्टा, निरीक्षक और याकूब मेमन, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 40-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अजीत कुमार ओग्रे,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

विशिष्ट स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर दिनांक 18 जुलाई, 2012 को श्री अजीत कुमार ओग्रे की कमान में सिहावा पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और एसटीएफ का दल उड़ीसा-छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पर सिहावा से 40 किमी. दूर चामेंडा गांव के लिए रवाना हुआ ताकि राज्य की सीमाओं को पार करने का प्रयास कर रहे नक्सलियों के समूह को पकड़ा जा सके। श्री अजीत कुमार आग्रे की अत्यन्त सावधानीपूर्वक बनाई गई योजना के अनुसार नक्सलियों के अस्थायी शिविर की प्रभावी रूप से घेराबंदी की गई, जिसके परिणामस्वरूप नक्सलियों द्वारा 0400 बजे घेराबंदी कर रहे दल पर जवाबी गोलीबारी की गई ताकि सुरक्षा को प्राणघातक क्षति पहुंचाकर घेराबंदी से निकला जा सके। नक्सलियों की अंधाधुंध गोलीबारी के कारण नक्सलियों की सही-सही स्थिति को जान पाना कठिन था। श्री अजीत कुमार ओग्रे ने अपने रणनीतिक ज्ञान का परिचय देते हुए अपने दल को गोलियां चलाना बंद करने तथा जमीन पर लेटकर अपने दल को नक्सलियों की मज्ज़ल फ्लैशों को निशाना बनाने के लिए कहा। प्रतिकूल मौसम, भारी बरसात तथा घुप्प अंधेरी रात में श्री अजीत कुमार ओग्रे ने अपनी जान की बिलकुल भी परवाह न करते हुए तथा दूसरों के लिए उदाहरण पेश करते हुए सुनियोजित ढंग से आगे बढ़े और अपने दल को नक्सलियों का प्रभावी रूप से मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके परिणामस्वरूप नक्सलियों ने चंगुल से निकलना आरंभ कर दिया। मुठभेड़ के बाद ली गई तलाशी में एक वर्दीधारी सशस्त्र महिला का शव, एक वर्दीधारी सशस्त्र पुरूष का शव, 7.62 मिमी एस एल आर राइफल 03, 5.56 मिमी इंसास राइफल-01, मैगजीन-06, जिंदा कारतूस-60 तथा नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुएं बरामद हुईं। पुलिस दल को बिना किसी क्षति के अच्छी सफलता प्राप्त हुई। ऐसा किसी मुठभेड़ में पहली बार हुआ कि पुलिस ने नक्सलियों के उन हथियारों को बरामद किया जो उन्होंने विभिन्न पुलिस दलों पर घात लगाकर हासिल किये थे।

इस पूरे घटनाक्रम में श्री अजीत कुमार ओग्रे ने बिना किसी क्षति के आसन्न कार्यों की योजना बनाने, नेतृत्व करने तथा उसके निष्पादन में असाधारण नेतृत्व-क्षमता का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री अजीत कुमार ओग्रे, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.07.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 41-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शेख जुल्फकार आज़ाद, पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. अरशद हुसैन, निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 31.08.2012 को एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसपी (अभियान) श्रीनगर श्री शेख़ जुल्फकार आज़ाद की कमान में पुलिस और सेना-24 आर आर को सम्मिलित करते हुए गांव पाथपुरा चट्टरगुल कंगन के मीरा नर जंगलों के ऊपरी छोर पर एक संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल सभी जवानों को तीन दलों में विभाजित किया गया। सभी दल लगभग 2200 बजे अपने लक्ष्य क्षेत्र की ओर बढ़े तथा योजना के अनुसार पोजिशन ले ली। दिनांक 01.09.2012 को 0530 बजे,

अंदरूनी घेराबंदी दल के प्रभारी पुलिस अधीक्षक (अभियान) शेख जुल्फकार आज़ाद ने एसओजी जवानों की एक छोटी टीम बनाई जिसमें निरीक्षक अरशद हुसैन और अन्य जवान शामिल थे। सर्वप्रथम, घिरे आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया जिसे उन्होंने बिलकुल नकार दिया और इसके स्थान पर उन्होंने अभियान दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। लगभग 0700 बजे छिपने के अड्डे में प्रवेश करने की योजना बनाई गई।

जैसे ही हमला दल छिपने के ठिकाने के निकट पहुंचा, उस पर आतंकवादियों की गोलियां बरसनी आरंभ हो गईं। एक रणनीतिक चाल के तौर पर हमला दल पीछे हटा लेकिन ऐसा उन्होंने केवल छिपने के ठिकाने के पीछे की तरफ से बढ़ने के लिए किया। इस मौके पर हमला दल के प्रभारी पुलिस अधीक्षक शेख जुल्फकार आजाद ने दो छोटे दल बनाए और छिपने के अड्डे के आगे और पीछे, दोनों ओर से प्रवेश करने का निर्णय लिया। जैसे ही दूसरे दल ने छिपने के ठिकाने में प्रवेश करने का प्रयास किया, अंदर मौजूद आतंकवादियों ने ग्रेनेड फैंके जिनसे कोई क्षति नहीं हुई। तथापि, श्री शेख जुल्फकार आजाद, पुलिस अधीक्षक (अभियान) श्रीनगर, निरीक्षक अरशद हुसैन और अन्य जवानों वाला पहला दल रेंगते हुए अड्डे के प्रवेश-द्वार के निकट उस स्थान पर पहुंच गया जहां से आतंकवादियों ने ग्रेनेड फैंके थे। इस स्थिति में आतंकवादियों ने घेराबंदी से निकलने और भाग जाने के प्रयास के रूप में अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। तथापि, उपर्युक्त दोनों अधिकारियों ने अन्य जवानों के साथ मिलकर अपनी जान की परवाह किए बिना गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप एचएम का शीर्षस्थ कमांडर, जिसका नाम तल्हा भाई निवासी पाकिस्तान तथा उसका सहयोगी मुश्ताक अहमद उर्फ जुबैर निवासी डोडा किश्तवाड़ मारा गया।

बरामदगी:-

1. ए.के. राइफल-02
2. मैगजीन ए के-06 (तीन क्षतिग्रस्त)
3. एके राउंड-157 (पांच क्षतिग्रस्त)
4. पाउच-02
5. चीन में निर्मित ग्रेनेड-01
6. यूबीजीएल-01
7. पाकिस्तानी करेंसी-1030/-रू.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शेख जुल्फकार आज़ाद, पुलिस अधीक्षक और अरशद हुसैन, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.09.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 42-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मोहम्मद असलम,
पुलिस अधीक्षक

02. आशिक हुसैन टाक,
उप पुलिस अधीक्षक

03. सगीर अहमद पठान,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.12.2013 को राजपुरा गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर हंदवाड़ा पुलिस, 21 आरआर और 30 आरआर द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई तथा निष्पादित की गई। पुलिस दल का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम कर रहे थे तथा सेना की टुकड़ी की कमान मेजर संजय कुमार के हाथों में थी। अभियान के दौरान, क्षेत्र की घेराबंदी की गई और आतंकवादियों के होने की पुष्टि हुई। इस कवायद के दौरान, तलाशी ले रहे दलों पर अचानक उस मकान से भारी गोलीबारी हुई जिस पर घेराबंदी और तलाशी वाले दल नज़र लगाए बैठे थे। उग्रवादियों ने बंधक बना लेने वाली स्थिति कायम करने का प्रयास किया। आतंकवादियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी से, लक्षित मकान और उसके आस-पास के मकानों से लोगों को सुरक्षित निकाल पाना कठिन हो रहा था। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम के नेतृत्व में जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के एक छोटे दल, जिसकी सहायता के लिए आशिक हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) और हेड कांस्टेबल सगीर अहमद मौजूद थे, ने इस कार्य को करने की पहल की। बचाने वाला दल लक्षित क्षेत्र के बिलकुल निकट पहुंचा और अनुमान के आधार पर गोलियां चलाकर आतंकवादियों को उलझाए रखा। अधिकारियों/जवानों ने दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी में फंसे आम लोगों की जान बचाने के खातिर आपनी जानों की परवाह न करते हुए जान जोखिम में डालकर असाधारण साहस का परिचय दिया। एक-एक करके कुल तेरह लोगों, जिनमें कुछ महिलाएं और बच्चे शामिल थे, को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।

जब लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य पूरा हो गया, तब दल लक्षित मकान से आतंकवादियों के खात्मे में जुट गया तथा बाहर निकलने वाले सभी मार्गों को कन्सर्टिना तारों से अवरूद्ध कर दिया और बिजली जलाकर पूरे मकान को प्रकाशित कर दिया। यह गोलीबारी पूरी रात चलती रही। पुलिस दल ने आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। यह केवल पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम, उप पुलिस अधीक्षक आशिक हुसैन और हेड कांस्टेबल सगीर अहमद का अदभुत पराक्रम और उत्कट जोश था जिसके कारण वे पाकिस्तान के तीन दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराने में सफल रहे। इस पूरे अभियान में पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम, उप पुलिस अधीक्षक आशिक हुसैन और हेड कांस्टबल सगीर अहमद ने उत्कृष्ट शौर्य, असाधारण साहस और अपने कर्तव्य के प्रति जबरदस्त समर्पण का परिचय दिया और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाना सुनिश्चित किया।

बरामदगी:

एके 47 राइफल-03

एके मैगजीन-10

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मोहम्मद असलम, पुलिस अधीक्षक, आशिक हुसैन टाक, उप पुलिस अधीक्षक और सगीर अहमद पठान, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.12.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 43-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. इरशाद हुसैन राथेर,
उप पुलिस अधीक्षक

02. अंकित कौल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.5.2013 को विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस और 55 आरआर द्वारा गांव वन्डिना जिला शोपियां में एक संयुक्त अभियान चलाया गया जहां मुदस्सिर अहमद डार निवासी वन्डिना नामक व्यक्ति के मकान में दो एच एम आतंकवादियों के होने की पुष्टि हुई थी। स्थिति को भांपते हुए, आतंकवादियों ने टुकड़ियों पर गोलीबारी का सहारा लिया जिसका जवाब उन्होंने आत्म-रक्षा में दिया। स्थिति का विश्लेषण करने के बाद, पुलिस अधीक्षक शोपियां ने टुकड़ियों को विश्वास जमाए रखने तथा घेराबंदी को मजबूती से बनाए रखने के लिए सतर्क किया। अभियान को सफल बनाने के लिए दो हमला समूह, श्री मुमताज़ अहमद, पुलिस अधीक्षक शोपियां और श्री इरशाद हुसैन राथेर, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान), इमामसाहिब की कमान में बनाए गए। पुलिस अधीक्षक शोपियां की अगुवाई वाले पहले दल ने मकान के सामने मोर्चा बनाया जबकि उप पुलिस अधीक्षक (अभियान), इमामसाहिब और उनके समूह ने घनी झाड़ियों की ओर पोजिशन ली। आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु इसकी बजाय एक आतंकवादी ने राइफल ग्रेनेड फेंका, जिसके बाद हमला समूहों पर अंधाधुंध गोलीबारी चालू हो गई तथा उन्होंने घटना-स्थल से भागने का प्रयास किया जिसमें पुलिस अधीक्षक, शोपियां, उप पुलिस अधीक्षक, अभियान, इमामसाहिब और 14वीं बटालियन के कांस्टेबल अंकित कौल सं. 715/एपी बाल-बाल बचे। तथापि, इस मौके पर, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान), इमामसाहिब और उनके जवानों ने अपनी जानों की परवाह किए बिना साहस से मुकाबला किया और जवाबी कार्रवाई के दौरान उक्त आतंकवादी मारा गया जिसकी पहचान बाद में सज्जाद अहमद मीर निवासी लिट्टर पुलवामा, डिवीजनल कमांडर एचएम साउथ कश्मीर के रूप में हुई। तथापि, उक्त मकान के अंदर छिपे अन्य आतंकवादी टुकड़ियों पर नियमित अंतराल पर गोलीबारी करते रहे।

दिनांक 01.06.2013 की सुबह, पुलिस अधीक्षक शोपियां के पर्यवेक्षण में अभियान पुन: आरंभ किया गया और मकान में छिपे आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने राइफल ग्रेनेड फेंका और टुकड़ियों पर रूक-रूककर गोलियां चलाता रहा। लगभग 1600 बजे मकान से गोलियां चलनी बंद हो गईं। जैसे ही दल मकान के मुख्य द्वार के निकट पहुंचे, अंदर छिपे आतंकवादी ग्रेनेड फेंककर जवानों को मारने के इरादे से अंधाधुंध गोलियां दागने लगा। तथापि, पुलिस दल ने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए बहादुरी के साथ जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप शेष आतंकवादी, जिसकी पहचान मोहम्मद अशरफ राथेर पुत्र मोहम्मद अकबर राथेर निवासी नौपुरा पायीन पुलवामा, जिला कमांडर एच एम पुलवामा-शोपियां के रूप में हुई, को मार गिराया जा सका।

बरामदगी:

एके 56 राइफल	02
राउंड एके	13
मैगजीन एके 56	03
यूबीजीएल	01
यूबीजीएल गोलाबारुद	04
पिस्तौल 7.6 मिमी	01
पिस्तौल 9 मिमी	01
मैगजीन पिस्तौल	03
राउंड पिस्तौल	02
मोबाइल चार्जर	01
आईईडी तार	01 रॉल छोटा

एलईडी बैटरी छोटे आकार की	05
आईईडी डेटोनेटर	03
भारतीय करेंसी	9616/-रू.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री इरशाद हुसैन राथेर, उप पुलिस अधीक्षक और अंकित कौल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 44-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	इम्तियाज हुसैन मीर, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	रयाज इकबाल तांत्रे, उप पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	मंजूर अहमद, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	निसार अहमद, उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	अशरफ नबी, एसजीसीटी	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
06.	शौकत अहमद, एसजीसीटी	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 18.12.2012 को, विशिष्ट सूचना के आधार पर सोपोर पुलिस, 22 आरआर तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 179 बटालियन द्वारा गांव सैदपुरा सोपोर में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सभी जवानों को तीन समहों में विभाजित किया गया जिनमें से प्रत्येक दल की कमान क्रमश: श्री रयाज इकबाल तांत्रे, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) सोपोर, उप निरीक्षक मंजूर अहमद और उप-निरीक्षक निसार अहमद के पास तथा समग्र कमान/पर्यवेक्षण श्री इम्तियाज हुसैन, पुलिस अधीक्षक, सोपोर को सौंपा गया था। प्रारंभ में, श्री रयाज इकबाल तांत्रे, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व वाले दल और एसजीसीटी शौकत अहमद ने पास के सेब के बागान में संदिग्ध गतिविधि देखी और तुरंत कार्रवाई करते हुए छिपे हुए संदिग्ध की ओर भागे। वह संदिग्ध, जो एक आतंकवादी था, पुलिस दल पर गोलियां चलाने लगा जिसका प्रभावी प्रत्युत्तर दिया गया और जवाबी गोलीबारी में वह छिपा हुआ आतंकवादी मारा गया।

मुठभेड़ की सूचना प्राप्त होने पर, उप महानिरीक्षक, उत्तर कश्मीर रेंज भी घटना-स्थल पर पहुंचे तथा अभियान का पर्यवेक्षण किया। पूरी स्थिति की समीक्षा करने के बाद, अभियान दल ने घेराबंदी-क्षेत्र में फंसे लोगों को बाहर निकालने का निर्णय

लिया। जब श्री इम्तियाज हुसैन, पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाला दल घेराबंदी के अंतर्गत एक मकान के निकट पहुंचा, तभी लक्षित मकान के अंदर छिपे कुछ आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। श्री इम्तियाज हुसैन, पुलिस अधीक्षक और एसजीसीटी अशरफ नबी अपनी जानों की परवाह किए बिना लक्षित मकान की तरफ आगे बढ़े तथा छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा की जा रही लगातार गोलीबारी के बीच फंसे लोगों को बाहर निकालने में सफल हो गए। तत्पश्चात्, श्री इम्तियाज हुसैन, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाले पुलिस दल ने अंदर छिपे आतंकवादियों पर हमला बोल दिया जिसमें एसजीसीटी अशरफ नबी घायल हो गए। तथापि, पुलिस दल मकान के ठीक बाहर आतंकवादियों को मारने में सफल रहा। यद्यपि एक आतंकवादी ने दूसरी ओर से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस दल द्वारा की गई तत्काल कार्रवाई से उसे भी वहीं मार गिराया गया। दूसरी ओर, उप निरीक्षक मंजूर अहमद और उप-निरीक्षक निसार अहमद के नेतृत्व वाले पुलिस दलों ने शेष छिपे हुए दो आतंकवादियों पर हमला करना जारी रखा और वे भी दिनांक 19.12.2012 की सुबह में मार गिराए गए। कुल मिलाकर दिन/रात भर चले इस अभियान के दौरान 06 आतंकवादी मारे गए। इस मुठभेड़ में सेना के 02 जवानों को गोलियां लगीं। इन आतंकवादियों का मारा जाना पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि तथा क्षेत्र के उग्रवादी गुटों के नेटवर्क के लिए बहुत बड़ा झटका सिद्ध हुई।

बरामदगी:-

1.	एके सीरीज़ राइफल	:	7
2.	एके सीरीज मैगजीन	:	13
3.	एके सीरीज गोलाबारुद	:	76 राउंड
4.	पिस्तौल	:	01
5.	पिस्तौल मैगजीन	:	01
6.	पिस्तौल गोलाबारुद	:	04
7.	पाउच	:	03
8.	रेडियो सेट	:	03
9.	जीपीएस	:	01
10.	मैट्रिक्स शीट	:	02 शीट
11.	मानचित्र	:	02 शीट
12.	मोबाइल फोन	:	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री इम्तियाज हुसैन मीर, पुलिस अधीक्षक, रयाज इकबाल तांत्रे, उप पुलिस अधीक्षक, मंजूर अहमद, उप निरीक्षक, निसार अहमद, उप निरीक्षक, अशरफ नबी, एसजीसीटी और शौकत अहमद, एसजीसीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 45-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सैयद जावीद अहमद,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.12.2013 को नजीर अहमद डार पुत्र गुलाम हसन निवासी हुसरू, चदूरा, जिला बडगाम नामक व्यक्ति के मकान में लश्कर के एक बड़े आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस, 53-आरआर और 178 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान दलों को तीन समूहों में विभाजित किया गया। श्री हरमीत सिंह मेहता, अपर पुलिस अधीक्षक, बडगाम के नेतृत्व वाले पहले दल को, जिसकी सहायता श्री सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, बडगाम कर रहे थे, मकान के काफी निकट घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अंदर छिपा आतंकवादी भाग नहीं पाए। श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, बडगाम की अगुवाई वाले दूसरे दल को साथ लगे मकानों से लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था। उप पुलिस अधीक्षक, श्री शाहिद नाहिम की कमान में तीसरे दल को स्थान की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया था। जैसे ही पहला दल लक्षित मकान के निकट पहुंचा, अंदर मौजूद आतंकवादी सतर्क हो गया और अपनी ओर आने वाले दलों पर उसने एक के बाद एक पांच ग्रेनेड फेंके और बच निकलने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। श्री हरमीत सिंह मेहता, अपर पुलिस अधीक्षक, बडगाम और उनके सहायक श्री सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, अभियान, बडगाम अपनी जान की परवाह न करते हुए मकान के चारों ओर घेराबंदी करने में सफल हो गए।

इसी बीच, दो अन्य दल भी सौंपे गए कार्य के लिए पहुंच गए। पहले दल ने सफलतापूर्वक आतंकवादी को अंदर ही रहने तथा भागने के उसके प्रयास को विफल कर दिया। इसी बीच अंधेरा हो गया और अभियान को रात भर के लिए रोक दिया गया। सुबह होते ही अभियान फिर से आरंभ हुआ और यह निर्णय लिया गया कि अभियान को समाप्त करने के लिए मकान में प्रवेश किया जाए। श्री हरमीत सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, बडगाम तथा दो कांस्टेबल मकान के अंदर जाने के लिए आगे आए। मकान के पिछले वाले हिस्से की दीवार को तोड़कर तथा संकरे रास्ते के जरिए प्रवेश किया गया। जैसे ही दल मकान के अंदर पहुंचे, अंदर छिपा आतंकवादी अंधाधुंध गोलियां चलाता हुआ बाहर आ गया लेकिन दल ने पोजिशन लेकर इसका जवाब दिया। इसी बीच उप पुलिस अधीक्षक, अभियान, बडगाम, श्री सैयद जावीद अहमद तथा उनकी सहायता कर रहे दो कांस्टेबल मामले की गंभीरता भांपते हुए दूसरी ओर से मकान में घुसे तथा उस अपराधी को गिरफ्त में ले लिया जो अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। इसके बाद हुई नजदीकी लड़ाई में आतंकवादी को मार गिराया गया, जिसकी पहचान पाक अधिकृत कश्मीर के निवासी एलईटी के 'ए' श्रेणी के आतंकवादी के रूप में हुई।

बरामदगी:-

1.	एके 47 राइफल	-	01
2.	एके मैगजीन	-	02
3.	एके राउंड	-	35

इस मुठभेड़ में श्री सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.12.2013 से दिया जाएगा ।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 46-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विजय भान,
हेड कांस्टेबल

02. एजाज हुसैन,
फालोवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.04.2013 को गांव क्रैंकशिवान के निकट सेब के उद्यानों में एक विशिष्ट सूचना पर, उप पुलिस अधीक्षक रियाज इकबाल तांत्रे की कमान में पुलिस और सेना 22 आरआर द्वारा एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। पहले, दल ने घेराबंदी किए गए क्षेत्र के अंदर उद्यान में कार्य कर रहे सिविलियनों को निकालना आरंभ किया। जब सिविलियनों को वहां से निकालने का अभियान चल रहा था, तभी आतंकवादियों ने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी और बंधक बनाने की स्थिति पैदा करने का प्रयास किया तथा पुलिस दल की ओर हथगोले भी फेंके। इस समय, हेड कांस्टेबल विजय भान, फालोवर एजाज हुसैन सहित एक पुलिस दल दृढ़ रहा और पुलिस/सेना के बैकअप दलों से कवरिंग गोलीबारी की मदद से सिविलियनों को निकालने के लिए एक-एक इंच रेंगकर आगे बढ़े और एक-एक करके लगभग एक दर्जन सिविलियनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अधिकारियों/कार्मिकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए गोलीबारी में फंसे सिविलियनों की जान की रक्षा करने के लिए जान को जोखिम वाली स्थिति में अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। लोगों की जान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य के प्रति उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट भावना का प्रदर्शन करते हुए दोनों ने सिविलियनों को किसी भी प्रकार की हानि हुए बिना आतंकवादी शबीर अहमद शेख उर्फ शाका पुत्र अब्दुल रहमान शेख, निवासी राजपुरा पलहल्लन का खात्मा करने में सफल रहे।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पुलिस दल ने साहस और धैर्य के साथ जान को जोखिम वाली स्थिति का सामना किया और काफी निकट से आतंकवादियों को उलझाए रखा। आतंकवादी ने पुलिस दल पर तीन हथगोले फेंके जिससे वे बाल-बाल बचे। पुलिस दल ने आतंकवादियों की योजना को विफल कर दिया जो बंधक बनाने की स्थिति पैदा करना चाहते थे और इससे देश के शत्रुओं के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए राष्ट्र और सुरक्षा बलों को बदनाम करना चाहते थे। मारा गया उक्त आतंकवादी विभिन्न क्षेत्रों में रहकर तीन अलग-अलग नामों अर्थात शाका, सुफिया और तमीम का उपयोग करके उत्तरी कश्मीर में सक्रिय था। वह सरपंचों और कुछ अन्य सिविलियनों की हत्या में शामिल था। मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल विजय भान और फालोवर एजाज हुसैन की भूमिका साहसिक, अनुकरणीय और महत्वपूर्ण रही।

बरामदगी:-

1.	एके सीरीज राइफल	-01
2.	एके सीरीज मैगजीन	-01
3.	एके राउंड	-01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विजय भान, हेड कांस्टेबल और एजाज हुसैन, फालोवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 47-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अब्दुल वाहिद शाह,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.01.2014 को अवंतीपुरा के ददसारा क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के संबंध में अवंतीपुरा पुलिस को एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 03 आरआर के साथ श्री अब्दुल वाहिद शाह, पुलिस अधीक्षक, अवंतीपुरा के नेतृत्व में एक पुलिस दल क्षेत्र की ओर गया और कुछ सामरिक स्थानों पर विशेष नाके स्थापित किए। लगभग 1830 बजे, दल ने एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी जो एनएचडब्ल्यू पर कुछ विनाशकारी गतिविधि करने के उद्देश्य से अवंतीपुरा की ओर जा रहा था। सुरक्षा बलों की उपस्थिति देखकर, आतंकवादी ने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की और आवासीय क्षेत्र की ओर बचकर भागने का प्रयास किया। अभियान दल का नेतृत्व कर रहे श्री अब्दुल वाहद शाह, पुलिस अधीक्षक ने अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादी का पीछा किया और उसे पास के आवासीय क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए पेशेवर तरीके से उसे घेर लिया। पहले आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तथापि, उसने ऐसा करने से मना कर दिया और अभियान दल पर पुन: अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकवादी एक ओर से एक बड़े अखरोट के पेड़ और दूसरी ओर से एक ऊंचे ढांचे के पीछे छिप गया। कुछ विचार-विमर्श के बाद, दो अलग-अलग दलों; एक श्री अब्दलु वाहिद शाह, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में और दूसरा श्री परवेज अहमद, एसडीपीओ, अवंतीपुरा के नेतृत्व में, द्वारा दो विपरीत दिशाओं से आतंकवादी तक पहुंचने का निर्णय लिया गया। दलों ने सावधानी पूर्वक घेरे को सख्त किया और आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से आधा घंटे तक गोलीबारी हुई ओर फिर दूसरी ओर से गोलीबारी बंद हो गई। कम दृश्यता के कारण यह तय करना मुश्किल था कि आतंकवादी मारा गया अथवा नहीं। श्री अब्दुल वाहिद शाह, पुलिस अधीक्षक ने अपनी जान को जोखिम में डालकर आतंकवादी के मारे जाने का पता लगाने के लिए एक छोटे पुलिस दल के साथ आगे जाने का निर्णय लिया। आगे बढ़ते समय, आतंकवादी, जो गोलीबारी में घायल हो गया था और मृत होने का बहाना कर रहा था, ने अचानक अपनी ओर आते अधिकारियों की ओर ग्रेनेड फैंकने का प्रयास किया। तथापि, पुलिस अधीक्षक अवंतीपुरा ने फुर्ती से कार्रवाई की और निडर तरीके से आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया। बाद में मृत आतंकवादी की पहचान क्वारिलड्रेस उर्फ आदिल, निवासी पाकिस्तान, क्षेत्र में जेईएम संगठन स्वयंभू डिवीजनल कमांडर के रूप में हुई जो अनेक विनाशकारी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार था। इस सम्पूर्ण अभियान के दौरान, श्री अब्दुल वाहिद शाह, पुलिस अधीक्षक, अवंतीपुरा ने अपने कर्तव्य से बढ़कर उत्कृष्ट भूमिका निभाई और वीरतापूर्ण कार्य किया।

बरामदगी:-

1.	राइफल एके	-	01
2.	एके मैगजीन	-	05
3.	वायरलै ऐटीना	-	01
4.	चीन में निर्मित ग्रेनेड	-	02
5.	जिन्दा राउंड एके	-	202
6.	मैट्रिक्स शीट	-	03
7.	पाकिस्तानी करेंसी	-	सौ रू. का एक नोट
8.	भारतीय करेंसी	-	17210/-रूपए

इस मुठभेड़ में श्री अब्दलु वाहिद शाह, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 48-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अब्दुल जब्बार,
   अपर पुलिस अधीक्षक

2. जुल्फकार अहमद शाहीन,
   उप पुलिस अधीक्षक

3. मुश्ताक अहमद,
   एसजीसीटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.12.2012 को, एक विशिष्ट सूचना पर दो दलों के तहत गांव डाडीपुरा, कुलगाम में पुलिस (एसओजी कुलगाम), 9 आरआर और 18वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया जिसमें पहले दल का नेतृत्व अब्दुल जब्बार आईपीएस, एएसपी कुलगाम और दूसरे दल का नेतृत्व जुल्फकार अहमद शाहीन, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) कुलगाम ने किया। अभियान दलों के आगमन को भांपकर, आतंकवादियों ने लक्षित मकान के अंदर से भारी गोलीबारी और ग्रेनेड फेंकना आरंभ कर दिया। गोलीबारी का जबाव दिया गया, तथापि, आतंकवादी खिड़की से मकान से बाहर कूद गए और भारी गोलीबारी करते हुए खुले क्षेत्र की ओर भागे। अभियान दलों ने भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया जो लगातार बचने का प्रयास कर रहे थे और अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखते हुए और भागते हुए वे पास के सेब के बाग में चले गए।

इसी बीच, अब्दलु जब्बार, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक कुलगाम ने गांव कानीपुरा की सीमा रेखा पर पश्चिमी ओर से भाग रहे आतंकवादियों को प्रभावी रूप से घेर लिया। पीछा करने के दौरान, 9 आरआर के एक सिपाही और जुल्फाकर अहमद शाहीन, उप पुलिस अधीक्षक दोनों को एक-एक गोली लगी। तथापि, पीछा करना लगातार जारी रहा और इसके साथ-साथ घायल सिपाही को वहां से निकाला गया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुलगाम की कमान में कुलगाम पुलिस और सेना का अतिरिक्त सैन्य दल गांव कानीपुरा पहुंचा और पीछा करने में शामिल हो गया। दो किलोमीटर तक लगातार पीछा करने के पश्चात पीछा करने वाला दल और अतिरिक्त सैन्य दल पोपलर पेड़ों के झुंड में आतंकवादियों को घेरने में सफल हो गए। यह भांपकर, आतंकवादियों ने पेड़ों के झुंड के बीच लकड़ी के गट्ठों के ढेर के पीछे कवर लिया और अभियान दलों पर गोलीबारी/ग्रेनेड फेंकना जारी रखा। प्रभावी कवर फायर के तहत, हेड कांस्टेबल नियाज अहमद छिपे हुए आतंकवादियों को घायल करने में सफल हुए और उनमें से एक का खात्मा कर दिया। तथापि, दूसरे आतंकवादी ने इस बहादुर पुलिसकर्मी के हाथों अपने खात्मे को भांपकर, उक्त पुलिस कर्मियों पर तुरंत गोलीबारी की और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि जुल्फकार अहमद शाहीन, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) और एसजीसीटी मुश्ताक अहमद भी घायल हो गए। ऐसे समय में, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय कुलगाम ने अपने दल के साथ उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन किया, रेंगकर चले और घायल कर्मियों को वहां से निकाला, लेकिन दुर्भाग्यवश हेड कांस्टेबल नियाज अहमद की घायल होने के कारण मौत हो गई। आगे बढ़ रहे दलों की प्रभावी गोलीबारी के तहत दूसरा आतंकवादी भी मारा गया।

बरामदगी:-

1.	एके 47 राइफल	-	02
2.	मैगजीन एके	-	06
3.	गोलाबारुद एके जिंदा	-	07 राउंड
4.	गोलाबारुद पाउच	-	02
5.	डायरी	-	01

6.	मैट्रिक्स शीट	-	01
7.	चीन में निर्मित हैंड ग्रेनेड जिंदा	-	02 (नष्ट किए गए)
8.	चीन में निर्मित हैंड ग्रेनेड उपयोग किए गए	-	03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अब्दुल जब्बार, अपर पुलिस अधीक्षक, जुल्फकार अहमद शाहीन, उप पुलिस अधीक्षक एवं मुश्ताक अहमद, एसजीसीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 49-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	अब्दुल कयूम, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	बसीर अहमद, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	मुख्तार अहमद, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.01.2014 को, एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, गांव दूरू सोपोर (बारामुला) में 22 आरआर के सैन्य दल के साथ सोपोर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। श्री अब्दुल कयूम - केपीएस, पुलिस अधीक्षक सोपोर ने अभियान दल का नेतृत्व किया और भाग लेने वाले सभी अधिकारियों को यह स्पष्ट किया कि मुठभेड़ में छिपे हुए आतंकवादियों को उलझाते समय कोई सिविलियन हताहत नहीं होना चाहिए। नेतृत्व क्षमता और व्यावसायिक नीतिशास्त्र संबंधी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए अधिकारी अग्रिम दल का नेतृत्व करने और छिपे हुए आतंकवादियों से पहला युद्ध आरंभ करने के लिए स्वयं आगे आए। लक्षित मकान की ओर आगे बढ़ते समय, छिपे हुए आतंकवादियों ने लक्षित स्थल की ओर आगे बढ़ने से उन्हें रोकने के लिए अग्रिम दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलियों की आवाज सुनकर एक मस्जिद सहित पास के घरों में फंसे सिविलियनों ने शोर मचा दिया जिससे अग्रिम दल को पास के घरों/मस्जिदों से सिविलियनों से सुरक्षित बाहर निकालने तक गोलीबारी बंद करनी पड़ी। इसी बीच, अग्रिम दल को बैकअप/अतिरिक्त सैन्य दल उपलब्ध कराने के लिए पास की गलियों में पर्याप्त दूरी पर सोपोर पुलिस और 22 आरआर के कार्मिकों का बैकअप दल भी रखा गया। घेरे में लक्षित घर की ओर ध्यान केन्द्रित किया गया और अधिकारी ने स्थिति की गंभीरता को भांपकर एक ओर आतंकवादियों को उलझा कर रखने की रणनीति बनाई और दूसरी ओर अधिकारी के नेतृत्व में दल सिविलियनों को बाहर निकालने के लिए रक्षक वाहन में पास वाले घर की ओर बढ़ा। सिविलियनों को निकालने के बाद, अंतिम हमले के लिए रणनीति बनाई गई। पुलिस दल द्वारा लक्षित मकान की ओर गोलीबारी आरंभ की गई और एक दिशा खाली रखी गई। छिपे हुए दो आतंकवादियों ने सैन्य दल को गोलीबारी में उलझाए रखा। यह देखकर, श्री अब्दुल कयूम, पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व में पुलिस दल ने असाधारण अभियान क्षमता का प्रदर्शन किया और लक्षित मकान के अहाते में दोनों आतंकवादियों को निष्क्रिय कर दिया। खाली दिशा से गोलीबारी की आवाज सुनकर फंसे हुए आतंकवादी ने मुठभेड़ स्थल से बचने के प्रयास में दो ग्रेनेड फेंके, लेकिन श्री अब्दुल कयूम और अग्रिम दल के उनके सहयोगी सदस्यों नामत: हेड कांस्टेबल बसीर

अहमद, 16 एआरपी और कांस्टेबल मुख्तार अहमद की कुशल योजना से बचे हुए आतंकवादी के प्रयास असफल हो गए। आतंकवादी ने बचने का कोई रास्ता न देखकर अग्रिम दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए और ग्रेनेड फेंकते हुए घर के मुख्य द्वार से बाहर आया, लेकिन कर्तव्य के लिए सब कुछ बलिदान करने की परंपरा के अनुसार अधिकारी ने हेड कांस्टेबल बसीर अहमद और कांस्टेबल मुख्तार अहमद की मदद से आतंकवादी पर आक्रामक हमला किया और दोनों दलों के बीच भंयकर मुठभेड़ के बाद उसे वहीं पर ढेर कर दिया। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान अब्दुल-हसन-डिवीजनल कमांडर (जेईएम), फारूक और रिजवान, सभी पाकिस्तानी निवासी, के रूप में की गई। ये आतंकवादी पुलिस कर्मियों/सिविलियनों की हत्या सहित अनेक आतंकवादी कार्रवाइयों में शामिल थे।

सम्पूर्ण अभियान में, श्री अब्दुल कयूम, पुलिस अधीक्षक सोपोर, हेड कांस्टेबल बसीर अहमद और कांस्टेबल मुख्तार अहमद की भूमिका साहसिक, अनुकरणीय और महत्वपूर्ण रही, जिसके परिणामस्वरूप तीन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया।

बरामदगी:-

1.	एके 47	-	03
2.	एके 47 मैगजीन	-	04
3.	एके 47 राउंड	-	123
4.	हैंड ग्रेनेड	-	04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अब्दुल कयूम, पुलिस अधीक्षक, बसीर अहमद, हेड कांस्टेबल एवं मुख्तार अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 50-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शोकत हुसैन,
पुलिस अधीक्षक

02. इम्तियाज इस्माइल पर्रे,
पुलिस अधीक्षक

03. मुमताज अली,
उप पुलिस अधीक्षक

04. रमीज अहमद भट,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 फरवरी, 2014 को गांव - गगलूरा पिंजुरा शोपियां में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना पर, पुलिस शोपियां/कुलगाम/श्रीनगर और 44 आरआर ने उक्त गांव में छिपे हुए आतंकवादियों को पकड़ने/समाप्त करने के लिए

संयुक्त अभियान चलाया। उक्त गांव में छिपे हुए आतंकवादियों की कुख्याति को देखते हुए स्थिति का अंदाजा लगाने के बाद अभियान दल को विभाजित किया गया और पुलिस अधीक्षक शोपियां, पुलिस अधीक्षक कुलगाम, पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी, श्रीनगर और उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) इमाम साहब के नेतृत्व में चार हमला दल बनाए गए। छिपे हुए दलों ने चारों ओर से आतंकवादियों को घेर लिया और आतंकवादियों को घटना स्थल से बचकर निकलने के लिए कोई अवसर नहीं दिया। यह देखकर कि कुछ सिविलियन घटना स्थल के चारों ओर फंसे हुए हैं, श्री शोकत हुसैन, पुलिस अधीक्षक, शोपियां, इम्तियाज इस्माइल पर्रे - आईपीएस, पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी, श्रीनगर, मुमताज अली, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) इमाम साहब और कांस्टेबल रमीज अहमद भट अपनी जान की परवाह किए बिना आगे आए और कुशलतापूर्वक सभी सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसी बीच, छिपे हुए आतंकवादियों से समर्पण करने के लिए कहा गया, जिस पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया और अभियान दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। शोकत हुसैन, पुलिस अधीक्षक शोंपियां, इम्तियाज इस्माइल पर्रे-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी श्रीनगर, मुमताज अली, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) इमाम साहब के नेतृत्व में पुलिस दल और कांस्टेबल रमीज अहमद भट ने आगे आकर छिपे हुए आतंकवादियों को भीषण गोलीबारी में उलझाया ओर छिपे हुए दोनों आतंकवादियों को मार गिराने में सफल रहे। यह अभियान इतने व्यावसायिक तरीके से चलाया गया था कि न तो कोई सिविलियन हताहत हुआ और न ही कोई समानांतर क्षति हुई। शोकत हुसैन, पुलिस अधीक्षक, शोपियां, इम्तियाज इस्माइल पर्रे-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी, श्रीनगर, मुमताज अली, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) इमाम साहब और कांस्टेबल रमीज अजमद भट, जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़कर अभियान दल का नेतृत्व किया, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता एवं विशिष्ट साहस, उल्लेखनीय था क्योंकि अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास वास्तव में साहसिक था। अधिकारियों/पदाधिकारियों ने सूझबूझ और व्यावसायिकता के द्वारा सिविलियनों को हताहत होने और किसी समानान्तर क्षति को रोकने में साहस का प्रदर्शन किया। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान अरशिद अहमद शेख उर्फ उमर (एचएम संगठन का स्वयंभू जिला कमांडर) पुत्र बशी अहमद शेख, निवासी हरिपुरा शोपियां, वर्ष 2011 से सक्रिय और आबिद हुसैन राठर, निवासी वाहिल शोपियां, वर्ष 2013 से सक्रिय, के रूप में हुई।

बरामदगी:

1.	एसएलआर	-	01
2.	इन्सास	-	01
3.	एसएलआर मैगजीन	-	03
4.	इन्सास मैगजीन	-	01
5.	एसएलआर राउंड	-	80
6.	ग्रेनेड	-	06

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शोकत हुसैन, पुलिस अधीक्षक, इम्तियाज इस्माइल पर्रे, पुलिस अधीक्षक, मुमताज अली, उप पुलिस अधीक्षक एवं रमीज अहमद भट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 51-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मकसूद उल जमान बाबा,
पुलिस अधीक्षक

02. जाकिर हुसैन मीर,
एसजीसीटी

03. परवेज अहमद खान,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.03.2014 को पीडी हंदवाड़ा में गांव मलिकपुरा विलगाम में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस हंदवाड़ा के साथ 6 आरआर द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। घेराबंदी करने के तुरंत बाद एक विशिष्ट घर में आतंकवादियों की उपस्थिति सिद्ध हुई और अचानक तलाशी दल लक्षित घर से भारी गोलीबारी में घिर गया। आतंकवादियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी से लक्षित घर और आस-पास के घरों से सिविलियनों को बचाने का कार्य और मुश्किल हो रहा था। इस पर, श्री मकसूद उल जमान बाबा के नेतृत्व में पुलिस का एक मुख्य दल, जिसकी सहायता एसजीसीटी जाकिर हुसैन मीर और कांस्टेबल परवेज अहमद खान कर रहे थे, इस कार्य के लिए सामने आया। पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा की सतर्क योजना और नेतृत्व क्षमता के तहत इस बचाव दल ने अपनी जान को जोखिम में डाला और लक्षित घर के अंदर फंसे मवेशियों सहित सभी सिविलियनों को बाहर निकाला। निकासी के दौरान, खूंखार आतंकवादी बचाव दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। तथापि, अत्यधिक सावधानी के साथ सभी सिविलियनों को सुरिक्षत बाहर निकाला गया। आतंरिक घेराबंदी करते समय, घर में फंसे आतंकवादियों ने ग्रेनेड फैंके और दल पर अंधाधुंधं गोलीबारी की। तथापि, पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा ने अत्यधिक साहस और व्यावसायिक कुशाग्रता का प्रदर्शन करते हुए जवाबी कार्रवाई की और अपने दल की मदद से बाहर निकलने के सभी मार्ग बंद कर दिए। पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा ने अपने दल को इस तरह से पोजीशन किया कि आतंकवादियों के चारों और अभेद्य घेराबंदी सुनिश्चित की जा सके। श्री मकसूद उल जमान बाबा, पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा के नेतृत्व वाले पुलिस दल, जिसकी सहायता एसजीसीटी जाकिर हुसैन मीर और और कांस्टेबल परवेज अहमद खान कर रहे थे, के आगे बढ़ने से हताश होकर आतंकवादियों ने अभियान दल को गुमराह करने और भागने के लिए जगह बनाने के उद्देश्य से भ्रामक गोलीबारी आरंभ कर दी। तथापि, श्री मकसूद उल जमान बाबा, पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा की सतर्क योजना और एसजीसीटी जाकिर हुसैन मीर और कांस्टेबल परवेज अहमद खान की अग्रणी सहायता से गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया गया जिसके परिणामस्वरूप दो खूंखार आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों ने पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा के नेतृत्व वाले अग्रिम दल पर ग्रेनेड फेंक कर और भारी गोलीबारी करके उन्हें निशाना बनाने का भी प्रयास किया लेकिन वे अपनी सूझबूझ और युक्तिपूर्ण कुशाग्रता से आतंकवादियों के निकट पहुंचने में सफल रहे। बाद में मारे गए आतंकवादियों की पहचान अबु हुरायरा निवासी पाकिस्तान और अबु तल्हा निवासी पाकिस्तान के रूप में की गई जो लश्करे-तैयबा संगठन के सर्वाधिक वांछित आतंकवादी के और उत्तरी कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे थे। यहां यह उल्लेख करना काफी महत्वपूर्ण है कि आतंकवादी अबु हुरायरा, निवासी पाकिस्तान पिछले छह सालों से नए भर्ती होने वालों के लिए लश्करे तैयबा का समन्वयक-सह-मददगार था और पुलिस तथा सुरक्षा बलों पर अनेक हमलों का मास्टर माइंड भी था। सम्पूर्ण अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक मकसूद उल जमान बाबा, एसजीसीटी जाकिर हुसैन मीर और कांस्टेबल परवेज अहमद खान ने अदम्य वीरता, अद्वितीय साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया और सिविलियनों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

बरामदगी:

01.	एके 47 राइफल-02	(01 क्षतिग्रस्त/जली हुई)
02.	एके मैगजीन-04	(02 क्षतिग्रस्त/जली हुई)
03.	एके गोलाबारुद	15 राउंड
04.	हैंड ग्रेनेड (चीन में निर्मित)-02	(नष्ट किए हुए)
05.	रेडियो सेट आईकोम(आईसीओएम)	-01 (क्षतिग्रस्त)
06.	कैंची	- 01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मकसूद उल जमान बाबा, पुलिस अधीक्षक, जाकिर हुसैन मीर, एसजीसीटी एवं परवेज अहमद खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 52-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री तनवीर अहमद जीलानी,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.01.2014 को गांव बेगपुरा अवंतीपुरा में एक आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में पुलिस अवंतीपुरा को एक सूचना मिली। तदनुसार, 55 आरआर के साथ श्री तनवीर अहमद जीलानी परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक (एसएचओ पुलिस स्टेशन अवंतीपुरा) के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने क्षेत्र में गश्त लगाई। लगभग 1800 बजे, दल ने किसी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी जो रेलवे लाइन को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस के वाहन को देखकर उस व्यक्ति ने उन की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की और बच कर निकलने तथा पास के रेलवे स्टेशन में घुसने का प्रयास किया। श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक (परिवीक्षाधीन) ने अग्रणी भूमिका निभाई और आतंकवादी के विरुद्ध आक्रमण करने के लिए स्वयं आगे आए। उन्होंने रणनीतिक तरीके से रेलवे स्टेशन के पास आतंकवादी को घेर लिया और उसे रेलवे स्टेशन में घुसने के लिए मजबूर किया। अंधेरे को देखते हुए, उस क्षेत्र में उसकी सही-सही स्थिति का पता लगाना मुश्किल था, तथापि, आतंकवादी की ओर से हो रही गोलीबारी से उसकी दिशा के बारे में पता चल रहा था। इसी बीच, पुलिस अधीक्षक अवंतीपुरा भी अपनी क्यूआरटी के साथ अभियान में शामिल हो गए और गोलीबारी शुरू हो गई। कुछ देर के बाद, आतंकवादी की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। यह सुनिश्चित करना मुश्किल था कि आतंकवादी मारा गया अथवा नहीं। तथापि, श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक (परिवीक्षाधीन) अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़े और एक पेशेवर तरीके से आतंकवादी की ओर बढ़े। आतंकवादी, जिसे गोली लगी थी और मृत होने का नाटक कर रहा था, ने अचानक श्री तनवीर अहमद जीलानी के नेतृत्व में अपनी ओर बढ़ रहे दल की ओर अचानक ग्रेनेड फेंका, लेकिन अधिकारी ने तीव्रता से कार्रवाई की और आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे वहीं पर मार गिराया। बाद में मृत आतंकवादी की पहचान हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के वसीम अहमद डार पुत्र मोहम्मद युसुफ डार निवासी डगरीपुरा अवंतीपुरा के रूप में हुई। उक्त आतंकवादी क्षेत्र में अनेक आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था और उसने लोगों के बीच आतंक का माहौल बना रखा था।

बरामदगी:

1.	एके 56 राइफल	- 01	
2.	एके मैगजीन	- 04	(01क्षतिग्रस्त)
3.	एके राउंड	- 60	
4.	चीन में निर्मित ग्रेनेड	- 01	
5.	थैली (पाउच)	- 01	
6.	सेना की बेल्ट	- 01	

इस मुठभेड़ में श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 53-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. फैयाज हुसैन,
अपर पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद आफताब अवान,
उप पुलिस अधीक्षक

03. दिलबेर सिंह,
हेड कांस्टेबल

04. जफर इकबाल नाइक,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.02.2014 को दर्दपुरा लोलाब (कुपवाड़ा) के वन क्षेत्र मे आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर, 18/31 आरआर के साथ कुपवाड़ा पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। श्री फयाज हुसैन-अपर पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और मोहम्मद आफताब अवान-उप पुलिस अधीक्षक के अलावा अभियान की कमान का दायित्व पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा ने लिया। अभियान की योजना बनाई गई और लक्षित क्षेत्र को सील किया गया। बचने के सभी मार्गों को बंद किया गया और सभी दिशाओं से तलाशी आरंभ की गई। तलाशी अभियान के दौरान, जंगलों के अंदर आतंकवादियों की आवाजाही देखी गई। चूंकि आतंकवादी जंगल के ऊंचे स्थान पर थे और अभियान दलों की तुलना में बेहतर पोजीशन पर थे, जो जंगल के निचले भाग में थे, और इसलिए अभियान दलों के लिए छिपे हुए आतंकवादियों को समाप्त करना कठिन कार्य था। स्थिति को भांपकर, श्री फयाज हुसैन-अपर पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और श्री मोहम्मद आफताब अवान-उप पुलिस अधीक्षक, हेड कांस्टेबल दिलबेर सिंह और कांस्टेबल जफर इकबाल नाइक के साथ अपनी जान की परवाह किए बिना लक्षित स्थल की ओर आगे बढ़ने के लिए स्वयं आगे आए। अभियान दलों को आगे बढ़ता देखकर, छिपे हुए आतंकवादियों ने उक्त दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन अभियान क्षमताओं और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए श्री फयाज हुसैन-एएसपी कुपवाड़ा और श्री मोहम्मद आफताब अवान-उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस दल ने तीव्रता से कार्रवाई की और बस्ती वाले गांव (सैयदपुरा) जाने के जंगल मार्ग से होकर घटना स्थल से बच निकलने के आतंकवादियों के मौके को समाप्त कर दिया। चारों ओर पुलिस की तैनाती को भांपकर आतंकवादियों ने जंगल में पेड़ों का सहारा लिया और पुलिस दल पर पुन: अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। हमला दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखा और सफलतापूर्वक उन्हें उलझाए रखा। चूंकि आतंकवादियों की संख्या अधिक थी, इसलिए उन्हें एकांत स्थल पर ले जाना कठिन कार्य था, लेकिन श्री फयाज हुसैन एएसपी कुपवाड़ा और श्री मोहम्मद आफताब अवान- उप पुलिस अधीक्षक के साथ हेड कांस्टेबल दिलबेर सिंह और कांस्टेबल जफर इकबाल नाइक वाला अभियान दल बहादुरी से लड़ा और पहली ही बार 02 आतंकवादी मार गिराए गए। अन्य छिपे हुए आतंकवादी अपनी दो साथियों के मार गिराए जाने से हताश हो गए और खुले में आ गए तथा सभी दिशाओं से पुलिस दल पर गोलीबारी की। पुलिस दल ने अपना धैर्य नहीं खोया और

प्रभावी रूप से जबावी कार्रवाई की जिसके परिणामस्वरूप 03 और आतंकवादी मार गिराए गए। शेष दो आतंकवादियों ने सभी दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए घटना स्थल से भागने का प्रयास किया लेकिन सतर्क अभियान दल ने उनके प्रयास को विफल कर दिया और सफलतापूर्वक उनको भी मार गिराया। यह अभियान दिनांक 24.02.2014 की देर रात तक चला और दिनांक 25.02.2014 तक जंगलों की पूर्ण तलाशी ली गई। भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद की बरामदगी के अलावा कुल 07 आतंकवादी मारे गए। मारे गए सभी आतंकवादी विदेशी थे और एलईटी संगठन से सम्बद्ध थे तथा उनमें से 06 आतंकवादियों की पहचान हो गई है।('क' श्रेणी के अंतर्गत आतंकवादी)।

पुलिस अधिकारियों के आत्म दृढ़ निश्चय, कार्य करने की उच्च भावना और अभियान संबंधी क्षमताओं के कारण एक नजदीकी लडाई हुई और एक लम्बे अभियान के पश्चात छिपे हुए सभी उग्रवादी मारे गए।

बरामदगी:

24.02.2014

1.	एके 47	-	07
2.	मैगजीन एके 47	-	07
3.	एके 47 राउंड	-	137
4.	हैंड ग्रेनेड	-	03
5.	कम्पास	-	01

26.06.2014

1.	मैगजीन एके 47	-	10
2.	एके 47 राउंड	-	211
3.	यूबीजीएल	-	03
4.	जीपीएस	-	03
5.	हैंड ग्रेनेड	-	02
6.	चीन में निर्मित हैंड ग्रेनेड	-	03
7.	यूबीजीएल ग्रेनेड	-	01
8.	कम्पास	-	01
9	आईकाम (आईसीओएम) सेट	-	01
10	गोलाबारूद थैली	-	01
11.	मैट्रिक्स शीट	-	02
12.	नक्शा (शीट)	-	02
13.	मोबाइल (टूटे हुए)	-	02

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री फयाज हुसैन, अपर पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद आफताब अवान, उप पुलिस अधीक्षक, दिलबेर सिंह, हेड कांस्टेबल और जफर इकबाल नाइक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 54-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक को प्रथम बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. पवन कुमार सिंह, (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
अपर पुलिस अधीक्षक

02. दीपक कुमार पाण्डेय, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन घाघरा, जिला-गुमला, झारखंड के अंतर्गत गांव इचा और चमरू के निकट वन क्षेत्र में नकुल यादव, सदस्य, बीआरसी के नेतृत्व में क्षेत्रीय कमांडर सरबजीत यादव उर्फ नवीन, जोनल कमांडर सुशील गंझू, मुनेश्वर, दिनेश, रवीन्द्र गंझू और लाल मन सिंह खेरवार तथा सब-जोनल कमांडर मदन यादव और सक्रिय दस्ते के सदस्यों जिनकी संख्या 40-50 थी, सहित शीर्ष सीपीआई (माओवादी) नेताओं की उपस्थिति के संबंध में खुफिया जानकारी के आधार पर, जो घातक हथियारों से लैस थे और सुरक्षा बलों पर बड़ा हमला करने की योजना बना रहे थे। सूचना प्राप्त होने पर नक्सली गुट के घृणित इरादे को विफल करने के उद्देश्य से दिनांक 24.02.2014 को 1615 बजे एक विशेष अभियान "बजरंग" की योजना बनाई गई। श्री पवन कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (अपरेशन) गुमला और श्री दीपक कुमार पाण्डेय एसडीपीओ के नेतृत्व में जिसमें श्री ए.के. सिंह उप कमांडेंट की कमान में 218 बटालियन सीआरपीएफ के 40 जवानों सहित सैन्य दल शामिल थे, का एक संयुक्त अभियान दल बनाया गया।

अभियान दल बिना कोई समय गवाएं नक्सलियों की जघन्य योजना को निष्क्रिय करने के लिए युक्तिपूर्वक इचा गांव की ओर बढ़े। अभियान दल अभियान की इष्टतम गोपनीयता बनाए रखने के लिए गांवों में न जाकर टुकड़ों में गांव गम्हरिया घाघरा तक वाहन से और इसके बाद जंगल तथा उबड़ खाबड़ क्षेत्र में पैदल चला। लगभग चार घंटे पैदल चलने के बाद लगभग 0130 बजे दल इचा गांव के बाहर पंचायत भवन के निकट पहुंचा। वहां पहुंचने पर जब दल नक्सलियों की स्थिति का पता लगाने का प्रयास कर रहा था, नक्सलियों को पुलिस के आगमन की जानकारी मिल गई और दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। इस गोलीबारी में श्री पवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, आपरेशन गुमला और श्री दीपक कुमार पाण्डेय, एसडीपीओ, गुमला जो आगे से दल का नेतृत्व कर रहे थे, गोलियों से बाल बाल बचे। नक्सली सैन्य दल को आत्मसमर्पण करने के लिए कह रहे थे क्योंकि वे किसी भी प्रकार के हमले तथा आक्रमण को विफल करने के लिए बेहतर स्थिति में थे। पुलिस दल को बड़ी संख्या में हताहत करने और उनके मनोबल तथा दृढ़ निश्चय को तोड़ने के लिए उन्होंने कुछ ग्रेनेड भी फेंके। माओवादी क्षेत्रीय कमांडर सरबजीत यादव उर्फ नवीन पूर्वी दिशाओं से पुलिस दल को घेरने के लिए जोनल कमांडर रविन्द्र गंझू, जोनल कमांडर सुशील गंझू, जोनल कमांडर लालमन सिंह खेरवार, सब जोनल कमांडर मदन यादव और अन्य नक्सली कमांडरों का मार्ग दर्शन कर रहा था और उन्हें पुलिस के हथियार छीनने का भी निर्देश दिया। इसके तुरंत बाद, फंसे हुए पुलिस दल को निशाना बनाकर एलएमजी पोजीशन से भारी गोलीबारी की गई। श्री पवन कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, आपरेशन गुमला और श्री दीपक कुमार पाण्डेय, एसडीपीओ, गुमला ने स्थिति को भांपकर अपने दल को कवर लेने का निर्देश दिया और भारी संख्या में हताहत होने से बचने तथा क्षेत्र हथियारों के साथ समतल प्रक्षेप-पथ से जवाबी कार्रवाई के लिए अपने दल को युक्तिपूर्वक तितर-बितर कर दिया। श्री पवन कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक गुमला ने श्री ए के सिंह, उप कमांडेंट को माओवादियों की एलएमजी पोजीशन को निशाना बनाते हुए 51 एम एम मोर्टर का उपयोग करने के लिए कहा। साथ-साथ उन्होंने 218 सीआरपीएफ, एएसआई जी.एस. तोमर, को भी नक्सली पोजीशन पर पैरा बम फेंकने का निर्देश दिया और नक्सली दस्ते के साथ मुठभेड़ के बारे में पुलिस अधीक्षक गुमला को टेलिफोन पर सूचित भी किया। इसी बीच कांस्टेबल पुनाई ओरां, कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल सुबोध कुमार, कांस्टेबल रंजीत कुमार जो अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन और एसडीपीओ के साथ थे, ने नक्सलियों पर गोलीबारी जारी रखी। श्री पवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन गुमला और दीपक कुमार पाण्डेय ने बिना समय गवांए स्थिति का जायजा लिया और नक्सलियों से लड़ने के लिए रणनीति बनाई। दोनों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अदम्य साहस का प्रदर्शन किया अपने दल के प्रत्येक जवान से मिलने के लिए रेंगकर चलते रहे और नक्सलियों से प्रभावी रूप से लड़ने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। जब गोलीबारी

हो रही थी, तो कुछ नक्सलियों ने अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर कुछ घृणित इरादे के साथ श्री पवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, आपरेशन श्री दीपक कुमार पाण्डेय एसडीपीओ के दल के निकट आने का प्रयास किया लेकिन इन दोनों कमांडरों ने उनकी पोजीशन को देख लिया और उन्होंने तत्काल पोजीशन ली और उन पर भारी गोलीबारी की। भारी गोलीबारी के लगभग 10 मिनट बाद अपर पुलिस अधीक्षक, आपरेशन, गुमला और एसडीपीओ गुमला उन पर भारी साबित हुए। इसके बाद नक्सलियों की स्थिति कमजोर हो गई और उन्होंने घटना स्थल से भागना शुरू कर दिया। लगभग दो घंटे तक रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही, लेकिन अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर नक्सली घटना स्थल से भागने में सफल रहे। अभियान दल ने समूचे क्षेत्र को घेर लिया और भोर होने तक वहीं रहे। इसी बीच पुलिस अधीक्षक, गुमला, कमांडेंट, 218 बटालियन, सीआरपीएफ के साथ अतिरिक्त सैन्य दल युक्तिपूर्वक घटनास्थल की ओर भागा और लगभग 0500 बजे घटना स्थल पर पहुंच गया तथा वहां उपस्थित सैन्य दल के सहयोग से क्षेत्र की घेराबंदी की। भोर होने पर मुठभेड़ स्थल की पूरी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक नियमित एसएलआर राइफल के साथ एक अज्ञात माओवादी का शव बरामद हुआ। मृत नक्सली और उसके पास पड़ी भरी हुई एसएलआर के अलावा तीन अलग-अलग स्थानों पर खून के धब्बे और खींचने के निशान भी मिले जो यह इशारा कर रहे थे कि इस मुठभेड़ में कुछ और नक्सली घायल हुए थे लेकिन वे अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए थे। अलग-अलग स्थानों पर शालें, चादरें और जूते भी पड़े हुए मिले जो नक्सलियों ने भागते समय पीछे छोड़ दिए होंगे। घटना स्थल पर मजिस्ट्रेट के आगमन पर, मृत नक्सली की पूरी तलाशी ली गई और उसके पास से अनेक सामग्रियां बरामद हुईं जो इस प्रकार हैं: 10 राउंड वाली एक मैगजीन के साथ 01 नियमित एसएलआर राइफल, थैले से एसएलआर के 85 जिंदा राउंड, 02 खाली खोखे, 05 मोबाइल सेट, 08 सिमकार्ड, मेमोरी कार्ड और उसके बैग (पिट्ठू) से 49 हजार रु.। तलाशी के बाद सम्पूर्ण दल दिनांक 25.02.2014 को लगभग 1340 बजे युक्तिपूर्वक गुमला वापस लौट आया। बाद में, मृत नक्सली की पहचान लालमन सिंह खेरवार के रूप में की गई जो कोएल संख जोन के अंतर्गत आने वाले लोहरदग्गा सब-जोन का जोनल कमांडर था।

सम्पूर्ण अभियान अनुकरणीय तरीके से निष्पादित किया गया जो सैन्य दल की किसी हानि अथवा उनके घायल हुए बिना सफल अभियान का विशिष्ट उदाहरण है। इस सफल अभियान से सुरक्षा कर्मियों का मनोबल बढ़ा है और आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा । इस अभियान से झारखंड में संसदीय चुनाव से ठीक पहले नक्सलियों के मनोबल और तैयारी को अप्रत्याशित क्षति पहुंची।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक और दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 55-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संजय कुमार यादव
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.09.2012 को गांव रब्दा (जुरी), पुलिस स्टेशन प्रतापपुर, जिला चतरा (झारखंड) में जानकी भुंइया के घर में अपने दस्ते के 15 सशस्त्र सदस्यों के साथ अरविन्द मुखिया, सब जोनल कमांडर के माओवादी दस्ते की उपस्थिति के संबंध में खुफिया जानकारी के आधार पर, एसडीपीओ चतरा श्री सादिक अनवर रिज़वी और उप कमांडेंट कोबरा-203 श्री पी.आर. मिश्रा की कमान में जिला पुलिस चतरा और कोबरा-203 का एक संयुक्त दल बनाया गया। इस संयुक्त दल में अधिकारियों और कर्मियों

सहित 32 सदस्य थे। संयुक्त दल को जानकारी दी गई और रात्रि में माओवादी दस्ते पर हमला करने के लिए अभियान की योजना बनाई गई। उनके गढ़ में माओवादी दस्ते को उलझाना काफी कठिन कार्य था। कठिन प्रकृति का यह कार्य इस वजह से और जटिल हो गया था कि रात घनी अंधरी थी और भारी बारिश हो रही थी। घने जंगल में यह दूरदराज का एक गांव था। दल एक छद्म वाहन में चतरा गांव से चला और लक्षित क्षेत्र रब्दा से लगभग 08 किमी. की दूरी पर सतबाहिनी में वाहन से उतर गया। तत्पश्चात, दल सभी प्राकृतिक बाधाओं को पार करते हुए अत्यधिक युक्तिपूर्वक अंधेरे में आगे बढ़ा। पानी से भरे धान के खेतों और घने जंगल में पैदल लगभग 08 किमी. की दूरी तय करने के बाद सैन्य दल लगभग 0300 बजे गांव रब्दा पहुंचा। चूंकि दल को उस घर की सही-सही स्थिति का पता नहीं था जिसमें नक्सलवादी मौजूद थे, इसलिए एक अग्रिम दल बनाया गया जिसमें एसडीपीओ चतरा सादिक अनवर रिजवी, उप कमांडेंट कोबरा-203 पी.आर. मिश्रा, कांस्टेबल संजय कुमार यादव और कोबरा 203 के तीन कांस्टेबल थे। घर से नक्सलियों के बच निकलने के संभावित मार्गों पर दो कटऑफ दल पहले ही तैनात किए गए थे। घर में सिविलियनों, महिलाओं, बच्चों की होने की काफी संभावनाएं थी। इसलिए एसडीपीओ चतरा सादिक अनवर रिज़वी और कांस्टेबल संजय कुमार यादव के साथ इस अग्रिम दल ने किसी निर्दोष सिविलियन के हताहत होने से बचने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने के बजाय निकट जाने और नक्सलियों को अलग-अलग करने का निर्णय लिया। इस निर्णय में जीवन को काफी जोखिम और खतरा शामिल था लेकिन एसडीपीओ चतरा सादिक अनवर रिजवी ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, जिसका माओवादी कैडर ने तत्काल जवाब घर के साथ-साथ मक्के के खेत से भारी गोलीबारी से दिया। यह उनके साहस का वास्तविक परीक्षण था ओर इस पर वे खरे उतरे और सशस्त्र माओवादियों को वीरतापूर्वक जवाब देना आरंभ किया। अत्यधिक साहस के साथ और अपनी जान की परवाह किए बिना एसडीपीओ चतरा एस.ए. रिजवी और कांस्टेबल संजय कुमार यादव ने अपनी एके 47 राइफल से उनकी ओर गोलीबारी करके नक्सलियों को उलझाए रखा। एसडीपीओ एस.ए. रिजवी ने 20 राउंड गोलिया चलाईं और कांस्टेबल संजय कुमार यादव ने अपनी एके 47 से 45 राउंड गोलियां चलाईं। सशस्त्र माओवादी घर के साथ-साथ मक्के के खेतों से उन पर भारी गोलीबारी कर रहे थे। नक्सलियों की भारी गोलीबारी में कोबरा के उप कमांडेंट पी.आर. मिश्रा गर्दन में गोली लगने से घायल हो गए। कांस्टेबल संजय कुमार यादव पैर और जांघ में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तीन गोलिया लगीं। कोबरा के एक और कांस्टेबल मुकेश कुमार बंकेर माथे पर गोली लगने से घायल हो गए। चतरा पुलिस के कांस्टेबल संजय कुमार यादव और कोबरा 203 के कांस्टेबल मुकेश कुमार बंकेर जो पहले ही गंभीर रूप से घायल थे, के साथ एसडीपीओ चतरा एस.ए. रिजवी ने धैर्य नहीं खोया ओर घर के अंदर भारी गोलीबारी करते रहे और नक्सलियों को मार गिराया। दो कांस्टेबलों और उप कमांडेंट रैंक के एक अधिकारी के घायल होने के बाद भी एसडीपीओ चतरा एस.ए. रिजवी ने इस लड़ाई में अत्यधिक बहादुरी, साहस और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। उप पुलिस अधीक्षक एस.ए. रिजवी और कांस्टेबल संजय कुमार यादव के सामने जान का खतरा था लेकिन उन्होंने धैर्य और दृढ़ संकल्प नहीं खोया। वे लगभग आधे घंटे तक भारी गोलीबारी करते रहे। इसके परिणाम स्वरूप अपने सब जोनल कमांडर रघुवंश उर्फ बनारसी सहित इस मुठभेड में घायल अनेक साथियों के साथ नक्सली भाग गए। इस मुठभेड़ में, एक माओवादी जितेन्द्र भुइयां उर्फ जीतू मारा गया और अनेक माओवादी घायल हो गए। तीन पुलिस हथियारों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोलीबारूद बरामद किया गया जिसमें एक एके. 47 राइफल थी। उगाही की 40,000/- रु. की धनराशि के साथ काफी नक्सली साहित्य बरामद किया गया। कोबरा के घायल उप कमांडेंट पीआर मिश्रा, चतरा पुलिस के कांस्टेबल संजय कुमार यादव और कोबरा के कांस्टेबल मुकेश कुमार बंकेर को पहले तत्काल पीएचसी प्रतापपुर ले जाया गया। इसके बाद, उन्हें हेलिकॉप्टर से अपोलो अस्पताल रांची ले जाया गया। कांस्टेबल मुकेश कुमार बंकेर नहीं बच सके और एआईआईएमएस, दिल्ली में उपचार के दौरान शहीद हो गए। माओवादियों के विरुद्ध इस अभियान में सीपीआई (माओवादी) का पूर्ण एलजीएस (स्थानीय गुरिल्ला दस्ता) इसके सभी हथियार और गोलाबारूद के साथ क्षतिग्रस्त हो गया।

इस अभियान में अभियान दल ने अत्यधिक दृढ़ संकल्प, असाधारण साहस, उत्कृष्ट एवं अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया।

हथियारों/गोलाबारूद और अन्य सामग्रियों की बरामदगी:

1.	एके 47	-	01
2.	.38 बोर की रिवाल्वर	-	01
3.	.315 बोर की राइफल	-	01
4.	303 .बोर की पुलिस राइफल	-	02

5.	सेमी आटोमेटिक राइफल	-	01
6..	एके 47 जिंदा राउंड	-	90
7.	सेमी आटो जिंदा राउंड	-	87
8.	.303 राइफल के जिंदा राउंड	-	118
9.	.315 बोर की राफल के जिंदा राउंड	-	40
10.	.38 के जिंदा राउंड	-	10
11.	12 बोर के जिंदा राउंड	-	10
12.	खाली खोखे (एके-47 गोलियां-23, सेमी ऑटो-01, .303-50)		
13.	नगदी	-	रु.40,000/-
14.	वाकी-टॉकी सेट	-	01
15.	कम्पास	-	02
16.	मोबाइल सेट	-	03
17.	सिम कार्ड	-	03

इस मुठभेड़ में श्री संजय कुमार यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.09.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 56-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	मनोहर हीरालाल कोरेती, सहायक पुलिस निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	चन्द्रैय्या मदनैय्या गोदारी, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	गंगाराम मदनैय्या सिदम, नायक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
04	नागेश्वर नारायण कुमारन, नायक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05	बापु किस्तैय्या सुरमवार, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.02.2014 को बडी संख्या में नक्सलियों के इकट्ठा होने के स्थान के बारे में आसूचना प्राप्त होने पर, छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिला पुलिस के सहयोग से एक अंतर राज्य अभियान की योजना बनाई गई। इस अभियान के लिए तुरंत एसएजी दल के 23 कर्मियों के साथ एपीआई मनोहर कोरेती और पार्टी कमांडर गंगाराम सिदम और सी-60 दल अटेरी 24 कर्मियों के साथ पार्टी कमांडर चन्द्रैय्या गोदारी को एसपीएस दमरांचा के लिए रवाना किया गया और वे रात्रि में वहां पहुंच गए। जबकि उसी दिन, उप निरीक्षक चाणक्य नाग के नेतृत्व में जिला बीजापुर के पुलिस स्टेशन फर्सेगढ़ से 04 कर्मियों का एक घटक भी एसपीएस दमरांचा आया और रात्रि में वहीं रुका।

तब दिनांक 06.02.2014 को, एसपीएस दमरांचा के 34 कर्मियों के साथ पीएसआई नागेश यमगार और पीएसआई स्वप्निल कोली के साथ उक्त सभी ने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में फर्सेगढ़ पुलिस स्टेशन के अधिकार-क्षेत्र में अंतर राज्य नक्सल-रोधी अभियान चलाने के लिए एक साथ प्रस्थान किया। उन्हें उपलब्ध कराई गई योजना के अनुसार दो दिनों तक लगातार तलाशी अभियान के बाद जब ये दल पैदल बड़े ककलोर जंगल क्षेत्र के पहाड़ी घने जंगल वाले क्षेत्र से गुजर रहे थे, जो नक्सलियों का मजबूत गढ़ है, दिनांक 08.02.2014 को लगभग 1600 बजे पुलिस दल पर अचानक 35-40 सशस्त्र नक्सलियों ने पूर्व नियोजित घात लगाकर हमला किया।

इस अचानक हमले से निडर, एपीआई कोरेती ने तुरंत अपने साथियों को गोलियों की बौछार से अपने आप को बचाने के लिए पेड़ों और शिलाखंडों के पीछे पोजीशन लेने का और साथ-साथ नकसलियों की गोलीबारी का जवाब देने का अनुदेश दिया। एपीआई कोरेती स्वयं आगे बढ़े और अपने दल को नक्सली गोलीबारी का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया। तथापि, नक्सलियों ने पुलिस पर भारी गोलीबारी जारी रखी और हताशा में पुलिस दल पर भारी पड़ने का प्रयास किया क्योंकि वे बेहतर पोजीशन में थे। इसलिए अपने दल के सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए, पार्टी कमांडर नामत: गंगाराम सिदम और चन्द्रैय्या गोदारी अपने साथियों के साथ दोनों ओर से भारी गोलीबारी के बीच नक्सलियों को घेर लिया और भीषण गोलीबारी में नक्सलियों को उलझाए हुए आगे बढ़ना जारी रखा। जवाबी कार्रवाई के दौरान, पीसी बापू सुरमवार और एनपीसी नागेश्वर कुमारन, जो बड़े दिलेर थे और अग्रणी पोजीशन पर थे, ने अपनी जान की परवाह किए बिना भारी गोलीबारी करते हुए वीरतापूर्वक नक्सलियों पर धावा बोल दिया। दोनों ओर से यह गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक चली जिसके बाद नक्सलियों ने अपने प्रयास की विफलता को समझा और पहाड़ी तथा घने जंगल का फायदा उठाकर घटना स्थल से भाग गए।

नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बंद होने के बाद एपीआई कोरेती, हेड कांस्टेबल गोदारी और एनपीसी सिदम ने घटना स्थल की घेराबंदी की। और क्षेत्र की उचित तलाशी लेते हुए हमले की दिशा की ओर गए। घटना स्थल और इसके आस-पास की तलाशी के दौरान, दो पुरूष नक्सलियों और एक महिला नक्सली के शवों के साथ एक भरमार राइफल, एक पिट्ठू और अन्य नक्सली सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा, घटना स्थल के आस-पास के विभिन्न स्थानों पर खून के धब्बे देखे गए, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि मुठभेड के दौरान अनेक नक्सली या तो मारे गए अथवा घायल हुए होंगे।

इस प्रकार, इन पांच बहादुर पुलिस कार्मिकों ने भीषण गोलीबारी में पुलिस दल का सफल नेतृत्व किया और इस अभियान का नेतृत्व करते समय किसी ने भी अपनी जान की परवाह नहीं की और आपस में प्रभावी समन्वय तथा धैर्य के साथ नक्सली हमले को साहसिक तरीके से रोक दिया। इस प्रकार उन्होंने न केवल पुलिस दल की जान बचाई बल्कि तीन खूंखार नक्सली कैडरों को मार गिराने में भी सफल रहे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मनोहर हीरालाल कोरेती, सहायक पुलिस निरीक्षक, चन्द्रैय्या मदनैय्या गोदारी, हेड कांस्टेबल, गंगाराम मदनैय्या सिदम, नायक, नागेश्वर नारायण कुमारन, नायक और बापु किस्तैय्या सुरमवार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 57-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	गोएरा टी. संगमा, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02.	जेरी रिंतथियांग, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	रैपसालांग वाहलांग, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2009 में, श्री सोहन डी. शीरा, श्री चैम्पियन आर संगमा, श्री रुपांतों आर मारक, श्री रैकमैन मारक, श्री बाइचुंग सीएच. मोमिन, श्री सेविओ आर मारक, श्री जिम्मी सीएच मोमिन और अन्य लोग सशस्त्र विद्रोह द्वारा देश के विरुद्ध युद्ध छेडने और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए एक आपराधिक षडयंत्र में शामिल हुए। उन्होंने गारो युवाओं को भर्ती किया, गारो हिल्स के जंगल में प्रशिक्षण शिविर स्थापित किए, स्थानीय युवाओं को हथियार का प्रशिक्षण दिया और जबरन धनवसूली, फिरौती के लिए अपहरण, मासूमों की हत्या आदि के माध्यम से धन एकत्र किया।

उक्त आपराधिक षडयंत्र के अनुसरण में, जिम्मी सीएच मोमिन, एरिया कमांडर, विलियमनगर और जीएनएलए के अन्य कैडरों ने स्थानीय व्यापारियों, सरकारी पदाधिकारियों से जबरन धन वसूली की, फिरौती के लिए अपहरण किया और मासूमों की हत्या की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों के विरूद्ध एलईडी का विस्फोट करने/घात लगाकर हमला करने की भी योजना बनाई।

उपयुक्त के क्रम में दिनांक 23.06.2014 को प्रात: लगभग 4:15 बजे जब पुलिस एसडब्ल्यूएटी कमांडो और कोबरा दल ने गांव नोरेक बोल्लोंग्रे, पूर्वी गारो हिल्स के निकट जंगल में जीएनएलए के छिपने के ठिकाने पर छापा मारा तो जिम्मी सीएच् मोमिन उर्फ अजान ने जीएनएलए के अन्य कैडरों के साथ अपने आधुनिक हथियारों से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। कोबरा और एसडब्ल्यूएटी दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी लगभग 12-15 मिनट तक हुई। जब गोलीबारी शांत हो गई, तो आसपास के क्षेत्रों की पूरी तरह तलाशी ली गई और घटना स्थल से छह मैगजीन सहित एक एके राइफल के साथ जीएनएलए कैडर के एक पुरुष का शव बरामद हुआ, बाद में जिसकी पहचान चमन सीएच मोमिन के रूप में हुई। जीएनएलए का एक कैडर नामत: विष्णु एम संगमा पीओ से गिरफ्तार किया गया और एक महिला नामत: फातिमा एम मारक जो श्री जिम्मी सीएच मोमिन, जीएनएल के एरिया कमांडर की गर्ल फ्रैंड है और जीएनएचए की शुभचिंतक है को भी घटना स्थल से गिरफ्तार किया गया।

1. एक मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और 7.65 के छह जिन्दा गोलाबारूद।
2. दो मैगजीनों के साथ एक पिस्तौल और 7.65 के तेरह जिन्दा गोलाबारूद।
3. आठ जिंदा कारतूसों के साथ एक एसबीबीएल।
4. एक एचई ग्रेनेड।
5. तीन वायरलैस सेट।
6.. दो वायरलेस सेट चार्जर।
7. बाल बियरिंग के साथ लगभग 400 ग्राम जिलेटिन वैक्स।
8. अज्ञात कैलिबर के 18 राउंड जिंदा गोलाबारूद।

9. एक प्लास्टिक पैक, जो विस्फोटक सामग्री हो सकती है।

10. एके के 160 राउंड जिंदा कारतूस।

11. .22 के 07 राउंड जिंदा कारतूस।

12 एके गोलाबारूद के 24 खाली खोखे।

13. 04 मोबाइल फोन।

14. 17 सिम कार्ड।

अभियान के दौरान उप निरीक्षक राबर्ट आल्डिन एम. संगमा, उप निरीक्षक गोएरा टी संगमा, बीएनसी जेरी रिंटाथियांग और बीएनसी रैपसालांग ने छिपने के ठिकानों तक आगे बढ़ने का प्रयास करने और वहां तक पहुंचने के लिए अत्यधिक खतरनाक स्थिति में असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप अंततोगत्वा जीएनएलए का एक खूखांर उग्रवादी मारा गया।

अभियान के दौरान जीवन के लिए घातक स्थिति में उप निरीक्षक गोएरा टी. संगमा द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय साहस, धैर्य दृढ़ संकल्प और नेतृत्व से न केवल जीएनएलए का एक कैडर मारा गया बल्कि किसी भी पुलिस कर्मी के घायल अथवा हताहत हुए बिना सम्पूर्ण पुलिस दल की बहुमूल्य जानो का भी बचाया गया जो भारी हथियार बंद उग्रवादियों के हमले में घिर गए थे। इस अभियान से जीएनएलए संगठन को एक बड़ा झटका लगा है और अभियान की सफलता दल का नेतृत्व करने वाले अधिकारी द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व की गुणवत्ता और विशिष्ट साहस का प्रमाण है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गोएरा टी. संगमा, उप निरीक्षक, जेरी रिंतथियांग, कांस्टेबल और रैपसालांग वाहलांग कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम वार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.06.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 58-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	पुतुराज कुरुमी, हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03	संतोष जुआंग हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
04.	सुरजीत मंडल लांस नायक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05	प्रभात कुमार बारदा कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.09.2014 की सुबह, श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक को मलकानगिरि जिला मुख्यालय से लगभग 75 किमी. की दूरी पर मलकानगिरि जिले के मैथिली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दौडापुर गांव के नजदीक स्थित वन क्षेत्र में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के भारी हथियारबंद विद्रोहियों के एक गुट के प्रशिक्षण शिविर के स्थान के संबंध में आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। विश्वसनीय सूत्रों से इस बात की भी पुष्टि हुई कि प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) गुट के हथियारबंद विद्रोही मलकानगिरि जिले में तैनात सुरक्षा बलों के विरुद्ध बड़ा हमला करने की योजना बना रहे हैं। वे प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) गुट के "स्थापना सप्ताह" मनाने के अवसर पर पुलिस मुखबिरों के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की हत्या करने की योजना भी बना रहे थे। तदनुसार, मलकानगिरि जिला पुलिस द्वारा दिनांक 17.09.2014 की शाम को अभियान संबंधी सभी औपचारिकताओं और एसओपी को पूरा करते हुए उपुर्यक्त वन क्षेत्र में एक नक्सलवाद-रोधी अभियान शुरू किया गया। श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरि ने मलकानगिरि जिला पुलिस के कुल 18 सदस्यों (प्रमुख सहित) वाले पुलिस दल का नेतृत्व किया। श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, ने अत्यधिक जोखिम भरे क्षेत्र, जो माओवादी उग्रवादियों का जाना माना गढ़ था, में होने वाले अभियान के रणनीतिक पहलुओं पर विशेष बल देते हुए अभियान दल को जानकारी प्रदान की। पुलिस दल ने अभियान के दौरान सभी रणनीतिक उपाय किए और माओवादी शिविर के संदिग्ध स्थान से लगभग 15 किमी. की दूरी पर अपने वाहन छोड़ दिए। वाहन से उतरने के पश्चात, पुलिस दल पहाड़ी क्षेत्र और घने पेड-पौधों को पार करते हुए रणनीतिक ढंग से लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ा। जब पुलिस दल लक्षित क्षेत्र, जो दौडापुर का वन क्षेत्र है, के आस-पास छानबीन अभियान चला रहा था, तब उन्होंने एक पानी स्रोत के पास कुछ महिला काडरों सहित 15-20 सशस्त्र काडरों के एक समूह की मौजूदगी को देखा। उन्होंने स्वचालित हथियार ले रखे थे और कुछ ने पीले-हरे रंग की नक्सली वर्दी पहन रखी थी। उन्होंने सीपीआई (माओवादी) झण्डा फहरा रखा था और वे हथियार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहे थे। जब पुलिस दल सीपीआई (माओवादी) काडरों द्वारा की गई विनाशकारी गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए इस समूह के नजदीक गया, तो संतरियों ने पुलिस दल को देख लिया और उन्होंने स्वचालित हथियारों से अकारण गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने शीघ्र आड़ ले ली और उन्होंने अपनी पहचान बताकर माओवादी विद्रोहियों से उडिया और हिंदी दोनों भाषाओं में ऊंची और स्पष्ट आवाज में अपने हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। तथापि, माओवादी काडर ने बड़ी चट्टानों के पीछे आड़ लेकर गोलीबारी जारी रखी। उन्होंने पुलिस दल के सदस्यों को मारने के इरादे से हथगोले भी फेंके। अभियान दल के तीन सदस्य ग्रेनेड हमले में घायल हो गए। माओवादी गुट के संतरियों ने अपनी सधी हुई गोली-बारी जारी रखी और अन्य सदस्यों को कवर फायर उपलब्ध कराया। इसलिए, अपनी जान बचाने और निजी सुरक्षा की कवायद में पुलिस दल ने नियंत्रित ढंग से जवाबी गोलीबारी की। चूंकि माओवादी विद्रोही लाभकारी स्थिति में थे और माओवादियों की ओर से पार्श्विक आक्रमण की अधिक संभावना थी, इसलिए श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, ने अभियान दल को छोटे दलों में बांट दिया है और विद्रोहियों को दोनों ओर से घेर लिया। तदनुसार, हवलदार पुतुराज कुरुमी के नेतृत्व में दायीं ओर का दल और हवलदार संतोष जुआंग के नेतृत्व में बायीं ओर का दल क्रमश: दायीं और बायीं ओर से माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देने के लिए आगे बढ़ा। श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, ने सामने की ओर से मुख्य हमला दल का नेतृत्व किया। यद्यपि सामने का हमला बहुत जोखिमपूर्ण था फिर भी उन्होंने ऐसा करने के लिए बहादुरीपूर्ण निर्णय लिया क्योंकि इसके बगैर बड़ी चट्टानों की आड़ के पीछे छिपे माओवादियों की भारी गोलीबारी का सामना करना मुश्किल था। दोनों तरफ से गोलीबारी लगभग 45 मिनट तक जारी रही, जिसमें माआवादी विद्रोहियों ने पुलिस दल के सभी तीनों दलों (अर्थात दाएं, बाएं और मुख्य हमलावर दल) पर भारी गोलीबारी की और मुख्य हमलाबर दल पर ग्रेनेड फेंके। लगभग एक घंटे बाद, माओवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। चूंकि, अंधेरा हो चुका था और माओवादियों की ओर से दूसरे हमले की पूरी संभावना थी इसलिए श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक ने सैन्य दलों को नजदीकी पहाड़ी पर पुन: एकत्र होने का आदेश दिया सभी तीनों दलों के पुन: एकत्र होने के पश्चात, दलों ने पहाड़ी की साफ सफाई की और पहाड़ी पर उपयुक्त ढंग से निर्धारित संतरियों के फेर-बदल की कवायद पूरी करके चार संतरियों की तैनाती करने के पश्चात रात में पहाड़ी पर एलयूपी लिया। अगले दिन अर्थात दिनांक 18.09.2014 को सुबह दल ने उस क्षेत्र की पूरी छानबीन की जिसमें उन्होंने माओवादी काडर का शव बरामद किया जिसकी बाद में एमवी 79 पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पोटेरू बस्ती के नजदीक मांगीपल्ली गांव के एरा मदकानी ऊर्फ लालू उर्फ प्रकाश उर्फ सोंडी दलई पुत्र स्व. मंगला दलेई के रूप में पहचान की गई। मारा गया माओवादी काडर क्षेत्रीय समिति का सदस्य था जो सीपीआई (माओवादी) के एओबीएसजेडसी टेक दल का नेतृत्व कर रहा था और ओडिशा सरकार ने 15 फरवरी, 2012 के गृह (विशेष अनुभाग) विभाग के पत्र सं. 415/सी के तहत ओडिशा सरकार के सरकारी आदेश के तहत उसके विरुद्ध 4,00,000/- रु. (चार लाख) का नकद इनाम घोषित कर रखा था। मृत माओवादी नेता मलकानगिरि जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज हत्या और

आगजनी के अनेक मामलों में शामिल था। इसके अतिरिक्त, उस क्षेत्र की पूरी तलाशी लेने पर पुलिस दल ने एक स्टेनगन, जिंदा राउंड के साथ स्टेनगन की तीन मैगजीनें, मैगजीन और जिंदा राउंड के साथ एक .303 राइफल, मैगजीन और राउंड के साथ एके .315 राइफल, सात किटबैग, माओवादी साहित्य और दवाइयां बरामद कीं।

यह वीरतापूर्ण और साहसिक पारस्परिक गोलीबारी सीपीआई (माओवादी) के एओबीएसजेडसी क्षेत्र में माओवादी विद्रोही समूहों के साथ एक सर्वाधिक सफल गोलीबारी थी। इस मुठभेड में, एक खूंखार एसीएम रैंक का माओवादी नेता मारा गया और हथियार और गोलीबारूद का एक बड़ा जख़ीरा जब्त किया गया, जिससे मलकानगिरि कोरापुट सीमावर्ती क्षेत्र में सीपीआई (माओवादी) के प्रभाव को बड़ा झटका लगा। इस अभियान के दौरान, पुलिस दल ने बिना किसी संपार्श्विक क्षति के माओवादी काडरों की बेहतर स्थिति और संख्या की दृष्टि से बड़े समूह के विरुद्ध अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों और भू-भाग की गंभीर बाधाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए कर्तव्य से अधिक अनुकरणीय साहस, बहादुरी और दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया।

श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण कार्य

इन्होंने संपूर्ण अभियान के दौरान कमान और नियंत्रण तथा व्यक्तिगत नेतृत्व के उत्कृष्ट उदाहरण का परिचय दिया। जिले के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण करने की अल्पावधि के भीतर उन्होंने मलकानगिरि-कोरापुट सीमावर्ती क्षेत्र जैसे अति दुर्गम क्षेत्र में मानवीय आसूचना का एक उत्कृष्ट नेटवर्क विकसित कर लिया था। उस क्षेत्र में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के काडरों की गतिविधि के बारे में विशिष्ट जानकारी प्राप्त होने के उपरांत, इन्होंने बहुत कम समय में ए.एन.ओ. की योजना बनाई। यद्यपि वह क्षेत्र बहुत दुर्गम था और माओवादी विद्रोहियों का एक विख्यात गढ़ था, फिर भी इन्होंने रहस्योद्घाटन और अभियान शुरू करने में अनावश्यक विलंब से बचने के लिए अठारह अत्यधिक प्रेरित पुलिस कार्मिकों के एक छोटे से दल के साथ अभियान चलाने का निर्णय लिया। छानबीन अभियान के दौरान जहां प्रत्येक कदम पर जान का खतरा संभव था, इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह नहीं की और पूरे समय दल के सदस्यों को प्रेरित करते हुए स्वयं आगे से दल का नेतृत्व किया। जब पुलिस दल माओवादियों की भारी गोलीबारी में घिर गया, तब इन्होंने न केवल अत्यधिक धैर्य का प्रदर्शन किया और दल की सुरक्षा के लिए इष्टतम ढंग से अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए दल को जोड़े रखा, बल्कि इन्होंने संख्या की दृष्टि से काफी अधिक शत्रुओं का सामना करने के लिए तत्काल एक जवाबी हमले की रणनीति की योजना भी बनाई। पुलिस दल को तीन छोटे उप-दलों में अर्थात् दायीं ओर का दल, बायीं ओर का दल और मुख्य हमला दल में बांटने की उनकी योजना ने माओवादी विद्रोहियों को घेर लिया और पुलिस दल पर एक किनारे से हमला करने के उनके मौके को अत्यधिक सीमित कर दिया। इन्होंने दुर्गम क्षेत्र की सीमाओं और इसमें शामिल जान के जोखिम के बावजूद बेहतर स्थिति और संख्या की दृष्टि से काफी अधिक शत्रुओं को सामने से चुनौती देने के लिए स्वयं मुख्य हमला दल का नेतृत्व किया। इस प्रक्रिया में वे कई बार शत्रु के सामने आ गए थे, जो घातक हो सकता था, तथापि, उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और हमला दल का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। गोलीबारी के पश्चात इन्होंने दल को पुनर्गठित किया और मुख्य क्षेत्र में रात में एलयूपी लेने का बहादुरीपूर्ण निर्णय लिया, क्योंकि ऊपर टिके हुए माओवादी विद्रोहियों द्वारा पुलिस दल के वापसी के रास्ते पर घात लगाकर तेज हमला किए जाने की पूरी संभावना थी। इन्होंने व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित किया कि एलयूपी क्षेत्र साफ है और संतरियों को रणनीतिक ढंग से तैनात किया गया है।

इन्होंने पूरे अभियान के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, चाहे वह निश्चित आसूचना प्राप्त करने से संबंधित हो अथवा उसका सफल निष्पादन। इन्होंने अपने दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सफल कार्य निष्पादन के लिए अभियान के दौरान कई बार अपनी जान को जोखिम में डाला।

श्री पुतुराज कुरुमी, हवलदार, द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण कार्य

इन्होंने अभियान की योजना बनाने और उसके कार्यान्वयन के दौरान अभियान कमांडर को गुणवत्तापूर्ण सहायता प्रदान की और स्थिति की आवश्यकता के अनुसार अनुकरणीय वीरता का प्रदर्शन किया। इन्होंने स्वेच्छा से दाएं दल का नेतृत्व किया और माओवादियों की ओर से भीषण गोलीबारी का सामना करते हुए अपने छोटे दल को अत्यधिक खतरनाक रास्ते से अपने विनिर्दिष्ट स्थान पर ले गए। जब वे हमलावर माओवादी विद्रोहियों के आमने-सामने आए, तो इन्होंने उनका सफलतापूर्वक सामना किया। इस प्रक्रिया में, उनको माओवादियों की ओर से किए गए ग्रेनेड हमले में गंभीर चोटे आईं, फिर भी इन्होंने अपनी अत्यधिक शरीरिक पीड़ा को नजर अंदाज करते हुए सफलतापूर्वक माओवादी विद्रोहियों को उलझाए रखा। उनके वीरतापूर्ण प्रयास और दृढ़निश्चय के कारण, माओवादी विद्रोही पुलिस दल पर बगल से हमला नहीं कर सके। इन्होंने अपने दाएं दल का अत्यधिक प्रेरणादायक ढंग से नेतृत्व किया और माओवादी विद्रोहियों को घने जंगल में लौटने के लिए मजबूर कर दिया।

श्री संतोष जुआंग, हवलदार जिला पुलिस, मलकानगिरि द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण कार्य

पूरे अभियान के दौरान इन्होंने अभियान दल के स्काउट से संबंधित अपनी भूमिका में अपनी अधिक रणनीतिक योग्यता और सूझ-बूझ का परिचय दिया। अत्यधिक कठिन और दुर्गम कच्चे रास्ते से यात्रा के दौरान यह उनकी सतत चौकसी की वजह से पुलिस दल बिना नजर में आए माओवादी शिविर के बहुत निकट पहुंच सका। हमला दल के सदस्य के रूप में इन्होंने सामने से शत्रु के हमले का मुकाबला करने में अपने उत्कृष्ट अभियान कौशल का प्रदर्शन किया। भारी गोलीबारी के समक्ष इन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया, बल्कि निर्णायक तरीके से माआवादी समूह को चुनौती दी। अभियान के दौरान निडर साहस और बहादुरी का प्रदर्शन करने के अलावा, इन्होंने अग्रणी हमले के दौरान अभियान कमांडर श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक के एक श्रेष्ठ सहयोगी के रूप में कार्य किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने कई बार स्वयं को खतरे में डाल दिया; तथापि यह उनको अपने दल कमांडर की सहायता करने से नहीं रोक पाया; जो अनुकरणीय साहस और निडरता के साथ-साथ उनकी वफादारी और समर्पण का बयान करता है।

श्री सुरजीत मंडल, लांस नायक द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण कार्य

अभियान दल के सक्रिय सदस्य थे और इन्होंने बायें दल का नेतृत्व किया जिसने प्रभावकारी जवाबी गोलीबारी में माओवादियों को घेरकर उलझा दिया, जिसके परिणामस्वरूप शत्रु संख्या में अधिक होने के बावजूद पुलिस दल को किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं पहुंचा सके। इस प्रकिया में उनको माओवादियों की ओर से ग्रेनेड हमले के कारण चोट आई जिसने उनकी जान को खतरे में डाल दिया। तथापि, यह उनको बहादुरी से अपने कर्तव्य का पालन करने से नहीं रोक सका। इन्होंने महान अभियान क्षमता और सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया और अपने दल के सदस्यों को धैर्य खोए बिना शत्रुओं का सामना करने के लिए प्रेरित भी किया।

श्री प्रभात कुमार बारदा, कांस्टेबल द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण कार्य

वह बाएं तरफ के दल के सक्रिय सदस्य थे, जिसने संख्या की दृष्टि काफी अधिक और बेहतर स्थिति वाले शत्रु द्वारा किनारे से किए गए हमले का प्रभावशाली ढंग से सामना किया इन्होंने माओवादी विद्रोहियों के हमले के दौरान लड़ने की क्षमता के साथ-साथ उल्लेखनीय अभियान दक्षता का प्रदर्शन किया। पारस्परिक गोलीबारी के दौरान उनकी आक्रामक युक्ति ने माओवादी विद्रोहियों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। अभियान के दौरान वे कई बार शत्रु की गोलीबारी के सामने आ गए और माओवादियों की ओर से किए गए ग्रेनेड हमले से बुरी तरह घायल हो गए; फिर भी वे कभी पीछे नहीं हटे और अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बहादुरी से लड़े। इन्होंने इस प्रक्रिया में जान का खतरा होने के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, पुतुराज कुरुमी, हवलदार, संतोष जुआंग, हवलदार, सुरजीत मंडल, लांस नायक और प्रभात कुमार बारदा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का द्वितीय बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.09.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 59-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गणेश बेहरा,
कांस्टेबल

02 शांतनु कुमार मांझी
कांस्टेबल

03 मोहन पारजा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.04.2014 की सुबह, नारायणपटना पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक को एक आसूचना संबंधी जानकारी प्राप्त हुई कि गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) के भारी हथियारबंद काडरों का एक समूह नारायणपटना पुलिस स्टेशन के पालापुट और गादरगुडा गांवों के वन क्षेत्र में घूम रहा है। यह भी आसूचना प्राप्त हुई कि उपर्युक्त भारी हथियारबंद माओवादी कुछ भोले-भाले ग्रामीणों को पुलिस मुखबिरों के रूप में बदनाम करके उन्हे मारने के साथ-साथ माओवादी बहुल नारायणपटना शहर के कुछ सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। माओवादी ग्रामीणों से बहुत नाराज थे, क्योंकि ग्रीमीणों ने हाल ही में हुए संसदीय और विधान सभा चुनाव 2014 में भारी मात्रा में अपने बोट डाले थे। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) ने चुनाव के संपूर्ण बहिष्कार का आहवान किया था और स्थानीय लोगों को चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की भागीदारी के प्रति चेतावनी दी थी। दिनांक 13.04.2014 को, नारायणपटना शहर के स्थानीय मजार के वार्षिक उर्श (वार्षिक समारोह) जहां अन्य राज्यों से मुस्लिम श्रृद्धालु अपनी श्रृद्धांजलि देने आए हुए थे, के नजदीक रविवार होने के कारण साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। हालात का जायजा लेने के उपरांत और सरकारी संपत्तियों और निर्दोष जानों की सुरक्षा करने के लिए पुलिस अधीक्षक, कोरापुट ने श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट को गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) के भारी हथियारबंद काडरों को पकड़ने के लिए जिला पुलिस कार्मिकों और आई.आई.सी., नारायणपटना पुलिस स्टेशन के साथ नक्सलवाद रोधी अभियान की योजना बनाने का निर्देश दिया। पुलिस का अभियान दल बगैर दिखे बगैर सामने आए रणनीतिक ढंग में चलते हुए नारायणपटना (जिला मुख्यालय, कोरापुट से 80 किमी. दूर) पहुंचा। वहां पहुंचने के पश्चात, श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट ने आगामी अभियान के विभिन्न रणनीतिक पहलुओं और इसमें निहित खतरों के अतिरिक्त सम्पार्श्विक क्षति न होने देने और कम से कम आगजनी पर विशेष बल देते हुए अभियान दल को पूरी जानकारी प्रदान की। अभियान संबंधी सूचना प्रदान करने के पश्चात, पुलिस दल पहाड़ियों और घनी झाड़ियों से गुजरते हुए रणनीतिक ढंग से पालापुट और गादरागुडा गांवों के घने वन क्षेत्र (नारायणपटना से लगभग 5-6 किमी.) की ओर पैदल चलकर गया। जंगल में, पुलिस दल ने किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए रणनीतिक पोजीशन ले ली। लगभग रात 11 बजे पुलिस दल ने जंगल में कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। बहुत ध्यानपूर्वक देखने और नाइट विज़न डिवाइस का प्रयोग करने के पश्चात, पुलिस दल ने पाया कि गैर कानूनी सीपीआई (माओवादी) के हथियारबंद काडरों का एक समूह नारायणपटना शहर की ओर जा रहा है। सभी सुरक्षात्मक सावधानियों के साथ, पुलिस कर्मियों ने तेज आबाज में जिला पुलिस, कोरापुट के कार्मिकों के रूप में अपनी पहचान प्रकट की और उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्मसमर्पण करने की बजाय, संदिग्ध माओवादियों ने उनको मारने के इरादे से पुलिस कर्मियों पर अंधाधुंध भारी गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने आड़ ले ली और पुन: भारी हथियारबंद माओवादियों से और तेज आवाज में आत्मसमर्पण करने की अपील की। परन्तु माओवादी पुलिस कर्मियों पर भारी गोलीबारी करते रहे। अपनी जान बचाने के लिए, पुलिस कर्मियों ने अत्यधिक नियंत्रित एंग से जवाबी गोलीबारी की। पुलिस कर्मियों को मारने के लिए, भारी हथियारबंद माओवादियों ने पुलिस दल को घेरना शुरू कर दिया। यह देखकर और माओवादियों की ओर से किसी संभावित पार्श्व हमले को बेअसर करने के लिए श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट ने पुलिस दल को तीन छोटे समूहों में बांट दिया और उन्हें भारी हथियारबंद माओवादियों, जो अपने काडरों का मनोबल बढ़ाने के लिए माओवादी जिंदाबाद, "लाल सलाम" जैसे नारे और सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे, के पार्श्व हमले का सामना करने के लिए एक दूसरे से अलग कर दिया। यह पारस्परिक गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक चली। इसके पश्चात, माओवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गई। कुछ देर इंतजार करने के बाद, पुलिस दल ने सुनियोजित ढंग से उस क्षेत्र की छानबीन शुरू कर दी। जंगल के क्षेत्र की तलाशी के दौरान, पुलिस दल को एक पुरुष का शव प्राप्त हुआ जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष थी। शव के नजदीक एक पिस्तौल, एक बैग और कुछ इस्तेमाल किए गए कारतूस मिले। नजदीकी क्षेत्र की और छानबीन के दौरान, पुलिस दल को देशी एसबीएमएल बंदूक और माओवादी साहित्य जैसी कुछ अभिशंसी वस्तुएं मिलीं।

अन्य हथियारबंद माओवादी सुरक्षात्मक गोलीबारी और जोखिमपूर्ण क्षेत्र और गहरे जंगल का फायदा उठाकर बच निकले। तथापि, नजदीकी क्षेत्र में खून के धब्बों से यह पता चल रहा था कि कुछ और माओवादी भी घायल हुए होंगे। बाद में, मृत

माओवादी की पहचान पुरनो हुलुकालसियोन खातरू पुत्र स्व. जामरी हुलुक निवासी बासनापुट (नारायणपटना पुलिस थाना), जिला कोरापुट के रूप में हुई। वह गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) की श्रीकाकुलम कोरापुट संयुक्त संभागीय समिति का एक हथियारबंद काडर था और क्षेत्र में हत्या सहित अनेक हिंसक गतिविधियों में संलिप्त था।

हथियारबंद विद्रोहियों के साथ यह उत्कृष्ट एवं अच्छी जवाबी गोलीबारी एओबी विशेष क्षेत्रीय समिति की सर्वाधिक सफल मुठभेड़ों में से एक है जिसमें हथियारों के जखीरे की बरामदगी के अतिरिक्त एक खूंखार माओवादी काडर मारा गया जो नागरिक सेना की भर्ती करने में कुशल था और गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) का प्रमुख स्तम्भ था। उपुर्यक्त खूंखार माओवादी के मारे जाने से वे सामान्य तौर पर ओडिशा में और विशेष तौर पर कोरापुट जिले के नारायणपटना क्षेत्र में गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) संगठन को निश्चित रूप से एक गंभीर आघात पहुंचा और आम चुनाव, 2014 जिसमें ग्रमाणों ने गैर-कानूनी सीपीआई (माओवादी) से जोरदार बहिष्कार के आह्वान के बीच अपने बोट डाले थे के तुरंत बाद लोगों के विश्वास को बहाल किया। अभियान के दौरान, पुलिस कर्मियों ने किसी सम्पार्श्विक क्षति के बिना अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए बहादुरी, साहस, दृढ़विश्वास, उद्देश्य की भावना और अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों और विषम क्षेत्रीय बाधाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया है।

कांस्टेबल गणेश बेहरा की शौर्यपूर्ण कार्रवाई

उन्होंने श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट के सहयोगी के रूप में कार्य किया था और अपने अधिकारी की सहायता करने और आवश्यकतानुसार उन्हे सटीक सुरक्षात्मक गोलीबारी प्रदान करने के लिए अपनी जान को गंभीर खतरे में डाल दिया। जब इनका सामना कुछ हथियारबंद माओवादियों से हुआ, तो इनका झुकने से इन्कार करना और उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर करना, इनकी जाबांजी को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त इन्होंने पुन: एक श्रेष्ठ सहायक के रूप में कार्य किया और जब भारी हथियारबंद माओवादियों, जो पुलिस कर्मियों पर तेज गोलीबारी कर रहे थे, के पार्श्व हमले का सामना करने के लिए पुलिस दल को तीन छोटे समूहों में बांटा गया था तब उन्होंने अपने अधिकारी की सहायता की अर्थात् श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट की सहायता की। कांस्टेबल गणेश बेहरा कभी पीछे नहीं हटे और माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बीच भी अपने वरिष्ठ अधिकारी, अर्थात् श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट को नहीं छोड़ा। इन्होंने अत्यधिक शौर्यपूर्ण कार्य किया और अभियान के दौरान, जिसमें इनकी जान भी जा सकती थी, अपने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति अनुकरणीय वफादारी का प्रदर्शन किया।

कांस्टेबल शांतनु कुमार माझी की शौर्यपूर्ण कार्रवाई

इनको श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट द्वारा इस अत्यधिक जोखिमपूर्ण अभियान के लिए चुना गया था। इस प्रकार के अत्यधिक सूक्ष्म नक्सल-रोधी अभियान में निहित अत्यधिक जोखिम से पूरी तरह अवगत होने पर भी, वे इसमें भाग लेने में झिझके नहीं। इन्होंने अभियान की योजना बनाने और इसे निष्पादित करने में अभियान कमाण्डर को सक्षम और गुणवत्तापूर्ण सहायता प्रदान की। वे एकजुट माओवादियों को पकड़ने की प्रक्रिया में लगभग 100 मीटर रेंगकर उनके बहुत नजदीक पहुंच गए। बाद में, इन्होंने अपनी जान को गंभीर खतरे में डालते हुए तीन समूहों में फैलकर माओवादियों के पार्श्व हमले का सामना करने में श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट की सहायता की। जब इन्होंने स्वयं को आगे रखकर अपने छोटे समूह का नेतृत्व किया, तो इन्होंने अपने जीवन के साथ एक बड़ा जुआ भी खेला। यह निस्वार्थता का एक बड़ा प्रदर्शन था यद्यपि यह कार्य इनके जीवन को बड़े खतरे में डाल सकता था। तथापि, इनका जुआ सफल हुआ और भारी हथियारबंद माओवादियों के पार्श्व हमले की संभावना से बचा जा सका।

कांस्टेबल मोहन पारजा का शौर्यपूर्ण कार्य

जिला पुलिस, कोरापुट के कांस्टेबल मोहन पारजा इस छोटे अभियान के दल के सदस्य थे ओर अभियान की शुरूआत से ही, ये बहुत दूरस्त क्षेत्र के घने जंगल में इस अत्यधिक सूक्ष्म अभियान में निहित जान के गंभीर जोखिम को जानते थे। परन्तु ये झिझके नहीं और स्वेच्छा से अभियान दल का हिस्सा बन गए। घने जंगल की छानबीन करते समय, ये बहुत योजनापूर्ण ढंग से आगे बढ़े और विपरीत क्षेत्र का कुशलता से सामना किया। जब कांस्टेबल तरूनिसेनबिसोई घायल हुए तो ये उनको बचाने के लिए आए और अपनी जान की परवाह किए बगैर उन्हें सुरक्षित आड़ में ले गए। यह दल भावना का बड़ा उदाहरण था। बाद में, जब श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट ने पुलिस कर्मियों पर गोलीबारी कर रहे भारी हथियारबंद

माओवादियों के पार्श्व हमले का सामना करने के लिए पुलिस दल को तीन छोटे समूहों में बांटने का अत्यधिक जोखिमपूर्ण कदम उठाने का निर्णय लिया, तो कांस्टेबल मोहन पारजा ने ऐसे एक छोटे दल का नेतृत्व करने के लिए इन्हें अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गणेश बेहरा, कांस्टेबल, शांतनु कुमार माझी, कांस्टेबल और मोहन पारजा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.04.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 60-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	जितेन्द्र कुमार दाश हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04	आदित्य रंजन दाश कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
05	सर्वेश्वर बेहरा कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.03.2014 को विश्वसनीय सूत्रों से यह पता चला कि सीपीआई (माओवादी) के भारी हथियारबंद काडरों का एक समूह पोटांगी पुलिस स्टेशन की सीमाओं के अंतर्गत मुंगलुवालसा वन क्षेत्र में एक प्रशिक्षण शिविर संचालित कर रहा था और इस क्षेत्र में आम चुनाव-2014 की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने की योजना बना रहा था। तदनुसार, जिला पुलिस के आठ कमांडों के साथ श्री मित्रभानु महापात्रा, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक कोरापुट और श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट के नेतृत्व में एक छोटे दल के साथ एक नक्सल-रोधी अभियान की योजना बनाई गई। जब पुलिस दल वन क्षेत्र में पहुंचा, तो विद्रोहियों ने स्वचालित हथियारों से अचानक अकारण गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल एक अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दो भागों में विभाजित हो गया और संख्या में कम होने तथा विषम क्षेत्रीय बाधाओं के बावजूद बहादुरीपूर्ण ढंग से जवाबी कार्रवाई की। श्री मित्रभानु महापात्रा, आईपीएस ने अपने पांच कमांडों के दल का नेतृत्व किया और पुलिस पर एक किनारे से हो रहे हमले को रोकने के लिए आक्रामक जवाबी हमला किया। आक्रमण के दौरान, श्री मित्रभानु महापात्रा और कांस्टेबल आदित्य रंजन दाश अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर वीरतापूर्वक लड़े। श्री संतोष मल्ल ने बहादुरी से भारी गोलीबारी का सामना करते हुए अपने दल का नेतृत्व किया और इस प्रकिया के दौरान उनके एक कमांडो हवलदार जितेन्द्र कुमार दाश बुरी तरह घायल हो गए। इसके बावजूद, श्री मल्ल ने अपने संसाधन तैयार किए और अपने दल का आगे से नेतृत्व किया और माओवादियों को रोकने में सफल हुए।

पुलिस की शौर्यपूर्ण जवाबी कार्रवाई के कारण, माओवादी समूह घनी झाड़ियों की आड़ में बच निकला और पुलिस द्वारा उनका पीछा किया गया। दो माओवादी काडरों ने नजदीक छप्पर में स्थित एक खाली मकान में शरण ले ली और आसानी से बच निकलने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जब उसमें छिपे हुए विद्रोही पुलिस कार्रवाई में बाधा पहुंचा रहे थे, तो दल के नेताओं ने उनको निष्क्रिय करने के लिए कमरे में घुसकर एक जोखिमपूर्ण अभियान चलाने का निर्णय लिया। श्री मित्रभानु महापात्रा ने कमरे में घुसने के अभियान का नेतृत्व किया, जिसका श्री संतोष मल्ल और कांस्टेबल आदित्य रंजन दाश द्वारा अनुसरण किया गया। कमरे में प्रवेश करने संबंधी सफल किंतु जोखिमपूर्ण अभियान के परिणामस्वरूप सीपीआई (माओवादी) के दो संभागीय कमांडरों नामत: इप्पे स्वामी ऊर्फ नरेन्द्र और माल्ला संजीव ऊर्फ डुबरी को निष्क्रिय किया गया, जिन पर ओडिशा सरकार ने पांच लाख रुपए के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

अभियान के दौरान, पुलिस कर्मियों ने योजनापूर्ण ढंग से बेहतर स्थिति वाले शत्रुओं के मुकाबले अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों और विषम क्षेत्रीय बाधाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए बहादुरी, साहस, दृढ़निश्चय और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया और बगैर किसी सम्पार्श्विक क्षति के सफलता सुनिश्चित की।

बरामदगी

(i) भरी हुई मैगजीन के साथ एक कारबाइन और खाली मैगजीन (ii) भरी हुई मैगजीन के साथ एक स्टेनगन और एक खाली मैगजीन और (iii) एक ग्रेनेड।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मित्रभानु महापात्रा, पुलिस अधीक्षक, संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक, जितेन्द्र कुमार दाश, हवलदार, आदित्य रंजन दाश, कांस्टेबल और सर्वेश्वर बेहरा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 61-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. निरंजन पट्टा,
निरीक्षक

02 हिमांशु शेखर रथ,
उप निरीक्षक

03 आशुताष मोहंती,
कांस्टेबल

04 सुखीराम राणा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एक आसूचना संबंधी जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, सुनाबेडा जंगल के अत्यधिक नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में एक नक्सल-रोधी अभियान शुरू किया गया। अभियान दल में उप निरीक्षक (सशस्त्र) हिमांशु शेखर रथ और 14 एसओजी कमांडो

शामिल थे जिनका नेतृत्व निरीक्षक निरंजन पट्टा कर रहे थे। दिनांक 14.04.2014 को लगभग 01.00 बजे अभियान दल शिविर से निकल पड़ा और कच्चे रास्ते से आगे बढ़ने लगा।

चूंकि यह क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ है, इसलिए उनको गतिविधि के बारे में पता चल गया और आगे बढ़ रहे पुलिस दल पूरी तरह अनभिज्ञ था। दिनांक 14.04.2014 को लगभाग 07.45 बजे, जब पुलिस दल पहाड़ियों के बीच के रास्ते, घात लगाकर हमला करने के संभावित स्थान, को पार कर रहा था, निरीक्षक निरंजन पट्टा ने इस प्रकार के जाखिम भरे रास्तों से संबंधित अपने अनुभव के आधार पर दल को सभी सावधानियां बरतते हुए सुनिश्चित ढंग से आगे बढ़ने का आदेश दिया। उस समय, नक्सलवादियों ने अचानक पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, और सौभाग्य से दल के सभी सदस्य इस शुरूआती झटके से बच गए और समस्त दल तत्काल हरकत में आ गया तथा प्राकृतिक आड़ के पीछे रणनीतिक स्थान ले लिया।

नक्सलवादी ऊंचे स्थान पर थे। निरीक्षक निरंजन पट्टा और अन्य कार्मिकों ने लगभग 40 नक्सलियों के एक गुट को नक्सली वेशभूषा में एके 47, एसएलआर और .303 ले जाते हुए देखा। नक्सलियों द्वारा ले जाए जा रहे हथियारों की क्षमता और किस्मों से निरीक्षक पट्टा ने अनुमान लगाया कि मणिपुर-न्यूपाडा संभागीय समिति के सदस्यों के साथ नक्सलियों की सैन्य टुकड़ियों ने उन पर घात लगाकर हमला किया है। चूंकि नक्सली पहाड़ी की चोटियों पर लाभकारी स्थिति में थे, इसलिए वे पुलिस दल पर प्रभावकारी गोलीबारी कर रहे थे जो पहाड़ी की तलहटी में था। अचानक निरीक्षक निरंजन पट्टा ने देखा कि 8-10 नक्सलियों का एक समूह दायीं ओर से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पुलिस दल की ओर दो ग्रेनेड भी फेंके, जिससे निरीक्षक निरंजन पट्टा और उप निरीक्षक (सशस्त्र) हिमांशु शेखर रथ को छोटी-मोटी चोटें आईं, परन्तु वे अपने स्थान पर डटे रहे और निडरतापूर्वक गोलीबारी की। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आक्रमक रूप से लड़ रहे नक्सलियों द्वारा छोटे पुलिस दल को पराजित करके उनकी हत्या कर दिए जाने की पूरी संभावना थी। निरीक्षक निरंजन पट्टा ने महसूस किया कि उपलब्ध प्राकृतिक आड़ के पीछे से गोलीबारी करके आगे बढ़ रहे नक्सलियों को नहीं रोका जा सकता। हालात का तुरंत आकलन करने के पश्चात, उन्होंने अपने दल को नक्सलियों की ओर गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने का आदेश दिया। उन्होंने आगे से दल का नेतृत्व किया। अपनी जान की परवाह किए बिना और असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए, वे प्रभावशाली ढंग से गोलीबारी करने के लिए सामने आ गए और आगे बढ़े। नक्सली आक्रमक रूप से आगे बढ़ रहे पुलिस दल का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे और आड़ लेकर रक्षात्मक हो गए तथा पीछे हटने लगे। निरीक्षक निरंजन पट्टा से प्रेरित होकर उप निरीक्षक (सशस्त्र) हिमांशु शेखर रथ, कांस्टेबल ए. मोहंती और कांस्टेबल एस आर. राणा भी प्रभावशाली ढंग से गोलीबारी करने के लिए खुले स्थान में आ गए। सभी चारों पुलिस कर्मियों ने बचकर भाग रहे नक्सलियों पर गोलीबारी करते हुए लगभग 500 मीटर की दूरी तक उनका पीछा किया और अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए गोलीबारी की। तथापि, नक्सली पहाड़ी क्षेत्र की आड़ लेते हुए बच निकले।

तलाशी के दौरान एक वर्दीधारी महिला नक्सलवादी का शव, जिसका बाद में मोती मदकामी के रूप में पहचान की गई, प्राप्त हुआ। वह एक वरिष्ठ दुर्दांत काडर थी और मुखबिरों ने सूचित किया था कि वह उस क्षेत्र में पिछले 4-5 वर्षों से कार्य कर रही थी। उसके अलावा एक .303, एक पिस्तौल, गोलाबारूद, टिफिन बम, किटबैग, साहित्य आदि भी बरामद किए गए। किट बैग पर गोली के निशानों और बाद में स्थानीय लोगों से प्राप्त सूचना से यह पता चला कि इस अभियान में अन्य नक्सली गोलिया लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इस गोलीबारी में, निरीक्षक निरंजन पट्टा तथा उप निरीक्षक (सशस्त्र) हिमांशु शेखर रथ को छोटी-मोटी चोटें आईं और उन्हें मुठभेड़ के पश्चात कोमना अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उनकी चोटों को कम गंभीर बताया और प्राथमिक उपचार देने के पश्चात उन्हें छुट्टी दे दी।

उपयुक्त घटना से यह स्पष्ट है कि निरीक्षक निरंजन पट्टा ने इस अभियान में बहादुरी के एक दुर्लभ कृत्य का प्रदर्शन किया। वे अकेले व्यक्ति थे, जो इस बात पर विचार किए बिना कि नक्सलियों की ओर से कोई गोली उन्हें लग सकती है, सबसे पहले प्रभावशाली ढंग से गोलीबारी करने के लिए सामने आ गए लेकिन फिर भी उन्होंने नक्सलियों द्वारा पुलिस को क्षति पहुंचाने से बचाने के लिए जोखिम उठाया।

इन चार पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी जान को आसन्न और गंभीर खतरे के बावजूद प्रदर्शित शौर्यपूर्ण कृत्य से उनके दल के साथियों के जान की रक्षा हुई। इसके परिणामस्वरूप नक्सलियों को बड़ा आधात पहुंचा, क्योंकि उनके खूंखार सैन्य दल को काडर, हथियार और मनोबल के ह्रास के रूप में भारी क्षति हुई।

बरामदगी

1. एक .303 राइफल

2. पांच .303 जिंदा गोलाबारूद

3. छह .303 ट्रेसर गोलाबारूद

4. एक देशी पिस्तौल

5. कोडेक्स-10 मीटर

6. इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर-06

7. इलेक्ट्रिक वायर-20 मीटर

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री निरंजन पट्टा, निरीक्षक, हिमांशु शेखर रथ, उप निरीक्षक, आशुतोष मोहंती, कांस्टेबल और सुखीराम राणा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.04.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 62-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राम लाल
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.07.2015 को सेना की वर्दी पहने, आधुनिक हथियारों/उपकरणों से लैस विदेश में प्रशिक्षित तीन आतंकवादियों ने सुबह लगभग 5 बजे पुलिस स्टेशन दीनानगर (गुरुदासपुर जिला) के परिसर में प्रवेश किया और परिसर में मौजूद सुरक्षा कर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

पुलिस स्टेशन भवन के गेट के बाहर गोलीबारी के पहले वार और संतरी चौकी की ओर से एक हथगोला फेंके जाने से पीएचजी राजेन्द्र कुमार, जो पुलिस स्टेशन गेट पर संतरी की ड्यूटी पर थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। इस स्थिति का बड़ी सतर्कता से मुकाबला करते हुए, हेड कांस्टेबल राम लाल, नाइट मोहरर हेड कांस्टेबल (नाइट एमएचसी) ने पुलिस स्टेशन भवन का प्रवेश द्वार बंद कर दिया। ऐसा करते समय, उन्होंने घायल पीएचजी राजेन्द्र कुमार को पुलिस स्टेशन भवन के भीतर खींच लिया और बाद में उन्हें (पीएचजी राजेन्द्र कुमार) पुलिस स्टेशन की छत पर ले गए। जब आतंकवादियों को पुलिस स्टेशन भवन में प्रवेश करने से रोक दिया गया, तो वे (आतंकवादी) पुलिस स्टेशन के पीछे की ओर स्थित नजदीक के भवन में घुस गए और अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। आतंकवादियों को पुलिस स्टेशन में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुलिस स्टेशन के गेट को बंद करते समय घायल होने के बावजूद, एमएचसी राम लाल ने लगातार भारी गोलीबारी कर रहे आतंकवादियों को उलझाते हुए लगभग अकेले ही जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी।

एच सी राम लाल ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए भी स्थिति का मुकाबला करने में अनुकरणीय सतर्कता, साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया। इस प्रकार, वे न केवल आतंकवादियों को पुलिस स्टेशन भवन में प्रवेश करने से रोकने में सफल हुए, बल्कि उन्होंने बड़ी संख्या में पुलिस स्टेशन परिसर में रह रहे पुलिस कर्मियों उनके परिवारों और बच्चों के बहुमूल्य

जीवन की रक्षा भी की । यदि आतंकवादी पुलिस स्टेशन भवन में घुस जाते, तो वे पुलिस स्टेशन के शस्त्रागार में मौजूद हथियारों और गोलाबारूद के बड़े भंडार तक पहुंच जाते। हेड कांस्टेबल राम लाल को गोलियों से कई चोटे पहुंची और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। उन्हें अमृतसर के एक अस्पताल में तीन माह से अधिक की अवधि के दौरान कई शल्य चिकित्साओं (5-7) से गुजरना पड़ा। तदन्तर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों सहित अतिरिक्त पुलिस बल दीनानगर पुलिस स्टेशन पहुंच गया। इसी बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गुरदासपुर भी मौके पर पहुंच गए और अभियान की कमान संभाल ली। उनके निदेशानुसार जिला गुरुदासपुर के सभी जीओ और एसएचओ पुलिस स्टेशन दीनानगर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस स्टेशन परिसर के बाहर का घेरा मजबूत कर दिया और पुलिस स्टेशन परिसर के क्वार्टरों में रह रहे परिवारों को बाहर निकाला गया। उनके नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने सभी ओर से भारी जवाबी गोलीबारी करके आतंकवादियों को उलझा दिया। दोनों तरफ से गोलीबारी में राज्य विशेष अभियान सेल, अमृतसर के निरीक्षक बलबीर सिंह के बाएं हाथ और पेट के बायीं ओर 2 गोलियां लग गईं।

पुलिस बल द्वारा रणनीतिक स्थानों से लगातार जवाबी गोलीबारी के कारण, आतंकवादी उस भवन के अंदर रूके रहने पर मजबूर हो गए, जिसको उन्होंने प्रारम्भ में कब्जे में ले लिया था और बचकर दीनानगर शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र में भागने में सफल नहीं हो सके। जब उस भवन, जिसमें आतंकवादियों ने कब्जा कर रखा था, पर अंतिम हमला करने और आतंकवादियों को अंधेरे की आड़ में बच निकलने से रोकने के लिए अभियान को सूर्यास्त से पहले समाप्त करने का निर्णय लिया गया, तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुरदासपुर ने आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने की ओर बढ़ने में पुलिस कर्मियों का नेतृत्व किया। इस अभियान के दौरान कई अवसरों पर अपनी जान को गंभीर खतरे के बावजूद भारी हथियारबंद आतंकवादियों की ओर से भारी और लगातार गोलियों की बौछार की परवाह किए बगैर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता और कर्तव्य परायणता का विरल प्रदर्शन करते हुए लंबे अभियान के दौरान बल का मनोबल बनाए रखा।

बहादुर पुलिस अधिकारियों की समझ बूझ और साहस की वजह से आतंकवादी भवन के भीतर रूके रहने पर मजबूर हो गए, अन्यथा इसके परिणामस्वरूप दीनानगर शहर के निवासियों के साथ-साथ अनेक पुलिस कर्मी और उनके परिवार के लोग हताहत हो जाते।

हेड कांस्टेबल रामलाल, जो आतंकवादी हमले का मुकाबला करने वाले प्रथम पदाधिकारी थे, ने पुलिस स्टेशन का गेट बंद करके, धायल संतरी को अंदर खींचकर अपनी जान का गंभीर खतरा होने पर भी अत्यधिक साहस, सतर्कता और कर्तव्य परायणता का प्रदर्शन किया और इस कार्रवाई के दौरान गोली लगने से घायल होने के बावजूद पोजीशन संभाली और जवाबी गोलीबारी की जिसके कारण आतंकवादियों को पुलिस स्टेशन के भवन में प्रवेश करने से रोका गया और उन्हें निकटवर्ती भवन में घेर कर रखा गया।

की गई बरामदगी:

1.	एके- 56 राइफल	-	03
2.	एके- 56 मैगजीन	-	21
3.	एके-56 जिंदा राउंड	-	89
4.	एके- 56 खाली खोखे	-	305
5.	एके- 56 मैगजीन रखने के बैल्ट (पाउच)	-	03
6.	डिस्पोजेबल रॉकेट लांचर (विदेशी मार्क)	-	01
7.	ब्लाइंड हैंड ग्रेनेड	-	05
8.	जिंदा हैंड ग्रेनेड	-	01
9.	प्लास्टिक की घड़ियां (टूटी हुई)	-	02
10.	ग्रेनेड पिन	-	05
11.	चमड़े की बैल्ट	-	03

इस मुठभेड़ में श्री राम लाल, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.07.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 63-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, तेलंगाना पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. कोटागिरि श्रीधर,
उप निरीक्षक

02. नालुवाला रवीन्द्र,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.10.2013 को श्री नालुवाला रवीन्द्र, उप-निरीक्षक को वैदिचेलमा वन क्षेत्र में सीपीआई माओवादियों की अपराध करने संबंधी गतिविधि के बारे में सूचना प्राप्त हुई। श्री के. श्रीधर, उप-निरीक्षक एवं एन. रवीन्द्र, उप-निरीक्षक तुरंत कार्रवाई करने के लिए पुलिस दल के साथ चल पड़े। संपूर्ण क्षेत्र उग्रवादियों की गतिविधियों से प्रभावित है और मार्गों में बारुदी सुरंगे बिछा रखी है तथा मार्ग खतरनाक हैं। सैन्य दलों को बारुदी सुरंगों और हथियारबंद उग्रवादियों से भरे घने जंगल के बीच रात में 10 किमी. के दुर्गम क्षेत्र से गुजरना पड़ा। उस स्थान पर दोनों अधिकारियों ने ने हथियारबंद उग्रवादियों की गतिविधि देखीं

दोनों पुलिस अधिकारी उग्रवादियों के निकट पहुंच गए परन्तु संतरी ने इन पर तेज गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादियों ने प्रभावकारी स्थान से सभी ओर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इन पुलिस अधिकारियों ने अपनी जान के गंभीर खतरे की परवाह किए बिना गोलीबारी का जवाब दिया और उग्रवादियों के नजदीक चले गए। यह गोलीबारी युद्ध जैसी प्रतीत हुई। इन अधिकारियां ने उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर बहादुरी से उग्रवादियों का पीछा किया। अपनी वीरतापूर्ण कार्रवाई और उच्च्कोटि के नेतृत्व से उन्होंने अलाभप्रद स्थिति को लाभप्रद स्थिति में परिवर्ति कर दिया।

यदि इन पुलिस अधिकारियों ने ऐसी उच्चकोटि की कार्रवाई का प्रदर्शन नहीं किया होता, तो उग्रवादियों ने हालत पर विजय प्राप्त कर ली होती। दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलीबारी होती रही। बाद में पुलिस दल ने घटनास्थल की छानबीन की और उन्हें दो पुरूष काडरों के शव प्राप्त हुए जिनकी निम्नलिखित रूप में पहचान की गई:-

1. मुप्पु मोगिली उर्फ नरेश, सावबारी क्षेत्रीय समिति का एसीएस और खम्माम का डीसीएम।

2. तेल्लम रामुलू उर्फ रामू, सावबारी दलम का एसीएम।

वे हत्या आदि सहित 30 जघन्य अपराध करने के लिए जिम्मेवार हैं। इस मुठभेड़ के पश्चात माओवादी गुट का मनाबेल अत्यधिक गिर गया।

श्री कोटागिरी श्रीधर, उप-निरीक्षक ने 3 ई.ओ.एफ. में भाग लिया जिसमें 02 उग्रवादी मारे गए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया तथा हथियार और गोला बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया।

श्री नालुवाला रवीन्द्र, उप-निरीक्षक ने 5 ई.ओ.एफ. में भाग लिया, जिसमें 02 उग्रवादी मारे गए और कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और हथियार तथा गोला-बारुद का बड़ा जखीरा बरामद किया।

बरामदगी:

1. दो एस एल आर हथियार

2. पांच भरी हुई मैगजीन

3. चार किट बैग

4. 50,000/-रू. नकद

5. दो सिम के साथ एक सेलफोन।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कोटागिरि श्रीधर, उप निरीक्षक, नालुवाला रवीन्द्र, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.10.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 64-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राम नयन सिंह,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.12.2006 की सायं एक दो वर्ष के बच्चे मुजम्मिल का उसके घर के सामने से फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया। राज्य की राजधानी में शहर के बीच से अपहरण के मामले को सुलझाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती था।

पुलिस स्टेशन ठाकुरगंज पुलिस अपहृत बच्चे को बचाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक/सीओ चौक श्री राम नयन सिंह के नेतृत्व में आसूचना एकत्र कर रही थी। प्राप्त आसूचना के आधार पर, पुलिस स्टेशन ठाकुरगंज, कैसरबाग और अपराध शाखा के सहयोगी पुलिस बल के साथ उप पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह मोहल्ला रस्तोगीनगर, पुलिस स्टेशन ठाकुरगंज, लखनऊ पहुंचे। दिनांक 28.12.2006 को जानकारी पर आधारित तलाशी से पता चला कि अपहरणकर्ताओं ने अपहृत बच्चे को पिंटो के घर, मोहल्ला वजीरबाग, पुलिस स्टेशन सादातगंज में स्थानांतरित कर दिया था। उप पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह सहयोगी बल के साथ तत्काल वहां पहुंचे। उन्होंने उपलब्ध बल में से दो दल गठित किए। उन्होंने प्रथम दल का नेतृत्व किया जिसमें उप निरीक्षक विश्वनाथ प्रसाद यादव और अन्य कार्मिक शामिल थे, जबकि दूसरे दल का नेतृत्व एसओ ठाकुरगंज श्री वी.एन. सिंह द्वारा किया गया जिसमें उप निरीक्षक रणजीत कुमार और अन्य कार्मिक शामिल थे। रणनीति के अनुसार, श्री राम नयन सिंह के नेतृत्व वाले दल ने घर को आगे से घेर लिया और दूसरे दल ने पीछे से घेर लिया। लगभग 2100 बजे, जब दरवाजा खटखटाया गया, तो अपहृत बच्चे मुजम्मिल के साथ एक व्यक्ति घर की छत पर आया। पुलिस को देखकर उसने बच्चे को एक महिला को सौंप दिया और उसे घर के भीतर जाने को कहा। अपराधी ने पुलिस दल को चुनौती दी और पुलिस दल को मारने के इरादे से उन पर गोलीबारी की। उप-पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दल को सावधान किया और उनका हौसला बढ़ाया और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपराधी को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। अपराधी ने चेतावनी की ओर ध्यान नहीं दिया और पुलिस पर दुबारा गोलीबारी की। उसने घर की छत से एक खाली खेत में छलांग लगा दी, जहां से उसने अपने हथियार को दुबारा भर के पुलिस दल पर पुन: गोलीबारी की। कोई अन्य विकल्प नहीं पाकर पुलिस दल ने भी अपनी जान की परवाह किए बगैर और असाधारण साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए आत्मरक्षा में गोलीबारी की। पारस्परिक

गोलीबारी में एक अपराधी मारा गया जिसकी नूरूल उर्फ नूर आलम उर्फ छोटे के रूप में पहचान की गई। अपहृत बच्चे मुजम्मिल को सुरक्षित बचा लिया गया। मारे गए अपराधी से एक देशी पिस्तौल और .32 बोर के 03 खाली खोखे बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री राम नयन सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.12.2006 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 65-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सुबेन्धु रॉय, कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, मरणोपरांत)
02.	दलजीत सिंह, कांस्टेबल/चालक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	गोधराज मीणा, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05 अगस्त, 2015 को लगभग 0420 बजे 21 वाहनों (हल्के वाहन-02, मध्यम वाहन-3, भारी वाहन-9 और बसें-07) वाला सीमा सुरक्षा बल का कश्मीर सीमा का काफिला, 522 बीएसएफ कार्मिकों (466 यात्री और 56 गार्ड) को ले जा रहा था, श्री ए.के. शर्मा, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में ट्रांजिट कैंप जम्मू से श्रीनगर के लिए रवाना हुआ।

सड़क पर कई मोड़ और धुमाव हैं, अत: दृश्यता बाधित हो रही थी। लगभग 0730 बजे, जब यह काफिला ऊधमपुर से 17 किमी. की दूरी पर सिमरौली गांव के नजदीक नारसू नाला पर अंधे मोड़ को पार कर रहा था, तो स्वचालित हथियार के साथ एक हथियारबंद आतंकवादी बीएसएफ की बस सं. जेके-01 के-3851 जिसे द्वितीय बटालियन, बीएसएफ के कांस्टेबल (चालक) दलजीत सिंह चला रहे थे, के सामने आ गया। यह बस काफिले में 15वें स्थान पर थी। चौदह वाहन इसके आगे चल रहे थे और छह वाहन 100-500 मीटर की दूरी पर बस के पीछे चल रहे थे जो सामान्य वाहनों की गति और यातायात के हालात पर निर्भर था। उक्त बस में छुट्टी से लौट रहे चौवालीस जवान बैठे हुए थे। 59 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल रॉकी गार्ड के रूप में बस की सुरक्षा कर रहा था।

उग्रवादी ने शुरू में बस के अगले हिस्से को निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप बस का बांया टायरफट गया और कांस्टेबल (चालक) दलजीत सिंह को गोली लगने से गंभीर चोटे आईं। इसके बावजूद, उन्होंने बस पर से अपना नियंत्रण नहीं खोया और पहाड़ी क्षेत्र में टक्कर से बचते हुए इसे सुरक्षित रूप से रोक दिया जिसके द्वारा उन्होंने उत्कृष्ट सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया। फिर उग्रवादी ने बस में सवार लोगों पर गोलियों की तेज बौछारें शुरू कर दीं और इस प्रक्रिया में सभी ओर से लगातार गोलीबारी करते हुए खड़ी हुई बस के चारों ओर घूम गया। इसी बीच, अन्य उग्रवादी जिसने भी बांई ओर ऊंचे स्थान पर पोजीशन संभाल रखी थी, ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे बस में सवार लोगों को गंभीर चोटें आईं।

59 बटालियन, बीएसएफ के कांस्टेबल रॉकी को गोली लगने से गंभीर चोट पहुंची और बहुत अधिक मात्रा में खून बहने लगा। तथापि, कांस्टेबल रॉकी ने अपनी चोटों की परवाह किए बिना अपने निजी हथियार से गोलियां चलाकर उग्रवादियों को प्रभावशाली ढंग से उलझा दिया। वे लगातार चिल्ला भी रहे थे और बस में सवार लोगों को नीचे झुकने तथा हताहत होने से बचने के लिए नीचे झुके रहने के लिए कह रहे थे।

दूसरी बटालियन, बीएसएफ के कांस्टेबल सुभेन्दु रॉय, जो एक यात्री के रूप में सफर कर रहे थे, कांस्टेबल रॉकी को उग्रवादी की स्थिति के बारे में सूचित करते रहे। जब उग्रवादी जबरन बस में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था, तब कांस्टेबल सुभेन्दु रॉय तेजी से बस के आगे के दरवाजे की ओर भागे और उग्रवादी के प्रवेश को रोकने के लिए मजबूती से दरवाजे को पकड़ लिया, जिसमें परिणामस्वरूप उग्रवादी ने कांस्टेबल सुभेन्दु रॉय पर गोलीबारीशुरू कर दी और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, कांस्टेबल सुभेन्दु रॉय ने उगव्रादी को बस में प्रवेश नहीं करने दिया। फिर उग्रवादी ने पिछले दरवाजे से बस में प्रवेश करने की कोशिश की। परन्तु कांस्टेबल गोधराज मीणा, 18 बटालियन बीएसएफ, जो बस में पीछे की ओर बैठ हुए थे, गोलियों की तेज बौछारों के बीच तेजी से पीछे के दरवाजे की ओर दौड़े और उग्रवादी के प्रवेश को रोकने के लिए मजबूती से खड़े हो गए। उग्रवादी ने उन पर गोली चलाई, परन्तु गोली की चोटों के बावजूद उन्होंने उग्रवादी को बस में प्रवेश नहीं करने दिया। इसी बीच, कांस्टेबल रॉकी उग्रवादी को लगतार उलझा रहे थे। जब उगव्रादी बस पर ग्रेनेड फेंकने वाला था, तब कांस्टेबल रॉकी दौड़ कर दरवाजे की ओर गए और प्रभावशाली गोलीबारी से उगव्रादी को मार गिराया।

इसी बीच, वह उग्रवादी, जो बांई ओर की पहाड़ी पर ऊंचे स्थान पर मोर्चा संभाले हुए था, घटना स्थल से भाग गया। उसने कुछ आम लोगों को बंदी बना लिया, परन्तु बाद में आम लोगों द्वारा उसे काबू में करके पकड़ लिया गया जो पुलिस हिरासत में है।

कांस्टेबल (चालक) दलजीत सिंह ने सूझबूझ का प्रदर्शन किया और पहाड़ी क्षेत्र में वाहन को टकराने से बचाकर सुरक्षित रूप से रोक दिया जिससे जवानों की कीमती जानें बच गईं। कांस्टेबल गोधराज मीणा ने अत्यधिक साहस का प्रदर्शन किया और उक्त उगव्रादी को पिछले दरवाजे से बस में प्रवेश करने से रोक दिया। कांस्टेबल रॉकी और कांस्टेबल सुभेन्दु राय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होने के बावूद अपनी जगह पर खड़े रहे और अत्यंत विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट वीरता और साहस का प्रदर्शन करते हुए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहे, और बीएसएफ के 44 निशस्त्र कार्मिकों के बहुमूल्य जीवन की रक्षा की।

बरामदगी:

एक एके 47 राइफल और गोलाबारुद सहित उग्रवादी का शव।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) सुबेन्धु रॉय, कांस्टेबल, दलजीत सिंह, कांस्टेबल/चालक और गोधराज मीणा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.08.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 66-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बलबीर सिंह,
द्वितीय कमान

02. चरण सिंह,
कांस्टेबल

03. अनिल कुमार,
कांस्टेबल

04. लाला ओरान,
कांस्टेबल

05. दुर्जाधन पाल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीएसएफ की 41वीं बटालियन जिला-कांकेर (छत्तीसगढ़) के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात थी।

दिनांक 21 जनवरी, 2014 को लगभग 0800 बजे सशस्त्र माओवादियों की गतिविधि के बारे विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 3 अधिकारियों, 3 अधीनस्थ अधिकारियों और 36 अन्य रैंकों (छत्तीसगढ़ पुलिस के एक उप निरीक्षक और एक कांस्टेबल सहित) के साथ श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान के नेतृत्व में एक पार्टी गांव-मिर्ची बेड़ा के आम क्षेत्र में विशेष संयुक्त अभियान के संचालन के लिए रवाना हुई। भौगोलिक दृष्टि से यह क्षेत्र पहाड़ी एवं घने जंगलों से आच्छादित है। इस संपूर्ण क्षेत्र में छोटी पहाड़ियां और घने जंगल फैले हुए हैं और वहां अनेक ऐसी प्रभावशाली विशिष्टताएं मौजूद हैं जो उसे घात लगाने के लिए अनुकूल स्थान बनाती है।

श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान ने खतरे का मूल्यांकन किया और उन्होंने सुरक्षा के सभी एहतियाती उपाय किए। पार्टी को समूहों में बांटा गया। श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान, "हेड हंटर्स टीम" का नेतृत्व कर रहे थे। "हेड हंटर्स टीम" को सहायता प्रदान करने के लिए कांस्टेबल चरण सिंह को कांस्टेबल दुर्जाधन पाल और कांस्टेबल अनिल कुमार को कांस्टेबल लाला ओरान के सहयोगी जोड़े के रूप में कार्य सौंपा गया। लगभग 1030 बजे जब यह पार्टी झरना वाले क्षेत्र से लगभग 300-350 मीटर दूरी तक पहुंची, तभी अचानक पार्टी के आगे चल रही टुकड़ी के ऊपर घनी झाड़ियों की आड़ में ऊंचे स्थानों पर छिपे नक्सलियों के द्वारा छोटे हथियारों से तीव्र एवं अंधाधुंध भारी गोलीबारी की जाने लगी। श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान और उनकी टीम ने तत्काल पेड़ों और बड़े पत्थरों की आड़ में पोजीशन ले ली और नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब दिया। श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान ने कांस्टेबल चरण सिंह, कांस्टेबल दुर्जाधन पाल, कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल लाला ओरान को नक्सलियों को उचित जवाब देने के लिए, जो उस स्थिति में हावी हो रहे थे, अपनी पोजीशन बदलने का निर्देश दिया। वे लगभग 15 मीटर तक रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने सुरक्षित पोजीशन लेकर छोटे शस्त्रों से बर्स्ट फायर किया। इसके बाद नक्सलियों ने श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान की दिशा में भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इस स्थिति को देखकर श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान ने कांस्टेबल चरण सिंह और और कांस्टेबल दुर्जाधन सिंह पाल के सहयोगी जोड़े को बायीं दिशा से रेंगते हुए ऊपर की ओर बढ़ने और कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल लाला ओरान के सहयोगी जोड़े को दायीं दिशा से रेंगते हुए ऊपर की ओर बढ़ने और कवर फायर करने का निर्देश दिया। अपनी जान और निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर दोनों सहयोगी जोड़े गोलियों की बौछार के सामने निर्धारित पोजीशन लेने के लिए आगे बढ़ गए। इसके साथ ही साथ श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान ने आगे बढ़ना शुरू किया। सभी टुकड़ियों ने नक्सलियों का मनोबल तोड़ने और उन्हें अपनी पोजीशनों से हटाने के लिए हमलावर संघटन के रूप में उनके ऊपर भारी गोलीबारी करते हुए धावा बोल दिया। जैसे ही एक नक्सली ने एक लकड़ी के लट्ठे के पीछे पोजीशन संभाली, उसे गोली लग गई। इससे सुरक्षित ठिकानों में छिपे नक्सलियों के बीच खलबली मच गई और वे जान बचाकर भागने लगे। श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान ने श्री अरूण कुमार, डीसी और श्री एन.सी. परगाइन, डीसी के नेतृत्व वाली किनारे से बढ़ रही टुकड़ियों को दोनों किनारे से कवर करने के लिए पहाड़ी के दोनों तरफ से ऊपर की ओर बढ़ने का आदेश दिया। नक्सलियों ने गोलीबारी बंद कर दी और 15-20 मिनट तक नक्सलियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उस स्थल की पूरी तलाशी ली गई और यह देखा गया कि नक्सली वहां से निकलकर घने जंगलों की ओर भागने में सफल हो गए थे।

तलाशी के दौरान उस स्थान से शिनाख्त न किए गए नक्सलियों के दो शव, 3 मजल भरी हुई एसबीएमएल बंदूकें, 3 कुल्हाड़ी, 4 छुरे, एके 47 सीरीज के 10 फायर किए गए खाली खोखे, 2 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 5.56 एमएम इन्सास के 21 फायर

किए गए खाली खोखे, 3 विस्फोटक बॉक्स और अन्य विविध सामग्रियां बरामद की गईं। बाद में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा मृतकों की पहचान सोमा राम कोमारा (25 वर्ष) और तुल सिंह (40 वर्ष) नामक दुर्दांत नक्सलियों के रूप में की गई, जो विगत 7/8 वर्षों से कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय थे और विभिन्न जघन्य अपराधों में शामिल थे। यह भी पता चला कि उक्त अभियान में 4 नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान, कांस्टेबल चरण सिंह, कांस्टेबल दुर्जाधन पाल, कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल लाल ओरान द्वारा प्रदर्शित बहादुरीपूर्ण कृत्य और अदम्य साहस ने नक्सलियों को उनकी पोजीशन से खदेड़ने में अहमद भूमिका निभाई और दो दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बलबीर सिंह, द्वितीय कमान, चरण सिंह, कांस्टेबल, अनिल कुमार, कांस्टेबल, लाला ओरान, कांस्टेबल और दुर्जाधन पाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 67-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अरविंद कुमार चौधरी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस थाना इमामगंज, बांके बाजार, जिला:- गया और पुलिस थाना मदनपुर, जिला:- औरंगाबाद, बिहार के डुमरी नाला और पचरूखिया वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर, सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त सैन्य दल द्वारा दिनांक 23.01.2014 को योजना बनाकर एक अभियान शुरू किया गया। सीआरपीएफ के सैन्य दल में श्री अभिजीत नाथ, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन एक टीम अर्थात डी/153, 205 कोबरा की 04 टीमें और 159 बटालियन की दो कंपनियां शामिल थीं, जबकि राज्य पुलिस के घटक में एसटीएफ और राज्य पुलिस की दो टीमें शामिल थीं। सैन्य दल को पृथक पार्टियों में विभाजित किया गया और प्रत्येक पार्टी को छानबीन के लिए विशिष्ट क्षेत्र दिए गए।

तदनुसार, श्री अभिजीत नाथ, सहायक कमांडेंट की कमान में एक पार्टी अर्थात डी/153 चक्रबांधा के वन क्षेत्र में चिलमीटोला से लंगोराही गांव तक के क्षेत्र की छानबीन कर रही थी। जब सैन्य दल गांव लंगोराही के निकट एक पहाड़ी के निकट पहुंच रहा था, तभी पहाड़ी की चोटी पर और चट्टानों के पीछे छिपे हुए माओवादियों ने उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी उस दल के स्काउट थे और उनके आगे चल रहे टीम के सदस्यों ने गोलियों की बौछार की परवाह किए बगैर तत्काल जवाबी गोलीबारी की और वे माओवादियों की ओर निडर एवं साहसी तरीके से आगे बढ़े। माओवादियों ने रणनीति बनाकर घात लगा रखी थी और उन्होंने सुरिक्षत आड़ के पीछे आधिपत्य वाली पोजीशन हासिल कर रखी थी। कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर ऊपर की ओर चढ़ाई करते हुए आगे बढ़ना शुरू किया ताकि वे माओवादियों के निकट पहुंच कर उनके ऊपर जवाबी हमला कर सकें। तीव्र गोलीबारी के बीच माओवादियों के अधिक निकट पहुंचने की लगन में कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी को एक गोली लग गई। गोली के घाव से काफी खून बहना शुरू हो गया और कांस्टेबल पीड़ा से बेचैन होकर शिथिल हो गए। इस दुस्साहसी बहादुरी को देखकर दल के अन्य सदस्यों ने उनका अनुसरण किया और माओवादियों पर हमला कर दिया। ऐसा प्रतीत हुआ कि माओवादी उस क्षण की प्रतीक्षा में थे, क्योंकि पास की पहाड़ी में छिपे माओवादियों के एक दूसरे समूह ने भी सैन्य दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी दो दिशाओं से हो रही गोलीबारी के बीच फंस गए थे और उनकी जान पर आसन्न खतरा मंडरा रहा था। कमांडर ने फौरन अपने

सैन्य दल को विभाजित किया और माओवादियों के दूसरे समूह पर धावा बोल दिया। इस क्षण में कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी को या तो जीत हासिल करने के लिए लड़ने अथवा अपनी जान बचाने के लिए पीछे हटने की आवश्यकता थी। उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपनी जान को खतरे में डालते हुए कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी ने लड़ाई के मैदान से स्वयं को बाहर निकालने के लिए मना कर दिया और उसकी बजाय उन्होंने माओवादियों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। उनके आगे बढ़ने से संपूर्ण सैन्य दल में ताजा हौसले का संचार हुआ और अपने घायल सहयोगी की बहादुरी से कदम मिलाते हुए दल के सदस्यों ने गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की युक्ति का प्रयोग करते हुए समन्वित प्रयास के साथ आगे बढ़ना शुरू किया। समन्वित प्रयास और जमीन के युक्तिसंगत उपयोग के परिणामस्वरूप कुछ माओवादी घायल हो गए और उनके हौसले पस्त होने लगे। यह देखकर कि घायल होने के बावजूद सैन्य दल के सदस्य आगे बढ़ रहे है और उनके बीच का अंतर कम होता जा रहा है, माओवादियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाना ही सुरक्षित समझा। सैन्य दल ने वहां से भाग रहे माओवादियों का पीछा किया लेकिन माओवादी वहां की भौगोलिक स्थलाकृति और बचकर भागने के पूर्व निर्धारित मार्गों का लाभ उठाते हुए वहां से निकल कर भागने में सफल हो गए।

अभियान और घात-रोधी कवायद के दौरान, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अपनी असहनीय पीड़ा पर काबू पाते हुए कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी ने अतिसुरक्षित ठिकाने में डटे हुए माओवादियों पर कहर बरपा दिया। उनके दुस्साहसी रवैये ने न सिर्फ घात का शिकार होने से संपूर्ण समूह के सदस्यों के प्राणों की रक्षा की, बल्कि, माओवादियों को हार के साथ पीछे हटने पर भी मजबूर किया।

इस मुठभेड़ में कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार चौधरी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 68-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अजय पाल,
सहायक कमांडेंट

02. विकाश प्रधान,
कांस्टेबल

03 पूरण कुमार,
कांस्टेबल

04. प्रमोद कुमार सरोज,
कांस्टेबल

05. दलबीर सिंह,
कांस्टेबल

06. अशवनी कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.01.2015 को पुलिस थाना-चौपारन, जिला-हजारीबाग के अधीन चिडैयाटांड जंगल में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी के विषय में आसूचना संबंधी एक सूचना प्राप्त होने पर सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त सैन्य दल द्वारा 0300 बजे दो दिन और एक रात का "विजय" कोड के नाम से एक विशेष अभियान शुरू किया गया। उन्हें तीन दलों में संगठित किया गया। उन दलों को तलाशी के लिए तीन विशिष्ट क्षेत्र दिए गए थे। उस क्षेत्र में अंधेरे में गुप्त रूप से प्रवेश करने के बाद दलों ने भोर होने पर वहां तलाशी का कार्य शुरू किया। तदनुसार श्री अजय पाल, सहायक कमांडेंट की कमान में दल सं. 3 गांव बूकर के निकट जंगल के हिस्से में छानबीन कर रहा था। लगभग 1010 बजे, एक पहाड़ी के निकट पहुंचते समय उस दल के पहाड़ी के ऊपर अड्डा बनाए हुए माओवादियों ने तीव्र गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दल के ऊपर निशाना बनाकर की गई अचानक अंधाधुंध और भारी गोलीबारी ने सैन्यदल को आड़ की तलाश करने के लिए मजबूर कर दिया। यह विशेषकर कांस्टेबल/जीडी दलबीर सिंह, कांस्टेबल/जीडी अशवनी कुमार नामक स्काउटों और श्री अजय पाल सिंह, सहायक कमांडेंट तथा अन्य सदस्यों की जान बचने की आश्चर्यजनक घटना थी। गोलियों की बौछार में इनमें से कोई घायल नहीं हुआ। दुश्मनों को वहां से देखना संभव नहीं हो रहा था क्योंकि वहां घनी झाड़ियां थीं और वे पहाड़ी की चोटी पर लाभप्रद स्थिति में थे लेकिन गोलीबारी की मात्रा से यह पता लग रहा था कि वे काफी संख्या में थे। श्री अजय पाल, सहायक कमांडेंट ने अपनी टीम को गैर लाभप्रद स्थिति में देखकर और उनकी जान पर मंडराते गंभीर खतरे को देखकर, उन्हें उसी दिशा में गोलीबारी करने का आदेश दिया जिस दिशा से उनके ऊपर गोलीबारी की जा रही थी। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम को दो हिस्सों में विभाजित किया और दूसरी छोटी टीम को पश्चिमी किनारे से माओवादियों के ऊपर धावा बोलने का आदेश दिया। स्काउट के रूप में कांस्टेबल/जीडी विकाश प्रधान, कांस्टेबल/जीडी पूरण कुमार और कांस्टेबल/जीडी प्रमोद कुमार सरोज वाली दूसरी टीम अपने ऊपर आ रही गोलीबारी के बावजूद सुरक्षित पोजीशन से बाहर निकली और उन्होंने पश्चिमी किनारे से आगे बढ़ते हुए माओवादियों को अपने साथ लड़ाई में उलझा दिया। जैसे ही माओवादी दूसरी टीम के साथ लड़ाई में उलझे तभी श्री अजय पाल सिंह, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी दलबीर सिंह और कांस्टेबल/जीडी अशवनी कुमार के साथ आगे बढ़े और माओवादियों के ठिकाने के नजदीक पहुंच गए। जैसे ही वे नजदीक पहुंचे उन्होंने देखा कि कुछ माओवादी उस क्षेत्र से भाग रहे थे, जबकि कुछ अन्य माओवादी पेड़ों तथा अन्य सुरक्षित कवरों की आड़ लेकर लगातार सैन्य दल के ऊपर गोलीबारी कर रहे थे। ये तीनों बहादुर अपनी जान की परवाह किए बगैर आड़ से बाहर आ गए और उन्होंने भाग रहे माओवादियों के ऊपर भारी गोलीबारी की। इस गोलीबारी के कारण एक माओवादी को जमीन पर गिरते हुए देखा गया। यह देखते हुए कि सैन्य दल के तीनों सदस्य नजदीक पहुंच चुके हैं और उनके अन्य साथी भी जल्द ही वहां पहुंच सकते हैं, माओवादियों ने हथगोले फेंकने के साथ-साथ उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। ये तीन बहादुर अपनी ओर आ रही गोलीबारी की बौछार और हथगोलों को देखते हुए तत्काल हरकत में आए और वे गोलीबारी का जवाब देते हुए आड़ के पीछे चले गए। जैसे ही माओवादियों ने फिर से मुख्य टीम की ओर अपनी गोलीबारी शुरू की, तभी दूसरी छोटी टीम के सदस्य, मुख्य रूप से कांस्टेबल/जीडी विकाश प्रधान, कांस्टेबल/जीडी पूरण कुमार और कांस्टेबल/जीडी प्रमोद कुमार सरोज फिर से आगे बढ़े और उन्होंने आड़ के पीछे छिपे माओवादी के ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों टीमों की इस समन्वित गोलीबारी के परिणामस्वरूप पेड़ की आड़ से स्वचालित हथियार से गोलीबारी कर रहा एक माओवादी मारा गया। दो दिशाओं से सटीक गोलीबारी और बहादुरीपूर्ण कृत्य ने माओवादियों का हौसला पस्त कर दिया और वे सैन्य दल के ऊपर गोलीबारी करते हुए वहां से एक-एक कर भागने लगे। वहां से भाग रहे माओवादियों को देखकर सामने से उनसे मुकाबला कर रहे सभी छः बहादुर सुरक्षा कार्मिक अपने ऊपर निशाना बनाकर की जा रही गोलीबारी की परवाह किए बगैर अपनी आड़ से निकल कर बाहर आए और उन्होंने माओवादियों के ऊपर धावा बोल दिया। उनके बहादुरीपूर्ण प्रयास का पुनः परिणाम हासिल हुआ जिसमें एक और माओवादी मारा गया। इस नजदीकी गोलीबारी में कुछ माओवादी घायल हो गए लेकिन वे घनी झाड़ियों एवं वहां की स्थलाकृति का लाभ उठाकर वहां से भागने में सफल हो गए।

गोलीबारी थमने के पश्चात घटना स्थल की तलाशी ली गई और वहां से भारी मात्रा में हथियारों एवं गोलाबारूद तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों की बरामदगी के साथ-साथ अर्जुन यादव ऊर्फ पियाजू, पुत्र स्व. भोला यादव उम्र-44 वर्ष (लगभग), गांव बाटसपुरी, पुलिस स्टेशन-अत्ती, जिला-गया (बिहार) सुरेश यादव ऊर्फ चंदन, उम्र-44 वर्ष (लगभग), पुत्र स्व. रामरतन यादव, गांव-मीरगंज, पुलिस स्टेशन-पराया, जिला-गया (बिहार) और मनोरंजन प्रजापति, उम्र-30 वर्ष (लगभग), पुत्र स्व. केशर प्रजापति, गांव-सिमवा, पुलिस स्टेशन-रफीगंज, जिला-औरंगाबाद (बिहार) नामक तीन माओवादियों के शव बरामद किए गए। वहां से बरामद की गई मुख्य सामग्रियां निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	सामग्री	मात्रा
1.	7.62 एसएलआर	01
2.	5.56 इनसास राइफल	01
3.	303 बोल्ट एक्शन राइफल	01
4.	विविध गोलाबारूद	218
5.	केन बम	01 (5कि.ग्रा.)
6.	डेटोनेटर	01 तार के साथ
7.	मैगजीन	06
8.	कैमरा फ्लैश लाइट	01
9.	इलेक्ट्रानिक मल्टीमीटर	01
10.	भारतीय मुद्रा	6.39,500/- रु.
11.	कम्पास	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अजय पाल, सहायक कमांडेंट, विकाश प्रधान, कांस्टेबल, पूरण कुमार, कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सरोज, कांस्टेबल, दलबीर सिंह, कांस्टेबल और अशवनी कुमार कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.01.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 69-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

टुस्सू मेले में 3-4 नक्सलियों के शामिल होने की संभावना की सूचना प्राप्त होने पर गांव-बिक्रमपुर, पुलिस स्टेशन-मूसाबनी, पूर्वी सिंहभूम में झारखंड पुलिस के साथ 193वीं बटालियन की त्वरित कार्रवाई दल यूनिट द्वारा दिनांक 18.01.2015 को एक छोटे दल के साथ अभियान संचालित किया गया। उत्कृष्ट एवं सूझ-बूझ पूर्ण निष्पादन के साथ-साथ प्रत्येक छोटे ब्यौरों पर नजर रखते हुए तैयार की गई सतर्क अभियान योजना के आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए क्योंकि सुरक्षा बलों ने उस क्षेत्र में लगभग चार वर्ष के अंतराल के बाद एक सक्रिय नक्सली को ढ़ेर कर दिया था।

लगभग 1700 बजे सुरक्षा बलों का दल सिविल वाहन में सवार होकर लक्षित क्षेत्र की ओर रवाना हुआ और उन्होंने उस स्थान से 500 मीटर पूर्व ही उस वाहन को छोड़ दिया और वहां से अपनी पहचान तथा हथियारों को छिपाते हुए युक्तिपूर्वक मेले की दिशा में आगे बढ़े। राज्य पुलिस के दो मुखबिरों ने 4/5 नक्सलियों के दो समूहों की ओर इशारा किया। वहां नक्सलियों की

संख्या प्राप्त सूचना से लगभग दुगनी थी। नक्सलियों की अधिक संख्या में मौजूदगी के बावजूद कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा और हेड कांस्टेबल/जीडी फयाज हुसैन उनके ऊपर कूद गए और उन दोनों ने एक-एक नक्सली को पकड़ लिया। तत्काल नक्सलियों ने लगातार गोलीबारी शुरू कर दी और उसके परिणामस्वरूप झारखंड पुलिस के कांस्टेबल दखीजा मुर्मू को एक गोली लग गई। कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने एक नक्सली को गोली चलाते हुए वहां से भागते हुए देखा। मेले में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौजूदगी को देखते हुए, उन्होंने गोली चलाने की बजाय भाग रहे नक्सली का पीछा करने का विकल्प चुना और अकेले होने के बावजूद कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने अपनी जान की परवाह किए बगैर भाग रहे नक्सली का पीछा किया। जब वे उस नक्सली के निकट पहुंच गए, तब उस नक्सली ने उनके ऊपर गोली चला दी। कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने उसे छकाते हुए गोलीबारी का जवाब गोलीबारी से दिया और उसका हथियार छीनने तथा उसे अपने वश में करने के लिए उन्होंने उस नक्सली के ऊपर छलांग लगा दी। तभी उन्होंने वहीं नजदीक में ही एक अन्य नक्सली को गोलीबारी करते देखा। कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने मेले में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए तत्काल पोजीशन ली और उक्त नक्सली की ओर बढ़ते हुए गोलीबारी का जवाब दिया, लेकिन वह नक्सली भारी भीड़ और अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से भागने में सफल हो गया। कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा रेंगते हुए उस स्थान पर पहुंचे जहां उन्होंने एक नक्सली को गोली मारी थी और उन्होंने उस नक्सली के शरीर से काफी मात्रा में खून बहते देखा। बाद में तलाशी के दौरान उस स्थान से एक देशी पिस्तौल और .315 राउंड के 05 कारतूस भी बरामद किए गए। घायल नक्सली को तत्काल मूसाबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक नक्सली की पहचान कुवंर मुर्मू उर्फ झोरू, निवासी गांव-दलमाकोचा, पुलिस स्टेशन-मूसाबनी, पूर्वी सिंहभूम के रूप में की गई। वह गुरबांदा दस्ता का सक्रिय सदस्य था और पुलिस को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 304, 323, 333 और 353, आयुध अधिनियम की धारा 25/।-ख, क 26 और 27 तथा सीएलए अधिनियम की धारा 17 (1) (11) के अंतर्गत मूसाबनी पुलिस स्टेशन में दिनांक 18.10.2014 को दर्ज मामला सं. 51/14 और 18.01.2015 को दर्ज मामला सं. 4/15 में उसकी तलाश थी।

कांस्टेबल/जीडी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने अदम्य साहस, नि:स्वार्थता तथा नागरिकों के जीवन के प्रति सर्वोच्च आदर का प्रदर्शन किया और उन्होंने अकेले एक नक्सली का मार गिराया जिससे उस क्षेत्र में नक्सली दस्ते के मनोबल को भारी नुकसान पहुंचा है।

इस मुठभेड़ में श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.01.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 70-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री देवराज गुर्जर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

झारखंड के पलामू जिले में माओवाद का गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों में दिनांक 05.12.2012 से 05.01.2013 तक सामना-।, ।। और ।।। नामक श्रृंखलाबद्ध विशेष अभियान का संचालन किया गया।

सामना-।,।। और ।।। के परिणामस्वरूप माओवादी काडर अपने शीर्ष नेताओं के साथ वहां से स्थान बदलकर लातेहर में माओवाद के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्र में चले गए। अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ देव कुमार सिंह उर्फ अरविंद उर्फ निशांत (सीसी

और सीएमसी के सदस्य) की अगुवाई में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 07.01.2013 को सामना-IV नामक अभियान की योजना बनाई गई। तदनुसार सीआरपीएफ की 112वीं बटालियन की दो कंपनियों, 134वीं बटालियन सीआरपीएफ की एक कंपनी और झारखंड जगुआर के एक हमला दल को शामिल करके स्ट्राइक-।। तैयार किया गया। स्ट्राइक-।। को जिला लातेहर के पुलिस थाना बरवाडीह के अधीन गांव कटिया के उत्तर में स्थित गांव जोब-अमवाटीकर के घने जंगल क्षेत्र में घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाने का कार्य सौंपा गया।

ब्रीफिंग के पश्चात, संयुक्त सैन्य दल को हेहेगारा रेलवे स्टेशन के निकट पिलर सं. 239 के निकट पुन: एकत्र होना था। सीआरपीएफ की 112वीं बटालियन का सैन्य दल पिलर सं. 239 के निकट सुबह जल्दी पहुंच गया और उन्हें वहां सीआरपीएफ की 134 वीं बटालियन और झारखंड जगुआर के सदस्यों का इंतजार करना पड़ा क्योंकि वे डाल्टनगंज से ट्रेन द्वारा आने वाले थे और वह ट्रेन विलंब से चल रही थी। तथापि, सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन और झारखंड जगुआर का सैन्य दल पिलर सं. 239 के निकट पहुंचा और श्री राम पलट, द्वितीय कमान, 112 बटालियन, सीआरपीएफ की समग्र कमान में मिश्रित सैन्य दल को हेहेगारा में पुन: संगठित किया गया और वह रणनीति के अनुसार वहां से लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ गया।

श्री रामपलट, द्वितीय कमान, 112 बटालियन की कमान के अधीन संयुक्त सैन्य दल अभियान क्षेत्र की दिशा में कच्चे रास्ते से आगे बढ़ा। जब यह हमला दल गांव अमवाटीकर की ओर बढ़ रहा था तभी घात लगाकर बैठे सीपीआई (माओवादी) के एक समूह के उस दल के ऊपर हमला कर दिया। यह घातक घात सुनियोजित थी, जिसमें बड़ी संख्या में माओवादियों ने चारों ओर स्थित पहाड़ी की चोटियों और पेड़ों के ऊपर पोजीशन ले रखी थी। माओवादियों ने अचानक अनेक दिशाओं से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी, हथगोले फेंके और आईईडी से विस्फोट किए। 112वीं बटालियन का सैन्य दल जो आगे चल रहा था, भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया और धमाकेदार गोलीबारी में कुछ कार्मिक गोली लगने से घायल हो गए। सैन्य दल ने तत्काल पोजीशन ली और गोलीबारी का जवाब दिया। दोनों ओर से भीषण गोलीबारी जारी रही। श्री पवन कुमार बडगुजर सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन ए/134 के सैन्य दल ने, जिसने पीछे पोजीशन ले रखी थी, स्थिति के मूल्यांकन के पश्चात माओवादियों की घेराबंदी और पश्चिमी किनारे से अग्रणी पार्टी को सहायता प्रदान करने का कार्य शुरू किया। लेकिन ऊंचाई और आधिपत्य वाली अपनी स्थिति का लाभ उठाते हुए माओवादियों ने पश्चिमी किनारे से आगे बढ़ रहे सैन्य दल को अपना निशाना बनाया। वहां तीन घंटे से अधिक समय तक भीषण मुठभेड़ जारी रही। सुरक्षा बलों की पार्टी ने सीजीआरएल, 51 एम एम मोर्टार, जी एफ और यूबीजीएल जैसे उस क्षेत्र के अनुकूल हथियारों का प्रयोग किया। 134वीं बटालियन के कांस्टेबल/जीडी देव राज गुर्जर सीजीआरएल लेकर चल रहे थे और उन्हें कंपनी कमांडर ने घात को तोड़ने के लिए सीजीआरएल से एच.ई. बमों को दागने का आदेश दिया। नक्सलियों की ओर से भारी गोलीबारी के बीच वे अपनी जान की परवाह किए बगैर रेंगते हुए रणनीतिक स्थान तक पहुंचे और वहां से उन्होंने सटीक रूप से दो एच.ई. बम दागे। इस गोलीबारी ने माओवादियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। वे सिर्फ यहीं नहीं रूके बल्कि उन्होंने घायल और शहीद हुए बल के कार्मिकों के शस्त्रों का भी प्रयोग किया। उनके अविश्वसनीय बहादुरीपूर्ण कृत्य ने न सिर्फ घायल कार्मिकों की जान बचाई बल्कि माओवादियों को घायल एवं शहीद कार्मिकों के हथियारों को छीनने एवं लूटने से भी रोका। वे मोबाइल फोन के द्वारा बेस कैंप कमांडर को जमीनी स्थिति बताने में भी कामयाब रहे। सैन्य दल की सशक्त जवाबी कार्रवाई को देखते हुए माओवादी आगे अपनी पोजीशन पर टिके नहीं रह सके और उन्होंने घने जंगल और ऊबड़ खाबड़ स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए वहां से भागना शुरू कर दिया। इस घातक मुठभेड़ में सैन्य दल ने युक्तिपूर्ण सूझ-बूझ के साथ वीरता एवं बहादुरी से लड़ाई लड़ी और माओवादियों को वहां से भागने पर मजबूर कर दिया। दुर्दांत माओवादियों के साथ गोलीबारी की इस लड़ाई के दौरान सीआरपीएफ के 10 बहादुर जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इसके अलावा, इस गोलीबारी के दौरान 12 जवान भी गोली/छर्रे लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना स्थल पर 11वीं बटालियन और 203 कोबरा से अतिरिक्त बल पहुंच गया। घटना स्थल से घायल कार्मिकों को और शहीदों के शवों को निकालकर ट्रेन से डाल्टनगंज भेजा गया और इलाज हेतु वहां से हेलिकॉप्टर द्वारा अपोलो अस्पताल, रांची भेजा गया।

इसमें 134वीं बटालियन के कांस्टेबल/जीडी देवराज गुर्जर ने अनुकरणीय साहस, असाधारण धैर्य एवं दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। अपने जीवन पर स्पष्ट खतरे के बावजूद उन्होंने वीरतापूर्ण लड़ाई की और सभी शहीद एवं घायल कार्मिकों के हथियारों को छीने जाने से बचाया।

इस मुठभेड़ में श्री देवराज गुर्जर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07.01.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 71-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बादल राय, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

02. सुशील कुमार,
उप निरीक्षक

03. अजय मनोहर देवड़ेकर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.01.2014 को सीआरपीएफ की 22वीं बटालियन को पीरटांड़ प्रखंड, जिला-गिरीडीह के 04 पंचायत रोजगार सेवकों का अपहरण किए जाने की एक सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना में आगे यह पता चला कि इस अपहरण को एक दुर्दात माओवादी कमांडर और झारखंड माओवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य अजय महतो द्वारा अंजाम दिया गया था। अपहृत व्यक्तियों को मुक्त करवाने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता थी क्योंकि उनका जीवन अत्यधिक संकट में था। माओवादियों की उनके संभावित गुप्त ठिकाने वाले क्षेत्र, पारसनाथ की पहाड़ियों में तलाश करने के लिए, जहां घने जंगल की आड़ और उबड़-खाबड़ स्थलाकृति थी, डीआईजी (ऑपरेशन्स), हजारीबाग, कमांडेंट-7वीं बटालियन, सीआरपीएफ, कमांडेंट-154वीं बटालियन, सीआरपीएफ और एसपी, गिरीडीह द्वारा संयुक्त रूप से "तलाश-I" के कोड नाम से एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई। तलाशी क्षेत्र के काफी बड़ा होने के कारण चार दलों का गठन किया गया और प्रत्येक दल को माओवादियों के संदिग्ध ठिकाने वाले दो-दो लक्ष्यों पर धावा बोलने का निर्देश दिया गया। कोई अतिरिक्त समय गंवाए बगैर दलों को 26.01.2014 की रात में ही रवाना कर दिया गया। हमला दल सं. 3 का नेतृत्व श्री के.एस.वी. बालाकृष्णन, सहायक कमांडेंट द्वारा किया जा रहा था और एसआई/जीडी सुशील कुमर, कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर और कांस्टेबल/जीडी बादल राय स्काउट के रूप में दल के आगे चल रहे थे। घने जंगल और उबड़-खाबड़ भू-भाग में पूरी रात चलने के बाद वह हमला दल पौ फटने से पहले अपने पहले लक्ष्य के निकट पहुंचा। जैसे ही वहां दृश्यता बेहतर हुई, उस दल ने वहां तलाशी का कार्य शुरू कर दिया लेकिन माओवादियों से संपर्क स्थापित नहीं हो पाया। तत्पश्चात, वह दल दूसरे गुप्त ठिकाने पर हमला करने के लिए आगे बढ़ गया। माओवादियों का दूसरा संदिग्ध गुप्त ठिकाना घनी झाड़ियों से घिरा हुआ पहाड़ी की एक चोटी के ऊपर स्थित था। वह दल उस पहाड़ी के नीचे लगभग 1345 बजे पहुंच गया और वहां से सतर्कतापूर्वक ऊपर की ओर चढ़ाई शुरू कर दी। उस दल के सदस्य बमुश्किल कुछ ही कदम आगे बढ़ पाए थे कि तभी पहाड़ी की चोटी पर बैठे माओवादियों ने उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा दल ने गोलीबारी का जवाब दिया और सबने अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। कमांडर ने गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की युक्ति अपनाते हुए अपने दल के सदस्यों को आगे बढ़ने का आदेश दिया। जब एसआई/जीडी सुशील कुमार, कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर और कांस्टेबल/जीडी बादल राय नामक स्काउट रेंगते हुए आगे बढ़े, तो उन्होंने देखा कि आगे के क्षेत्र में आईईडी के साथ श्रृंखलाबद्ध बारूदी सुरंगें बिछाई गई थी।

भारी गोलीबारी के बीच आगे बढने और माओवादियों पर धावा बोलने के लिए वहां बिछाई गई आईईडी की श्रृंखलाबद्ध बारूदी सुरंगों के बीच से रास्ता बनाना आवश्यक था। एसआई/जीडी सुशील कुमार की कमान के अधीन स्काउटों ने अपने ऊपर

जिम्मेवारी ली और उन्होंने अपनी जान पर जोखिम लेते हुए आईईडी से संबद्ध संपर्क को विच्छेदित कर दिया। जैसे ही सुरक्षा दल अपने द्वारा तैयार किए गए रास्ते से आगे बढ़ा, माओवादियों को अपनी सुरक्षा को भेदे जाने का अहसास हो गया और उन्होंने वहां लगी आईईडी में विस्फोट करने की कवायद की। जिन आईईडी तक चार्ज पहुंचा, उनमें विस्फोट हो गया, लेकिन वह सैन्य दल को कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा सका। उनकी सुरक्षा को भेदने की सफलता से उत्साहित होकर और उन्हें भागने से रोकने के लिए सभी स्काउटों ने दिलेरीपूर्वक आगे बढ़ते हुए माओवादियों पर धावा बोल दिया। स्काउटों के इस साहसी और निर्भीक हमले में कुछ माओवादी घायल हो गए। इस उत्तेजक माहौल में जैसे ही सभी स्काउट और आगे बढ़े, उस स्थान पर श्रृंखलाबद्ध धमाके हुए जिससे वह संपूर्ण क्षेत्र थर्रा गया और चारों और धूल एवं धुंए का गुबार छा गया। माओवादियों ने अपने गुप्त ठिकाने से आगे कई परतों में आईईडी लगा रखे थे ताकि यदि एक परत को भेदा भी जाए तो, दूसरे परत में विस्फोट किया जा सके। इन धमाकों से भारी क्षति हुई क्योंकि इससे सभी स्काउट गंभीर रूप से जख्मी हो गए जबकि अन्य 11 सुरक्षाकर्मी छर्रे लगने से घायल हो गए। लेकिन सभी स्काउटों का दिल इस्पात की तरह मजबूत था और वे अपने दृढ़ निश्चय पर जख्मों को हावी होने देने वाले नहीं थे। हालांकि, इन धमाकों ने एसआई/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर का एक-एक पैर उड़ा दिया था और कांस्टेबल/जीडी बादल राय की पीठ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था, फिर भी उन तीनों ने अपना हथियार थामे रखा और घोर पीड़ा के बावजूद वे माओवादियों पर गोलीबारी करते रहे। माओवादियों ने यह देखते हुए क अधिकांश सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके थे, उनकी हत्या करने और हथियार छीनने के लिए आगे बढ़े। माओवादियों को आगे बढ़ते देखकर कांस्टेबल/जीडी बादल राय ने रेंगते हुए एक नजदीकी गढ़डे में पोजीशन संभाल ली, जबकि एसआई/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर ने रेंगते हुए चट्टानों की आड़ में पहुंचकर पोजीशन ले ली। इसके बाद उन तीनों ने आगे बढ़ रहे माओवादियों पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे माओवादी रूकने पर मजबूर हो गए। इस दुस्साहसी सोच और जवाबी कार्रवाई ने तब तक माओवादियों को दूर रहने पर मजबूर किया, जब तक कि पीछे चल रहे अन्य सैन्य कर्मी था इस सदमे से उबर नहीं गए और माओवादियों के इरादे को भांप नहीं लिया। पीछे चल रहे सैन्य कर्मियों ने आगे फंसे हुए बहादुर स्काउटों को फौरन सहायता प्रदान की जिससे माओवादी अपनी योजना बदलने पर मजबूर हो गए और उन्होंने पीछे हटने का विकल्प चुना। सैन्य दल आगे बढ़ते हुए माओवादियों के गुप्त ठिकाने पर पहुंच गया और वहां उन्होंने चारों अपहृत व्यक्तियों को बंधा हुआ पाया। हालांकि, माओवादी वहां से भागने में सफल हो गए लेकिन इसमें वे घायल भी हुए और घायल सैन्य कर्मियों के धैर्य, बहादुरी एवं दृढ़ निश्चय के आगे हार गए। सभी घायल सैन्य कर्मियों को लड़ाई के मैदान से बाहर निकाला गया लेकिन वहां से निकाले जाने के दौरान कांस्टेबल/जीडी बादल राय ने अंतिम सांसें लीं और उन्होंने शहादत प्राप्त की। एसआई/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर को अपोलो अस्पताल, रांची में दाखिल कराया गया जहां उन दोनों का एक-एक पैर काट कर हटाना पड़ा।

इस अभियान के दौरान, आईईडी धमाके में गंभीर रूप से घायल होने और अपने शरीर के पूर्ण रूप से क्षत-विक्षत होने के बावजूद, कांस्टेबल/जीडी बादल राय ने अपनी असहनीय पीड़ा पर काबू पाते हुए माओवादियों पर जवाबी हमला किया। उन्होंने अपना हथियार थामे रखा और सैन्य कर्मियों की हत्या कर उनका हथियार लूटने के लिए आगे बढ़ रहे माओवादियों को वहां से दूर रखा। सैन्य दल के अपने सहकर्मियों की जान बचाने और अपहृत नागरिकों की जान बचाने के लिए उस बहादुर ने स्वयं अपना बलिदान कर दिया। इस प्रकार के नि:स्वार्थ त्याग वाले कृत्य के विषय में बहुत कम सुना गया है। इसी प्रकार, एसआई/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजय मनोहर देवड़ेकर ने अभियान के दौरान अदम्य साहस का प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने पहले माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को निष्क्रिय किया और तत्पश्चात उनके ऊपर हमला किया। हालांकि, बाद में आईईडी के धमाकों में उनके पैर कट कर उड़ गए थे लेकिन फिर भी उन्होंने अपना हथियार थामे रखा और जमीन पर डटे रहकर सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर उनका हथियार लूटने के लिए आगे बढ़ रहे माओवादियों को रोक कर रखा। उनकी बहादुरी के इस कृत्य ने न केवल अपने सहकर्मियों व नागरिकों की जान बचाई बल्कि हथियार लूटने के माओवादियों के नापाक मंसूबे पर भी पानी फेर दिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) बादल राय, कांस्टेबल, सुशील कुमार, उप निरीक्षक और अजय मनोहर देवड़ेकर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 72-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सतीश कुमार, कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, मरणोपरांत)
02.	सूरज सरजेराव मोहिते कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, मरणोपरांत)
03.	पवन कुमार, उप कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	राकेश कुमार, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए जम्मू एवं कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग पुलिस स्टेशन के भवन के प्रथम तल में स्थित दो बैरकों में ई/121 बटालियन की एक प्लाटून को रखा गया है। दिनांक 20 मार्च, 2015 को तीन अपहृत नागरिकों के साथ पूर्णतया हथियारों से लैस और सेना की वर्दी में 02 विदेशी आतंकवादी (जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध काडर) पुलिस स्टेशन के मुख्य गेट पर आए और उन्होंने राज्य पुलिस के संतरी से गेट खोलने का अनुरोध किया। पूछे जाने पर उन्होंने अपना परिचय आर्मी के रूप में दिया और कहा कि वे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस के हवाले करने आए हैं। संतरी ने गेट खोल कर उन्हें अंदर आने की अनुमति दे दी। जैसे ही आतंकवादियों ने पुलिस स्टेशन के परिसर में प्रवेश किया, उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और संतरी तथा एक बंधक को गोली मार दी। अन्य बंधक वहां से बाहर की ओर भाग कर अपनी जान बचाने में सफल हो गए। संतरी को गोली मारने के बाद आतंकवादी मुख्य भवन की ओर गोलीबारी करने लगे और साथ ही वे हथगोले भी फेंकने लगे। प्रथम तल के कॉरीडोर में पोजीशन लिए हुए कांस्टेबल/जीडी प्रीतम पॉल सीआरपीएफ संतरी ने बाहर चल रही गतिविधियों को देख कर तत्काल आतंकवादियों के ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी। अपने ऊपर गोलीबारी होते देखकर आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भवन के मुख्य प्रवेश द्वार की ओर भाग कर चले गए। जैसे ही आतंकवादी नजरों से ओझल हुए, कांस्टेबल/जीडी प्रीतम पॉल ने बैरक की ओर भाग कर सभी को सचेत कर दिया। उसके बाद उन्होंने सीढ़ियों के निकट पोजीशन ले ली। चेतावनी मिलने के बाद, कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार, कांस्टेबल/जीडी राज कंवर, कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव आतंकवादियों से मुकाबला करने के लिए बैरक से फौरन बाहर आ गए और उन सभी ने सीढियों के निकट पोजीशन ले ली। अपने हमले को और सशक्त बनाने तथा बाहर की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार ने कांस्टेबल प्रीतम पॉल को उस भवन की छत पर जाने के लिए कहा। आतंकवादी भूतल पर किसी को मौजूद नहीं देख कर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए प्रथम तल की ओर बढ़े। कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार, कांस्टेबल/जीडी राज कंवर, कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव ने तत्काल आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया और उन्हें आगे बढने से रोक दिया। वहां 10 मीटर से भी कम की दूरी पर दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई। आतंकवादियों ने प्रथम तल में प्रवेश करने के लिए एक ही साथ तीन हथगोले फेंके जिसके विस्फोट से वहां धुंए का आवरण बन गया और उसमें कांस्टेबल/जीडी राज कंवर, कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव घायल हो गए। उन तीनों में से कांस्टेबल सतीश कुमार, जो सबसे आगे थे, छर्रे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद उन चारों दिलेरों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरीपूर्वक अपनी लड़ाई जारी रखी। धुएं के आवरण का लाभ उठाते हुए और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आतंकवादी आगे बढ़े, जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव, जो सामने रह कर कांस्टेबल सतीश कुमार को सहायता प्रदान कर रहे थे, गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव और कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार अपनी-अपनी पोजीशन पर डटे रहे और आतंकवादियों से आमना-सामना होने पर उन्होंने गोलीबारी करके उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरा आतंकवादी अपने सहयोगी की यह दशा देख कर भाग कर भूतल में चला

गया और उसने एक कमरे के भीतर छिपकर पोजीशन ले ली। जैसे ही कुछ समय के लिए गोलीबारी रूकी, कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार वहां से अपने तीन घायल सहयोगियों को निकाल कर बैरक में ले गए और अन्य सहयोगियों को उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए कहा। अपने घायल साथियों को वहां से निकालने के बाद उस आतंकवादी को प्रथम तल पर प्रवेश करने से रोकने के लिए वे वापस अपनी पोजीशन पर तैनात हो गए। कुछ समय तक प्रतीक्षा करने के पश्चात उस आतंकवादी ने फिर से प्रथम तल पर प्रवेश करने का प्रयास किया लेकिन कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार द्वारा की गई बहादुरीपूर्ण जवाबी कार्रवाई ने उसे वापस अपनी पोजीशन पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। बाद में कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव और कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार की गंभीर रूप से घायल होने की वजह से मौत हो गई।

सूचना प्राप्त होने पर श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट, 121 बटालियन, जो बटालियन मुख्यालय में उपस्थिति थे, तत्काल अपने त्वरित कार्रवाई दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। वहां की स्थिति का मूल्यांकन करने और आतंकवादियों के विषय में जानकारी लेने के बाद उन्होंने वहां फंसे सुरक्षा कर्मियों और घायल सुरक्षा कर्मियों को बाहर निकालने के साथ-साथ वहां घिरे हुए आतंकवादी पर हमला करने की योजना बनाई। उन्होंने अपने त्वरित कार्रवाई दल के कार्मिकों को खिड़की के रास्ते से भवन के पिछले हिस्से से वहां फंसे सुरक्षा कर्मियों को बाहर निकालने का आदेश देने के साथ-साथ स्वयं आतंकवादी को उलझाने के लिए मुख्य गेट के निकट स्थिति मोर्चे में पोजीशन संभाल ली। भवन के भीतर तैनात कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार ने यह सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा कर्मियों को भवन से बाहर निकाला जाए और वे स्वयं अंत में वहां से निकले। सुरक्षा कर्मियों के वहां से निकलने के बाद, श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट अपने साहसी सुरक्षा कर्मियों के साथ एक बुलेटप्रूफ बंकर में सवार हो गए और उन्होंने अंतिम प्रहार करने के लिए चालक को उसे पुलिस स्टेशन के भवन के नजदीक ले जाने का आदेश दिया। आतंकवादी ने नजदीक लाए जा रहे बंकर पर भारी गोलीबारी की और हथगोले फेंके लेकिन उसकी प्रचंड गोलीबारी श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट के उत्साह और साहस को कम नहीं कर सकी। उस कमरे की खिड़की के निकट पहुंचने पर, जहां वह आतंकवादी छिपा हुआ था, उन्होंने हथगोले और अश्रु गैस के गोले दागे जिससे वह आतंकवादी अपनी आड़ से बाहर निकलने पर मजबूर हो गया। जैसे ही वह आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करता हुआ अपनी आड़ से बाहर आया, श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट ने अपनी अचूक एवं निशाना लगाकर की गई गोलीबारी से उसे तत्काल ढ़ेर कर दिया।

इस अभियान के दौरान श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार, कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव बहादुर सैन्य कर्मियों ने सामने रह कर मुकाबला किया और उन्होंने पूर्णतया हथियारों से लैस दो विदेशी आतंकवादियों को ढ़ेर कर दिया। यदि कांस्टेबल/जीडी राकेश कुमार, कांस्टेबल/जीडी सतीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मोहिते सूरज सरजेराव ने प्रयास नहीं किया होता, तो आतंकवादी भवन की पहली मंजिल में प्रवेश करने में सफल हो जाते और वहां मौजूद सैन्य दल के ऊपर गोलियां बरसा कर तबाही मचा देते। वहां अनेक निहत्थे प्रशासनिक, सैन्यकर्मी मौजूद थे, जो आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी का शिकार हो जाते। विशेषकर शहीद होने वाले सुरक्षाकर्मियों के प्रयासों के कारण आतंकवादियों को ढ़ेर किया जा सका और सुरक्षाकर्मियों को भारी संख्या में हताहत करने अथवा उन्हें बंधक बनाने की उनकी योजना को विफल किया जा सका।

की गई बरामदगी:

1.	एके 47	:	02
2.	मैगजीन	:	21
3.	चीन निर्मित पिस्तौल	:	02
4.	पिस्तौल की मैगजीन	:	06
5.	9 एमएम का गोलाबारुद	:	61
6.	एके 47 का गोलाबारुद	:	356
7.	ग्रेनेड	:	11
8.	वायरलेस सेट	:	01

9.	चाकू	:	01
10.	वाटर प्रूफ जैकेट	:	06
11.	पाउच	:	03
12.	वायर कटर	:	02

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) सतीश कुमार, कांस्टेबल, (स्वर्गीय) सूरज सरजेराव मोहिते, कांस्टेबल, पवन कुमार, उप कमांडेंट और राकेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.03.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 73-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अजीत कुमार राम,
सहायक कमांडेंट

02. उमेश कुमार,
सहायक कमांडेंट

03. एम. मणि,
कांस्टेबल

04. अनुराज टी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.01.2014 को 215 बटालियन, सीआरपीएफ को बिहार के जमुई जिले में गिद्धेश्वर पहाड़ के पहाड़ी एवं वन वाले क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधि के बारे में एक विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई। उस सूचना के आधार पर, बटालियन द्वारा 207 कोबरा के सैन्य दल के साथ मिलकर "मुरली" नामक कोड नाम से एक योजना बनाकर अभियान शुरू किया गया। इसके लिए चार संयुक्त दलों का गठन किया गया जिसमें से श्री उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट की कमान में दो-दो दलों को रखा गया। ये सभी दल 04.01.2014 के भोर में पौ फटने से पहले ही गोपनीय तरीके से अपने आधार शिविर से रवाना हो गए और भोर होने से पूर्व ही घने जंगल में प्रवेश कर गए। जंगल की पूरी तलाशी ली गई लेकिन माओवादियों से संपर्क स्थापित नहीं किया जा सका। उसके बाद उपर्युक्त दलों ने रात्रि के दौरान जंगल में एलयूपी ली। दिनांक 05.01.2014 को दलों ने पुन: तलाशी कार्य शुरू किया और वे पहाड़ी भू-भाग और घने जंगलों से गुजरते हुए पाठक चक बांध की ओर बढ़ गए। सभी दल एक दूसरे के समानांतर आगे बढ़ रहे थे और वायरलेस से संवाद के द्वारा आपसी समन्वय बना कर चल रहे थे। लगभग 1315 बजे जैसे ही अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन सबसे दायीं ओर से आगे बढ़ रहा दल एक पहाड़ी के निकट पहुंचने वाला था, तभी अचानक वहां पहाड़ी की चोटी पर मौजूद माओवादियों के द्वारा की गई अचानक एवं तेज गोलीबारी की चपेट में आ गया। उस दल ने तत्काल पोजीशन ले ली और गोलीबारी का जवाब दिया। वहां बेहद नजदीक से भीषण मुठभेड़ हुई। श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट ने तत्काल माओवादियों के स्थान के बारे में अन्य दलों को अवगत कराया और उनके

पलायन को रोकने के लिए पीछे से उस क्षेत्र को घेरने का आदेश दिया। उसके बाद श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट शेष सुरक्षा कर्मियों को सपोर्ट फायर करने का आदेश देते हुए अपने बहादुर सिपाहियों की छोटी टुकड़ी के साथ माओवादियों की पोजीशन की ओर आगे बढ़ने लगे। जैसे ही वह टुकड़ी रेंगते हुए आगे बढ़ने लगी, माओवादियों ने उनके ऊपर निशाना लगाते हुए भारी गोलीबारी की और अपनी सुरक्षा में लगाई गई आईईडी में विस्फोट भी किए। वह टुकड़ी गोलियों की बौछार के बीच फंस गई और वह क्षेत्र धूल एवं धुएं से भर गया, जिससे उनका आगे बढ़ना असंभव हो गया। जीवन पर मंडरा रहे खतरे की इस स्थिति में भी कमांडर ने अपना धैर्य नहीं खोया और उन्होंने श्री उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट को पीछे के हिस्से से माओवादियों पर धावा बोलने का आदेश दिया। आदेश प्राप्त होने पर श्री उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट अपने बहादुर सिपाहियों के साथ माओवादियों के ठिकाने के पिछले हिस्से की ओर बढ़े और उनके ऊपर हमला कर दिया। उस हमले का जवाब देने के लिए माओवादियों ने उनके ऊपर हथगोले फेंकने के साथ-साथ भारी गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन हथगोलों के विस्फोट और भारी गोलीबारी से उन बहादुरों का इरादा नहीं डगमगाया और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर माओवादियों पर गोलीबारी करना जारी रखा। जैसे ही माओवादियों ने लड़ाई का दूसरा मोर्चा खोला, श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट कांस्टेबल/जीडी, एम. मणि नामक अपने सहयोगी के साथ माओवादियों की पोजीशन की ओर आगे बढ़ गए। ये शूरवीर सभी एहतियातों को ताक पर रखते हुए भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और उन्होंने सुरक्षित आड़ों के पीछे मौजूद माओवादियों के ऊपर तीव्र हमला कर दिया। इसी प्रकार, श्री उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट भी कांस्टेबल/जीडी अनुराज टी. नामक अपने सहयोगी के साथ आगे बढ़े और उन्होंने माओवादियों पर प्रचंड हमला कर दिया। दो दिशाओं से किए गए प्रचंड हमले का परिणाम सामने आया और कुछ माओवादी गोली लगने से बुरी तरह से घायल हो गए। हालांकि, माओवादी सैन्य दल को आगे बढने से रोकने के लिए उनके ऊपर भारी गोलीबारी कर रहे थे, लेकन उन बहादुर सुरक्षा कर्मियों के दृढ़ निश्चय, समर्पण और मनोबल भी ऊंची उड़ान भर रहे थे। उस समय उनका एकमात्र लक्ष्य किसी भी कीमत पर अपने लक्ष्य पर चोट करना था। माओवादियों की पोजीशन के नजदीक पहुंचने के प्रयास में उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर आगे बढना जारी रखा। बहादुर सुरक्षा कर्मियों द्वारा विभिन्न दिशाओं से किए गए इस हमले में माओवादी घिर गए। माओवादियों को जल्द यह अहसास हो गया कि वे ज्यादा देर तक बहादुर सुरक्षाकर्मियों की उग्रता का सामना नहीं कर सकते और वे अंधाधुंध गोलीबारी की आड़ में उस क्षेत्र से भागने लगे। सबसे आगे चल रहे सुरक्षा कर्मी/कर्मियों ने भाग रहे माओवादियों को देख कर अपनी आड़ से निकलकर अपने ऊपर की जा रही गोलीबारी की परवाह किए बगैर उनका पीछा किया। अपनी सटीक गोलीबारी से उन्होंने एक माओवादी को मार गिराया और अन्य माओवादियों को घायल कर दिया। सैन्य दल ने कुछ दूरी तक माओवादियों का पीछा किया लेकिन घने जंगल और पहाड़ी स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए माओवादी वहां से भागने में सफल हो गए। तलाशी के दौरान, वहां से बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोलबारुद एवं अन्य सामग्री अर्थात, 81 राउंड के साथ एक 303 राइफल, एक मैगजीन, एक माओवादी वर्दी, एक बैग पैक, एक गोलाबारुद पाउच, माओवादी साहित्य और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्रियों के साथ एक माओवादी का शव बरामद किया गया। उस क्षेत्र में काफी खून के धब्बे भी देखे गए जो माओवादियों के बुरी तरह से घायल होने की ओर इंगित कर रहे थे। मुठभेड़ के क्षेत्र से तीन संदिग्ध काडरों को भी पकड़ा गया। बाद में अन्तर्रोधन (इंटरसेप्शन) के माध्यम से इस बात की पुष्टि हुई कि मुठभेड़ के दौरान पांच माओवादी मारे गए थे।

इस अभियान के दौरान श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट और श्री उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने अत्यधिक साहस का प्रदर्शन किया और सामने से सैन्य दल की अगुवाई की। अपनी जान पर गंभीर खतरे के बावजूद वे गोलियों की परवाह किए बगैर माओवादियों की पोजीशन की ओर आगे बढे और माओवादियों पर जवाबी हमला किया और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। इसी प्रकार, कांस्टेबल/जीडी अनुराज टी. और कांस्टेबल/जीडी, एम. मणि ने अपने कमांडरों की बहादुरी की बराबरी की और वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लडे। अपनी सुरक्षा एवं संरक्षा की परवाह किए बगैर उन्होंने जीवन पर संकट वाली स्थिति में भी फौलादी साहस और सर्वोच्च स्तर के साहस तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अजीत कुमार राम, सहायक कमांडेंट, उमेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एम. मणि, कांस्टेबल और अनुराज टी., कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 74-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. निखिलेश,
सहायक कमांडेंट

02. बीरपाल सिंह तोमर,
कांस्टेबल

03. मोहर सिंह जादोन,
कांस्टेबल

04. वीरेंद्र सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन गंगलूर, जिला-बीजापुर (छत्तीसगढ़) के अधीन आने वाले गांव लेन्ड्रा और बोडला पुसनर के बीच के आम क्षेत्र में एलओएस कमांडर दिनेश के अधीन एक माओवादी दल की मौजूदगी के बारे में स्वयं अपने स्रोत से प्राप्त विशिष्ट आसूचना के बाद वहां अभियान चलाने की योजना बनाई गई। यह निर्णय लिया गया कि 204 कोबरा के दो दल, एक श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट और एक श्री निखिलेश, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन उक्त आम क्षेत्र की छानबीन करेंगे और माओवादी दल के विरूद्ध धावा बोलेंगे।

तदनुसार, दोनों दल दिनांक 10.03.2014 को अपने बेस कैम्प से रवाना हो गए और वे लक्षित क्षेत्र के निकट पहुंचने के लिए आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रहते हुए घनी झाडियों के बीच से चलते हुए आगे बढ़े। सैन्य टुकड़ी शाम तक बोडला पुसनर गांव के निकट पहुंच गई और उन्होंने रात्रि के दौरान जंगल में एलयूपी ले ली। दिनांक 11.03.2014 की भोर में दोनों दल पृथक हिस्सों में बंट गए और उन्होंने एक-दूसरे के समानांतर आगे बढते हुए गांव बोडला पुसनर की ओर जाने वाले क्षेत्र की तलाशी ली। आम क्षेत्र की तलाशी लेने के बाद सैन्य टुकड़ी गांव इसुलनर की ओर बढ़ी जब श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन दल पश्चिमी किनारे से आगे बढ़ रहा था, तभी उनके ऊपर गांव इसुलनर के निकट एक पहाड़ की चोटी के ऊपर से भारी मात्रा में गोलीबारी होने लगी। तत्काल उस दल ने जिस दिशा से गोलीबारी आ रही थी उस ओर जवाबी गोलीबारी की और सभी ने पोजीशन ले ली। सैन्य टुकड़ी की ओर घने जंगल के बीच में 3-4 दिशाओं से गोलीबारी हो रही थी, इसलिए माओवादियों की संख्या और उनके स्थान का पता नहीं लग पा रहा था। माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए, तब श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट ने श्री निखिलेश, सहायक कमांडेंट को माओवादियों पर पीछे से हमला करने का आदेश दिया और उन्होंने माओवादियों को सामने से उलझाने की नीति अपनाई। श्री निखिलेश, सहायक कमांडेंट माओवादियों के संभावित ठिकाने की जानकारी प्राप्त करने के बाद पहाड़ के पीछे की ओर बढ़ गए और वहां से उन्होंने पूरी गोपनीयता के साथ ऊपर की ओर चढ़ाई शुरू की। सामने वाले दल ने निरंतर अपनी पोजीशन बदलते हुए और माओवादियों के ऊपर गोलीबारी करते हुए उन्हें उलझाए रखा। माओवादियों ने यह देखते हुए कि उन्होंने अपनी ओर बढ़ रहे सैन्य टुकड़ी को रोकने में सफलता प्राप्त कर ली है, वहां से भागना शुरू कर दिया। श्री निखिलेश, सहायक कमांडेंट ने, जो उस समय तक पहाड़ की चोटी के रास्ते की आधी दूरी ही तय कर सके थे, देखा कि वहां गोलीबारी की मात्रा कम हो गई है और वे समझ गए कि माओवादी उस क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं।

तत्काल कार्रवाई के लिए वे कांस्टेबल/जीडी बीरपाल सिंह तोमर, कांस्टेबल/जीडी मोहर सिंह जादोन और कांस्टेबल/जीडी वीरेंद्र सिंह को अपने साथ लेकर तेज गति से आगे बढ़ते हुए पहाड़ की चोटी के निकट पहुंचे, तभी वहां पेडों और चट्टानों के पीछे छिपे हुए माओवादियों के एक समूह ने उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें उपर्युक्त कार्मिक चमत्कार स्वरूप ही बाल-बाल बचे, क्योंकि गोलियां उनके बेहद नजदीक से निकलीं। लेकिन अचानक हुए इस हमले से घबराए बगैर सैन्यकर्मी तत्काल हरकत में आ गए और उन्होंने वहां मोर्चाबंदी किए हुए माओवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। वहां बेहद नजदीक से दोनों ओर से

भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। सामने मौजूद उपर्युक्त चार बहादुर सैन्यकर्मियों ने माओवादियों के साथ प्रचंड लड़ाई लड़ी, जबकि दल के अन्य सदस्य उस समय भी वहां से दूर थे। माओवादियों ने यह देखते हुए कि सैन्यकर्मियों की संख्या सिर्फ चार थी, उन्हें घेरने का प्रयास किया, लेकिन उन बहादुर सैन्यकर्मियों द्वारा किए गए सशक्त जवाबी हमले ने उन्हें अपने आगे बढ़ते कदम को रोकने पर मजबूर कर दिया। जल्द ही दल के अन्य सदस्य भी मुठभेड़ स्थल के नजदीक पहुंच गए और उन्होंने माओवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्यकर्मियों की संख्या बढ़ते देखकर माओवादियों ने उनके ऊपर एक के बाद एक हथगोले फेंकना शुरू कर दिया और निरंतर धमाकों का लाभ उठाकर उस क्षेत्र से भागने का प्रयास किया। हथगोलों के निरंतर धमाकों ने सैन्य टुकड़ी को कुछ समय के लिए शांत रहने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही विस्फोट खत्म हुए, उपर्युक्त चारों कार्मिक माओवादियों के पीछे दौडते हुए उनके ऊपर गोलीबारी करने लगे। माओवादी भी उस क्षेत्र से भागते हुए उन सैन्य कार्मिकों पर गोलीबारी करते रहे। अपने ऊपर की जा रही गोलीबारी से घबराए बगैर और खुले स्थान में होने के बावजूद उन बहादुरों ने माओवादियों का पीछा करना नहीं छोड़ा और एक माओवादी को गोली मार कर ढ़ेर कर दिया।

उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान वहां से निम्नलिखित सामग्रियों के साथ एक माओवादी का शव बरामद किया गया:-

1.	स्लिंग के साथ देशी हथियार	:	01
2.	पीले रंग की नॉट्स कॉर्डेक्स वायर	:	05
3.	लाल रंग की कॉर्डेक्स वायर	:	05 मीटर
4.	डेटोनेटर	:	02
5.	देशी हथियार का गोलाबारुद	:	20

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री निखिलेश, सहायक कमांडेंट, बीरपाल सिंह तोमर, कांस्टेबल, मोहर सिंह जादोन, कांस्टेबल एवं वीरेंद्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 75-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. दीपक सिंह,
सहायक कमांडेंट

02. कंवर सिंह,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट/जीडी चुमार चौकी के कमान अधिकारी के तौर पर और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम, कंवर सिंह चुमार चौकी पर तैनात थे। यह लद्दाख क्षेत्र का एक कठिनतम एवं अत्यधिक संवेदनशील चौकी है और समुद्र तल से 15500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भारतीय सेना ने दिनांक 09.09.2014 को टिबले (चुमार का आम क्षेत्र) में पीयूएफ हट का निर्माण किया। चीनियों की सोच के अनुसार भारतीय सेना द्वारा उस हट का निर्माण चीनी भू-भाग में किया गया था। दिनांक

10.09.2014 को चुमार चौकी ने 30 आर क्षेत्र में पीएलए की कुछ हरकत देखी। तत्पश्चात श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम, कंवर सिंह, आईटीबीपी की टुकड़ी के साथ 30 आर क्षेत्र की ओर बढ़े और उन्होंने वहां देखा कि पीएलए का डोज़र 30 आर क्षेत्र में सड़क की खुदाई कर रहा था और उन्होंने भारतीय भू-भाग के भीतर 35 से 40 मीटर तक सड़क बना ली थी। श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट अपनी टुकड़ी के साथ आगे गए और उन्होंने तत्काल पीएलए के सड़क निर्माण कार्य को रूकवा दिया। उस समय हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम, कंवर सिंह उच्चतर मुख्यालय को वास्तविक सूचना प्रदान करने के लिए अपने कंपनी कमांडर के साथ रेडियो ऑपरेटर के रूप में तैनात थे। दिनांक 10.09.2014 की रात में पीएलए के 250 सैन्यकर्मी 30 आर के आम क्षेत्र में डोज़रों, जेसीबी और अन्य प्लांट उपकरणों के साथ इकट्ठा हुए। वहां आईटीबीपी कार्मिकों की संख्या को भी तत्काल बढ़ा कर 100 कार्मिक किया गया। भारतीय जेसीबी और डोज़र भी 30 आर के क्षेत्र में पहुंच गए और वहां भारतीय भू-भाग के भीतर बनाई गई सड़क को उखाड़ने का कार्य शुरू कर दिया। इस पर पीएलए की टुकड़ी बेहद अक्रामक हो गई और उन्होंने चिल्लाते हुए और भारतीय टुकड़ी को पीछे धकेल कर सड़क को उखाड़ने के काम को रोकने की कोशिश की।

पीएलए ने सड़क को उखाड़ने के काम को रोकने के लिए भारतीय टुकड़ी को पीछे धकेलना शुरू कर दिया। पीएलए कमांडर ने दीपक सिंह को धमकी दी और उस स्थान पर चीनी सैनिकों की भारी संख्या (300) में मौजूदगी के द्वारा दवाब बनाने की कोशिश की और उन्हें चीनी टुकड़ियों की संभावित प्रतिक्रिया के बारे में चेतावनी दी लेकिन दीपक सिंह उन सभी बातों से डरे नहीं। एक सच्चे कमांडर के रूप में और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यपरायणता की भावना दर्शाते हुए दीपक सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना आईटीबीपी की सैन्य टुकड़ी के साथ चीनी डोज़र के सामने डटे रहे। पीएलए की सैन्य टुकड़ियों ने बार-बार आईटीबीपी के सैनिकों को भी धमकाया और भारत-चीन युद्ध के इतिहास का उदाहरण दर्शाते हुए उनके ऊपर दवाब डालने की कोशिश की, लेकिन हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम, कंवर सिंह अपनी जान की परवाह किए बगैर पीएलए के डोज़र के सामने डटे रहे। इस संपूर्ण अभियान के दौरान, हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम , कंवर सिंह ने सामान्य कर्तव्य वाले सैनिक के कार्य का बहादुरीपूर्वक निष्पादन किया जिसमें उन्होंने वास्तविक समय की सटीक जानकारी आगे भेजने के अतिरिक्त अपनी मातृभूमि के प्रति प्यार और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण और असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। दीपक सिंह के नेतृत्व के अधीन दिनांक 11.09.2014 को 0430 बजे तक भारतीय भू-भाग के भीतर पीएलए द्वारा निर्मित सड़क को पूरी तरह से तोड़/उखाड़ दिया गया।

दिनांक 13.09.2014 को वहां की स्थिति तब बेहद नाजुक हो गई जब वहां सड़क का पुनर्निर्माण करने और टिबले में सेना की हट को ध्वस्त करने के इरादे से पीएलए के 200 से 250 सैनिक डोज़र, जेसीबी एवं अन्य प्लांट उपकरणों के साथ 30 आर क्षेत्र में इकट्ठा हो गए।

दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट/जीडी और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कंवर सिंह आईटीबीपी की सैन्य टुकड़ी के साथ मिलकर पीएलए के सड़क काटने वाले वाहनों के सामने मानव श्रृंखला बनाकर खड़े हो गए और उन्होंने उन वाहनों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

दिनांक 13.09.2014 की शाम में, पीएलए का कमांडर अपनी बात पर अड़ गया और उसने चिल्लाते हुए कहा कि उनके वरिष्ठ कमांडर के आदेश के अनुसार पीएलए किसी भी कीमत पर टिबले तक सड़क का निर्माण करेगी और सेना के हट को ध्वस्त करेगी जिसके लिए उन्हें सबको वहां से बलपूर्वक धकेलते हुए आगे बढ़ने और आवश्यकता पड़ने पर गोलीबारी करने का भी स्पष्ट आदेश मिला था। वहां की स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई और उससे वहां झड़प भी हो सकती थी। जब सहायक कमांडेंट दीपक सिंह पीएलए के साथ बातचीत में मशगूल थे, उस समय हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कंवर सिंह मुख्यालय के स्तर पर आगे की योजना बनाने के लिए मुख्यालय को वास्तविक समय की सूचना भेज रहे थे। दीपक सिंह ने पीएलए को रोकने के लिए अपनी टुकड़ियों को छोटे-छोटे दलों में विभाजित कर दिया। सहायक कमांडेंट दीपक सिंह और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कंवर सिंह पीएलए को रोकने के दृढ़ इरादे से अपनी जान की परवाह किए बगैर अत्यंत ठंड वाले विपरीत मौसम में और अत्यधिक ऊंचाई वाले भू-भाग में स्थित 30 आर वाले क्षेत्र में अपनी टुकड़ियों के साथ पीएलए डोज़र के समक्ष डटे रहे और उन्होंने पीएलए को भारतीय भू-भाग के भीतर एक इंच भी बढ़ने की अनुमति नहीं दी। उनका यह कार्य अपनी मातृभूमि के प्रति समर्पण और प्रेम को बयां करता है। दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कवंर सिंह, आईटीबीपी ने असामान्य परिस्थितियों में अत्यधिक दूरदर्शिता, परिपक्वता, शांत चित्तता, उच्च स्तर के उत्साह और नेतृत्व गुण का प्रदर्शन किया।

चीनियों का इरादा विभिन्न प्रकार की युक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 आर के क्षेत्र को सड़क से जोड़ने और सेना के हट को ध्वस्त करने का था। अपनी दूरदर्शिता के द्वारा श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट ने पीएलए के कार्यों का पूर्वानुमान लगा लिया

था और उन्होंने किसी भी दिशा से पीएलए को आगे बढ़ने से रोक दिया। श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट ने शांति से चीन के आक्रामक रूख का सामना किया और उन्होंने निरंतर उनकी भावी गतिविधियों का भी परिकरन किया। अत्यधिक ठंडे मौसम में राहत एवं अल्प विश्राम की परवाह किए बगैर आईटीबीपी की टुकड़ियां तनाव की उस संपूर्ण अवधि के दौरान चौबीसों घंटे पीएलए से हाथ मिलाने की दूरी पर मुस्तैदीपूर्वक डटी रही। श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कंवर सिंह ने लद्दाख की ठंडी मरूभूमि में सच्ची पेशेवरता, कठिन कार्य करने, कठोरता और अपनी मातृभूमि के प्रति जिम्मेवारी तथा कर्तव्यपरायणता की गहन भावना का प्रदर्शन किया।

दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट और हेड कांस्टेबल/टेलिकॉम कंवर सिंह के इस प्रशंसनीय कार्य की सेना के अधिकारियों द्वारा भी अत्यधिक सराहना की गई है। उनके भारी योगदान और नेतृत्व के गुण ने आईटीबीपी की टुकड़ियों में स्वामिभान की भावना उत्पन्न की है और उनके भीतर भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए अत्यधिक आत्मविश्वास पैदा किया है।

इस कार्रवाई में सर्व/श्री दीपक सिंह, सहायक कमांडेंट और कंवर सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.09.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2016

संकल्प

सं. 11014/1/2014- हिन्दी -I—भारत सरकार ने, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के दिनांक 30 जनवरी, 2013 के संकल्प संख्या 11014/1/2009-हिंदी-I को अधिक्रांत करते हुए, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का तत्काल प्रभाव से पुनर्गठन करने का निश्चय किया है । इस समिति की संरचना, इसके कार्य और इसका कार्यकाल आदि निम्नलिखित अनुसार होंगे :

1. संरचना

1.	कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन राज्य मंत्री गैर सरकारी सदस्य (संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित)	अध्यक्ष
2.	श्री कुंवर हरिवंश सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
4.	श्री रामनारायण डूडी, संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य
5.	श्री गुलाम रसूल बलियावी, संसद सदस्य (राज्य सभा) (संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित)	सदस्य
6.	डॉ. सुनील बलिराम गायकवाड, संसद सदस्य (लोक सभा) वर्तमान पता- जय श्री बिल्डिंग, प्रकाश नगर, लातूर-413512, महाराष्ट्र स्थायी पता- न्यू महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली-110001	सदस्य

7. श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, संसद सदस्य (राज्य सभा) सदस्य
वर्तमान पता- एबी-93, शाहजहां रोड, नई दिल्ली
स्थायी पता- लालगंज, कवीं, पीएस डुमराव टेक्सटाइल, थाना डुमराव, जिला-बक्सर, बिहार
माननीय कार्मिक राज्य मंत्री द्वारा नामित सदस्य

8. श्री आर. पी. सिंह,

9. श्री ऋषि राज मीणा

10. श्री नवीन कुमार,
वर्तमान पता - एफ-226, मंगल बाजार रोड, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-92

11. श्री दसरथ सिंह राठौर,
वर्तमान पता - क्वाटर नं. 5, करनी नगर, क्वींस रोड, खातीपुरा, जयपुर (राजस्थान)
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा नामित सदस्य

12. स्वामी यजयानन्द सरस्वती
वर्तमान पता - 208, प्रेम पुरी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

13. श्री राघवेंद्विरा
वर्तमान पता - 333, तीसरा ब्लॉक, 'द एम्बेसी' अली असगर रोड, बंगलौर-1

14. श्री अभिषेक गुप्ता
वर्तमान पता - फ्लैट नं. 42, राजाबाजार अपार्टमेंट, राजाबाजार, बेली रोड, पटना-800014
अखिल भारतीय हिंदी संस्था संघ का प्रतिनिधि
हिंदी साहित्य सम्मेलन - प्रयाग

15. श्री नन्दल हितैषी, सदस्य
67/45 छोटाबघाड़ा, प्रयाग, इलाहाबाद-211002 (उ.प्र.)
मो. नं. 9415286634
केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद द्वारा नामित सदस्य

16. श्री सुरेश तिवारी, सदस्य
एच-1202, आम्रपाली विलेज, न्याय खण्ड-2
(निकट काला पत्थर), इंदिरापुरम, गाजियाबाद -201014, उत्तर प्रदेश
सरकारी सदस्य

17. सचिव (कार्मिक) सदस्य

18. सचिव (प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा सचिव (पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग) सदस्य

19. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सदस्य

20. अपर सचिव (सेवाएं एवं सतर्कता) सदस्य

21. स्थापना अधिकारी और अपर सचिव सदस्य

22. संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण) सदस्य

23. संयुक्त सचिव (स्थापना) सदस्य

24. संयुक्त सचिव और मुख्य कल्याण अधिकारी सदस्य

25. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सदस्य

26.	निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी	सदस्य
27.	निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नई दिल्ली	सदस्य
28.	अध्यक्ष, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली	सदस्य
29.	निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली	सदस्य
30.	संयुक्त सचिव (प्रशासनिक अधिकरण एवं प्रशासन)	सदस्य -सचिव

2. कार्य

यह समिति केन्द्रीय हिंदी समिति और राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर निर्धारित नीतियों और मार्ग-निर्देशों के अनुसार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित मामलों में सलाह देगी ।

3. कार्यकाल

समिति का कार्यकाल इसके गठन की तारीख से निम्नलिखित बातों के अधीन सामान्यत: 3 वर्ष होगा :-

(क) जो संसद-सदस्य समिति के सदस्य हैं, वे संसद-सदस्य न रहने पर, इस समिति के सदस्य नहीं रहेंगे ;

(ख) जो संसद-सदस्य, संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य होने की हैसियत से इस समिति के सदस्य हैं, वे संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य न रहने पर इस समिति के सदस्य नहीं रहेंगे ;

(ग) समिति के पदेन सदस्य अपने पद पर कार्य करते रहने तक समिति के सदस्य रहेंगे; और

(घ) यदि किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने के कारण अथवा समिति की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के कारण कोई स्थान खाली हुआ, तो उस स्थान पर नियुक्त सदस्य, समिति के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए ही सदस्य रहेगा ।

4. सामान्य

समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

5. यात्रा तथा अन्य भत्ते

समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11/20034/4/86-रा.भा. (क-2) में निहित दिशा-निर्देशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा-संशोधित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता दिया जाएगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय राजभाषा समिति, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, समिति के सभी सदस्य और भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग को प्रेषित की जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचनार्थ यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

अर्चना वर्मा
संयुक्त सचिव

पंचायती राज मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 7 मार्च 2016

संकल्प

सं. ई.11015/1/2015-हिन्दी—राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. II /20015/45/87- रा.भा.(क-2) दिनांक 15.03.1988, 4.5.1989, कार्यालय ज्ञापन सं. II /20015/64/89-रा.भा. (क-2) दिनांक 11.01.90, कार्यालय ज्ञापन सं. II/20015/6/92-रा.भा.(क-2) दिनांक 10.06.1992 तथा का.ज्ञा. सं. II /20015/4/2000-रा.भा. (नीति-2) दिनांक 31.5.2000 के अनुसार तथा पंचायती राज मंत्रालय के समय-समय पर यथा संशोधित दिनांक 28/11/2011 के संकल्प संख्या ई-11015/1/2010-

हिंदी का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने एतद्वारा पंचायती राज मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। समिति का गठन, कार्य और कार्यकाल आदि निम्नानुसार होंगे :-

गठन

	मंत्री, (पंचायती राज)	अध्यक्ष
	राज्य मंत्री (पंचायती राज)	उपाध्यक्ष
	गैर सरकारी सदस्य	
	संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य लोकसभा से दो संसद सदस्य	
	लोक सभा से दो संसद सदस्य	
1.	डॉ. रविन्द्र कुशवाहा	सदस्य
2.	श्री मोहम्मद सलीम	सदस्य
	राज्य सभा से दो संसद सदस्य	
3.	श्री अमर शंकर साबले	सदस्य
4.	श्री परवेज हाशमी	सदस्य
	संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित दो संसद सदस्य	
5.	श्री ए. अनवर राजा, संसद सदस्य, लोक सभा	सदस्य
6.	श्री राम गोपाल यादव, संसद सदस्य, राज्य सभा	सदस्य
	केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, एक्सवाई-68	
	सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के प्रतिनिधि	
7.	श्री राम नरेश तिवारी	सदस्य
	797/1 सी, पिण्डी वासा भवन,	
	बाघम्बरी रोड, इलाहाबाद-211006	
	अखिल भारतीय हिन्दी संस्था संघ, सामुदायिक केन्द्र (दिल्ली नगर निगम) द्वितीय	
	तल, 10788-89 झंडेवालान रोड, नबी करीम, नई दिल्ली-110055 के प्रतिनिधि	
8.	श्री तेजस एस. ठकर,	सदस्य
	प्रधानाचार्य, पंचायतीराज तालीम केंद्र, शाद्रा	
	गुजरात विद्यापीठ, पोस्ट : शाद्रा	
	जिला : गांधीनगर-382320 (गुजरात)	
	पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नामित गैर-सरकारी सदस्य	
9.	श्रीमती गीता	सदस्य
	रीडर, भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय	
	सोनीपत (हरियाणा)	
10.	प्रा. च. संजीवा	सदस्य
	प्रोफेसर (से.नि.), हिन्दी विभाग, डीन (कला संकाय)	
	ककातिया विश्वविद्यालय	
	वारंगल (तेलंगाना)	
11.	डॉ. रामसजन पाण्डेय	सदस्य
	प्रोफेसर, हिन्दी विभाग	
	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय,	
	रोहतक (हरियाणा)	
12.	डॉ. भागाबन त्रिपाठी	सदस्य
	प्राचार्य, आस्का विज्ञान कॉलेज, आस्का, पत्रालय-नुआगॉव	
	गंजम (ओडिशा) -761111	

गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा नामित गैर-सरकारी सदस्य

13.	श्री तारेश, म.नं. 52, गांव किराड़ी, सुलेमान नगर, दिल्ली-110086	सदस्य
14.	श्री अभय कुमार, मार्ग सं. 6, राजीव नगर, पटना, बिहार-800024	सदस्य
15.	श्री अमित मोहन, 2, न्यू मार्किट, तिमारपुर, नई दिल्ली - 110054	सदस्य

सरकारी सदस्य

राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय)

16.	सचिव	सदस्य
17.	संयुक्त सचिव	सदस्य

पंचायती राज मंत्रालय

18.	सचिव	सदस्य
19.	अपर सचिव (ए.के.जी.)	सदस्य
20.	अपर सचिव (आर.एस.एस.)	सदस्य
21.	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार	सदस्य
22.	संयुक्त सचिव (आई.एस.सी.)	सदस्य
23.	संयुक्त सचिव (डी.के.एस.)	सदस्य
24.	संयुक्त सचिव (एस.एम.)	सदस्य
25.	निदेशक (सी.सी.)	सदस्य
26.	निदेशक (डी.के.)	सदस्य
27.	उप सचिव (के.एस.पी.)	सदस्य
28.	उप सचिव (डी.पी.)	सदस्य
29.	वरिष्ठ सलाहकार	सदस्य सचिव

कार्यक्षेत्र

2. समिति का कार्य केन्द्रीय हिन्दी समिति और राजभाषा विभाग द्वारा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में निर्धारित नीतियों को पंचायती राज मंत्रालय में कार्यान्वित करवाने के बारे में सलाह देना होगा।

कार्यकाल

3. समिति के सदस्यों का कार्यकाल साधारणत: इसके पुनर्गठन की तारीख से तीन वर्ष का होगा, बशर्ते कि :-

(क) जो संसद सदस्य समिति के सदस्य हैं, वे संसद सदस्य न रहने पर इस समिति के सदस्य नहीं होंगे।

(ख) समिति के पदेन सदस्य अपने पद पर बने रहने तक ही समिति के सदस्य रहेंगे।

(ग) किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने अथवा समिति की सदस्यता से त्याग पत्र दे देने के कारण खाली हुए स्थान पर मनोनीत सदस्य तीन वर्ष के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए ही सदस्य होंगे।

मुख्यालय

4. समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा, किन्तु समिति अपनी बैठक आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली से बाहर किसी स्थान पर भी कर सकती है ।

यात्रा भत्ता (टी. ए.) / दैनिक भत्ता (डीए) तथा अन्य भत्ते

5. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या-II/20034/04/2005 रा.भा. (नीति-2) दिनांक 03 फरवरी,2006 द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि चूंकि केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा गठित हिंदी सलाहकार समितियों में

नामित 15 गैर-सरकारी सदस्यों में 06 संसद सदस्य होते हैं, अत: यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता प्रावधान को अधिक स्पष्ट करते हुए निम्न प्रावधान किया जाता है:-

(क) समिति में नामित सांसदों को "संसद सदस्य (वेतन, भत्ता एवं पेंशन) अधिनियम, 1954" के प्रावधानों एवं समय-समय पर जारी किए गए संशोधनों तथा उनके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

(ख) समिति के अन्य गैर-सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन में संख्या-II/22034/04/86-रा.भा. (क-2) में निहित दिशा-निर्देशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित निर्धारित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता देय होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, राष्ट्रपति सचिवालय, उपराष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय राज भाषा समिति, नीति आयोग, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, निर्वाचन आयोग, संघ लोक सेवा आयोग और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, वेतन एवं लेखा अधिकारी, पंचायती राज मंत्रालय को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

रूगमिनि परमार
वरिष्ठ सलाहकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)
नई दिल्ली, दिनांक 15 जनवरी 2016

सं. 9-5/2001-यू3(ए)—जैसेकि, केन्द्र सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परामर्श पर उच्चतर शिक्षा की किसी संस्था को समवत विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत शक्तियां प्रदान की गई हैं;

2. और जैसेकि, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस) को यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत समवत विश्वविद्यालय का दर्जा (नवीन श्रेणी के अंतर्गत) प्रदान किए जाने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था;

3. और जैसेकि, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विशेषज्ञ समिति की सहायता से उपर्युक्त प्रस्ताव की जांच की थी और आयोग ने अपने दिनांक 4 अगस्त, 2015 के पत्र सं.24-1/2012 (सीपीपी-I) और बाद में 7 अक्टूबर 2015 और 23 दिसम्बर, 2015 के समसंख्यक स्पष्टीकरणों के अंतर्गत केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, चोगलाम्सर, लेह (लद्दाख), जम्मू और कश्मीर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत नवीन श्रेणी के अंतर्गत 05 वर्षों की अनंतिम अवधि के लिए 'समवत विश्वविद्यालय' का दर्जा प्रदान करने की सिफारिश की है;

4. अत:, केन्द्र सरकार, यूजीसी के परामर्श से यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा घोषित करती है कि केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, चोगलाम्सर, लेह (लद्दाख), जम्मू और कश्मीर उपर्युक्त अधिनियम के प्रयोजन हेतु पांच वर्ष की अवधि के लिए नवीन श्रेणी के अंतर्गत उस तारीख से, जब से सीआईबीएस अपने पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी और तिब्बतन औषध एवं ज्योतिष विभाग, धर्मशाला से अपनी संबद्धता समाप्त करता है, अनंतिम रूप से 'समवत विश्वविद्यालय' होगा। सीआईबीएस की समवत विश्वविद्यालय के रूप में घोषणा की पुष्टि यूजीसी विशेषज्ञ समिति(यों) की पांच क्रमिक वार्षिक कार्य-निष्पादन रिपोर्टों के आधार पर, पांच वर्ष बाद की जाएगी।

5. पैरा 4 में की गई घोषणा निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी:

I. यूजीसी विनियम (समवत विश्वविद्यालय संस्था) 2010, जिन्हें वर्ष 2014 और 2015 में संशोधित किया गया था और उसमें आगे किए गए संशोधन तथा यूजीसी के समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश सीआईबीएस पर बाध्यकारी होंगे।

II. उपर्युक्त 5(I) में किसी बात के होते हुए घोषणा आगे निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी:

(क) सीआईबीएस अपने संगम ज्ञापन (एमओए)/नियमावली को, जहां भी आवश्यक हो, यूजीसी/भारत सरकार के परामर्श और सहमति से संशोधित/अद्यतन कर सकेगा। केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस) भी भारत सरकार या यूजीसी द्वारा सुझाए गए संशोधनों/सुधारों, यदि कोई हों, को अपने संगम ज्ञापन (एमओए) में कर सकेगा।

(ख) सीआईबीएस किन्हीं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का संचालन नहीं करेगा।

(ग) सीआईबीएस यूजीसी और भारत सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना परिसर के बाहर/ परिसर में नए विभाग(गों) को नहीं खोल सकेगा या संचालित कर सकेगा।

(घ) सीआईबीएस को किसी कॉलेज(जों)/संस्थान(नों) को संबद्ध करने की भी अनुमति नहीं है।

(ङ) सीआईबीएस उच्च शिक्षा की फ्रैंचाइज़ी नहीं चलाएगा जिसकी किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं है।

(च) सीआईबीएस द्वारा संचालित किए जा रहे या संचालित किए जाने वाले शैक्षिक कार्यक्रम संगत सांविधिक परिषदों द्वारा निर्धारित मानकों और मापदंडों के अनुरूप होंगे।

(छ) सीआईबीएस, किन्हीं डिग्रियों जो यूजीसी द्वारा विनिर्दिष्ट नहीं है, जैसा भी मामला हो, को प्रदान नहीं करेगा। सीआईबीएस यह भी सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली डिग्रियां आदि के नाम यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 22 के अंतर्गत यूजीसी द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए हों।

(ज) छात्रों के प्रवेश, छात्रों की दाखिला क्षमता, नए पाठ्यक्रम/कार्यक्रमों की शुरूआत करने, पाठ्यक्रमों के अनुमोदन का नवीकरण आदि के मामलों से संबंधित संगत सांविधिक परिषदों और अन्य प्राधिकरणों के सभी निर्धारित मानक और प्रक्रियाएं लागू रहेंगी और सीआईबीएस द्वारा इनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाता रहेगा।

(झ) सीआईबीएस, यूजीसी की विशेषज्ञ समिति द्वारा अपनी संबंधित निरीक्षण रिपोर्ट में दर्शायी गई टिप्पणियों और सुझावों, यदि कोई हों तो, का अनुपालन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

प्रवीण कुमार
संयुक्त सचिव

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 मई 2016

संकल्प

सं. फा.4(2)/2014-हिंदी—संसदीय कार्य मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की सदस्य श्रीमती बिमला कश्यप सूद, संसद सदस्य के राज्य सभा से सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप हुई रिक्ति के स्थान पर श्री अमर शंकर साबले, संसद सदस्य (राज्य सभा) को समिति के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है।

आदेश

इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, लोक/राज्य सभा सचिवालय, नीति आयोग, संसदीय राजभाषा समिति, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और वेतन तथा लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल कार्य, नई दिल्ली को भेजी जाए।

इस संकल्प को जनसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाए।

सत्य प्रकाश
संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi the 26th January 2016

No. 32-Pres/2016—The President is pleased to award the President's Police Medal for Distinguished Service on the occasion of the Republic Day, 2016 to the under mentioned officers :—

1. SHRI K R M KISHORE KUMAR, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (RAILWAYS), HYDERABAD, ANDHRA PRADESH
2. SHRI G. RAJA KISHORE BABU, SUPERINTENDENT OF POLICE (NC), INTELIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH
3. DR YATENDRA KUMAR GAUTAM, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (CID), ULUBARI, GUWAHATI, ASSAM
4. SHRI ALOK RAJ, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL (LAW & ORDER), PATNA, BIHAR
5. SHRI JITENDRA KUMAR, SPECIAL SECRETARY, HOME DEPARTMENT, PATNA, BIHAR
6. SHRI MD SADIK ANSARI, ASSISTANT SUB INSPECTOR, PHQ PATNA, BIHAR
7. SHRI RAJESH KUMAR MISHRA, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (ADMINISTRATION), PHQ RAIPUR, CHHATTISGARH
8. SHRI SATYENDRA GARG, SPECIAL COMMISSIONER OF POLICE (LEGAL CELL AND RESEARCH), NCT OF DELHI
9. SHRI RAVI SHANKER, DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE (TRAINING HQ), PTC, JHARODA KALAN, NCT OF DELHI
10. SHRI RAMESH KUMAR, INSPECTOR, SOUTH-EAST DISTRICT, SARITA VIHAR, NCT OF DELHI
11. SHRI RANVIR SINGH, ADDITIONAL COMMISSIONER OF POLICE (OPS), NCT OF DELHI
12. SHRI RAMANLAL MAKWANA, INTELLIGENCE OFFICER, O/O DGP(INT), GANDHINAGAR, GUJARAT
13. SHRI MANOJ AGARWAL, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (LAW AND ORDER), GANDHINAGAR, GUJARAT
14. SHRI SUDHIR CHOWDHARY, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (PRISONS), PANCHKULA, HARYANA
15. SHRI SHATRUJEET SINGH KAPOOR, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (CID), PANCHKULA, HARYANA
16. SHRI PADAM DASS, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, CM SECURITY, SHIMLA, HIMACHAL PRADESH
17. SHRI HEMANT KUMAR LOHIA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (TECHNICAL SERVICE), JAMMU, JAMMU AND KASHMIR
18. SHRI GHULAM HASSAN BHAT, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE, CKR SRINAGAR, JAMMU AND KASHMIR
19. SHRI RAJ KUMAR MALLICK, INSPECTOR GENERAL (PROVISION) , RANCHI, JHARKHAND
20. SHRI SUNIL AGARWAL, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, NER KALABURAGI, KARNATAKA
21. SHRI PANDURANGA HADU RANE, COMMISSIONER OF POLICE, HUBBALI, DHARWAD CITY, KARNATAKA
22. SHRI K H JAGADISH, SUPERINTENDENT OF POLICE, KARNATAKA LOKAYUKTA, TUMAKURU DISTRICT, KARNATAKA
23. SHRI RAJESH DEWAN, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (TRAINING), THIRUVANANTHAPURAM, KERALA
24. SHRI B S MOHAMMED YASIN, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, COASTAL POLICE KOCHI, KERALA
25. SHRI GOVIND PRATAP SINGH, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL, CID, PHQ, BHOPAL, MADHYA PRADESH

26. SHRI RAVINDRA KUMAR GUPTA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, RAPTC, INDORE, MADHYA PRADESH

27. SHRI PRADEEP SINGH CHOUHAN, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE (TRAFFIC), INDORE, MADHYA PRADESH

28. SHRI SHEKH RAZAULLAH, INSPECTOR (BAND), 7TH BN SAF, BHOPAL, MADHYA PRADESH

29. SHRI ATULCHANDRA MADHUKAR KULKARNI, JOINT COMMISSIONER OF POLICE (CRIME), OFFICE OF THE COMMR OF POLICE, MUMBAI CITY, MAHARASHTRA

30. SHRI RAVINDRA GANESH KADAM, SPECIAL INSPECTOR GENERAL OF POLICE, NAGPUR RANGE, MAHARASHTRA

31. SHRI SHASHIKANT DATTATRAY SURVE, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE, COLABA DIVISION, MUMBAI CITY, MAHARASHTRA

32. SHRI NAGESH SHIVDAS LOHAR, ASSISTANT COMMISIONER OF POLICE, OFFICE OF THE COMMISIONER OF POLICE, THANE CITY, MAHARASHTRA

33. SHRI BISHAM DEV THAKUR, JEMADAR, MPTC, PANGEI, MANIPUR

34. SHRI DEBASIS PANIGRAHI, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (PERSONNEL), CUTTACK, ODISHA

35. SHRI LALIT DAS, SPECIAL SECRETARY (HOME DEPARTMENT), BHUBANESWAR, ODISHA

36. SHRI MOHAN LAL LATHER, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, POLICE HOUSING, POLICE HEADQUARTER, JAIPUR, RAJASTHAN

37. SHRI UTKAL RANJAN SAHOO, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, INTELLIGENCE, JAIPUR, RAJASTHAN

38. DR. M RAVI, IGP/CHIEF VIGILANCE OFFICER, TNCMPF LTD, CHENNAI, TAMIL NADU

39. SHRI G SAMBANDAM, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, SIC VIGILANCE AND ANTI CORRUPTION, CHENNAI, TAMIL NADU

40. SHRI ANJANI KUMAR, ADDITIONAL COMMISSIONER OF POLICE (LO), HYDERABAD CITY, TELANGANA

41. SHRI N SURYANARAYANA, DIRECTOR (VIGILANCE & ENFORCEMENT DEPARTMENT), HYDERABAD, TELANGANA

42. SHRI M SIVA PRASAD, JOINT COMMISSIONER OF POLICE, CAR HQRS, HYDERABAD, TELANGANA

43. SHRI ANURAG, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (LAW & ORDER), PHQ, AGARTALA, TRIPURA

44. SHRI BHAGIRATH PANDITRAO JOGDAND, INSPECTOR GENERAL (KARMIK), DG POLICE HQ, LUCKNOW, UTTAR PRADESH

45. SHRI BRAJ BHUSHAN, INSPECTOR GENERAL, ALLAHABAD ZONE, UTTAR PRADESH

46. SHRI PREM CHAND MEENA, INSPECTOR GENERAL (TECHNICAL SERVICES), UP JAWAHAR BHAWAN, LUCKNOW, UTTAR PRADESH

47. SHRI DURGA CHARAN MISHRA, INSPECTOR GENERAL, AGRA ZONE, UTTAR PRADESH

48. SHRI RAJESH K S RATHORE, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, RANGE BAREILLY, UTTAR PRADESH

49. SHRI SANJAY CHAUDHARY, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, MIRZAPUR, UTTAR PRADESH

50. SHRI GORAKHNATH YADAV, INSPECTOR, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH

51. SHRI GOPAL NATH GOSWAMI, INSPECTOR GENERAL (PM), POLICE HEADQUARTER, 12 SUBHASH ROAD, DEHRADUN, UTTARAKHAND

52. SHRI ANUJ SHARMA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (LAW AND ORDER), NABANNA HOWRAH, WEST BENGAL

53. SHRI SIDDH NATH GUPTA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (WESTERN ZONE), DURGAPUR, BURDWAN, WEST BENGAL

54. SHRI PRAVEER RANJAN, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, PUDUCHERRY

55. SHRI NARINDER SINGH JAMWAL, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, FTR HQ, MEGHALAYA, BORDER SECURITY FORCE

56. SHRI SURJEET SINGH DOGRA, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, CSWT, INDORE, BORDER SECURITY FORCE

57. SHRI HARMINDER PAL, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, FTR HQ M&C, MASIMPUR, BORDER SECURITY FORCE

58. SHRI NARAYAN DUTT BAHUGUNA, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, SHQ, JOWAI, MEGHALAYA, BORDER SECURITY FORCE

59. SHRI VIMAL SATYARTHI, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, STS, YELHANKA, BANGALORE, BORDER SECURITY FORCE

60. SHRI ANURAG GARG, JOINT DIRECTOR, DELHI ZONE, NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

61. SHRI RAJIV SINGH, JOINT DIRECTOR, NE ZONE, NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

62. SHRI N M SINGH, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, STF, NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

63. SHRI S S KISHORE, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, SC II NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

64. SHRI SANJAY KEWALKRISHAN SAREEN, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, ACB, GANDHINAGAR, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

65. SHRI SANDIP GHOSH, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, IPCC, NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION

66. SHRI PRAYATTUKUNNEL JOHNSON VARKEY, COMMANDANT, UNIT VSSC, THUMBA, CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE

67. SHRI UMESH DUBEY, DEPUTY COMMANDANTT, UNIT IGI AIRPORT, DELHI, CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE

68. SHRI PIYUSH ANAND, INSPECTOR GENERAL, ODISHA SEC, NAYAPALLI, HQ, BHUBNESHWAR, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

69. SHRI RAJENDRA PRASAD PANDEY, INSPECTOR GENERAL, DTE GENL, NEW DELHI, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

70. SHRI BHUPAT SINGH CHAUHAN, INSPECTOR GENERAL, ISA MOUNT ABU, RAJASTHAN , CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

71. DR. HIRA LAL RASKARAN, INSPECTOR GENERAL (MEDICAL), CH BANTLAB, JAMMU, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

72. DR. ARUN KUMAR SINHA, INSPECTOR GENERAL (MEDICAL), CH HYDERABAD, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

73. SHRI VARGHESE P.G., SECOND IN COMMAND, 236 B, ATTACHED WITH GC PUNE, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

74. SHRI RITHWIK RUDRA, JOINT DIRECTOR, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

75. DR MAHESH DIXIT, JOINT DIRECTOR, PATNA, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

76. SHRI PRAVEEN KUMAR, JOINT DIRECTOR, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

77. SHRI SOHAN SINGH, ASSISTANT DIRECTOR, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

78. SHRI DIWAKAR SINGH, ASSISTANT DIRECTOR, VARANASI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

79. SHRI PUNEET DEO MISHRA, ASSISTANT DIRECTOR, JAIPUR, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

80. SMT. NEETA MISHRA, DCIO, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS

